रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2020, आषाढ़ कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-129 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...



राष्ट्रीय विधि विवि में भी ओबीसी आरक्षण शून्य, मिली फटकार

■ राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने यूजीसी को कार्रवाई करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली/नवप्रदेश। कानून पढ़ाने वाले देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में ही कानून के पालन से आनाकानी की बात सामने आई है। देश में कक्षा 12वीं के बाद क्लैट परीक्षा के माध्यम से सीधे कानून की पढ़ाई का अवसर देने वाले एनएलआईयू भोपाल, एचएनएलयू रायपुर समेत 22 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में भी 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। इन विश्वविद्यालयों में प्रति वर्ष यूजी में 2500 व पीजी में 750 प्रवेश दिए जाते हैं। इन विश्वविद्यालयों में ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण शून्य है, जिसके कारण राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने इन विश्वविद्यालयों को फटकार लगाई है। और यूजीसी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर सुको का स्टे

एमपीपीएससी चयनित ओबीसी की 71 व एससी-एसटी की 21 महिला असिस्टेन्ट प्रोफेसरों के विरुद्ध आए जबलपुर हाईकोर्ट के फैसले के क्रियान्वयन पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस फैसले से आरक्षण नियम बचाने सक्रिय हुए संगठनों व नियमानुसार चयनित व जॉइन कर चुकीं आरक्षित वर्ग की 92 महिला असिस्टेंट प्रोफेसरों में खुशी की लहर है। उन्होंने प्रारंभ से इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित करने के लिए नवप्रदेश का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि एमपीपीएससी चयनित ओबीसी व एससी-एसटी की उक्त महिला प्रोफेसर के विरुद्ध जबलपुर हाईकोर्ट का फैसला याचिका क्रमांक 19126/2019 (पिंकी असाटी विरुद्ध म. प्र. शासन) पर 29.04.2020 को आया था। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के 3 जजों ने विशेष अनुमति याचिका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ एमपीपीएससी चयनित आरक्षित वर्ग की 92 महिला असिस्टेंट प्रोफेसर व विभिन्न संगठनों ने नव प्रदेश का जताया आभार

आज बेबाक

चीन को उसकी कायराना करतूत का खामियाजा तो भुगताना ही पड़ेगा। सरकार और सेना पर भरोसा रखना चाहिए कि वे 20 जवानों की शहादत का बदला लेकर रहेंगे। चीन के खिलाफ हम सब हिन्दुस्तानी भी जंग लड़ें। इसके लिए सीमा पर जाकर हथियार उठाने की जरूरत नहीं है। जिस तरह हम घर में बैठकर कोरोना के खिलाफ युद्ध लड़ रहे है, उसी तरह घर पर बैठ कर हम सिर्फ चीनी उत्पादों का बहिष्कार कर चीन की कमर तोड़ सकते है। चीन के उत्पाद के बहिष्कार के साथ ही हम चीनी चमचों से भी सामाजिक दूरी बनाएं, जो कोरोना से भी ज्यादा घातक है।

चीन के धोखे पर शुरू हुई भारत की 'जवाबी कार्रवाई'

भारतीय रेलवे ने चीनी कंपनी को दिए कॉन्ट्रैक्ट को किया कैंसल

नई दिल्ली/ए.। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत में चीन के बहिष्कार का अभियान जोर पकड़ रहा है। गुरुवार को तो भारत की ओर से चीन को उसके धोखे के लिए पहला परोक्ष जवाब भी मिल गया। भारतीय रेलवे ने चीन की कंपनी बीजिंग नेशनल रेलवे रिसर्च ऐंड डिजाइन इंस्टीट्यूट ऑफ सिग्नल ऐंड कम्युनिकेशन लिमिटेड को दिए कॉन्ट्रैक्ट को कैंसल कर दिया है। इस कंपनी को कानपुर-दीन दयाल उपाध्याय सेक्शन को बनाने का कॉन्ट्रैक्ट मिला था। यह करीब 417 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर है। चीन की कंपनी को रेलवे ने जून 2016 में यह कॉन्ट्रैक्ट 471 करोड़ में दिया था। पिछले चार सालों में केवल 20 फीसदी कामकाज हुआ है। उल्लेखनीय है कि गलवान घाटी में 15-16 जून की रात को हुए संघर्ष में एक कर्नल समेत 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए हैं। चीन की तरफसे भी बड़ी संख्या में सैनिकों के मारे जाने की रिपोर्ट हैं, हालांकि चीन ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

राहुल गांधी के सवाल पर बोले विदेश मंत्री- गलवान में निहत्थे नहीं थे हमारे सैनिक

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीनी सैनिकों के सामने भारतीय सैनिकों को निहत्थे भेजे जाने को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सवाल पर विदेश मंत्री ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल के सैनिकों को निहत्थे भेजे जाने की बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सैनिक पोस्ट छोड़ते ही हथियारों से लैस हो जाते हैं। गलवान घाटी में भी एक भी भारतीय सैनिक निहत्था नहीं था। हर सैनिक के पास हथियार थे, लेकिन समझौतों के मुताबिक वहां हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाना था और नहीं किया गया। राहुल गांधी के एक ट्वीट को रीट्वीट करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लिखा, 'हमें तथ्यों को ठीक से समझ लेना चाहिए। बॉर्डर ड्यूटी पर लगे सभी सैनिक हमेशा हथियार के साथ होते हैं, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डीओटी ने बीएसएनएल से कहा-चीन से बंद करे उपकरणों का आयात

दूरसंचार विभाग ने बीएसएनएल से कहा है कि वह चीन से उपकरणों का आयात बंद करे। डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशन ने बीएसएनएल से कहा था कि वह 4जी अपग्रेडेशन के लिए चाइनीज टेलिकॉम इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल नहीं करे। डीओटी ने कहा कि वह बीएसएनएल के 4जी अपग्रेडेशन का टेंडर कैंसल कर देगा और नए टेंडर में चीनी कंपनियों को बोली लगाने की इजाजत नहीं मिलेगी।

फूलने लगे चीन के हाथ-पांव

***नई दिल्ली/(वार्ता)।** लद्दाख की गलवान घाटी में चीन की अवैध घुसपैठ और भारतीय सैनिकों के साथ संघर्ष के बाद भारत में वहां के आयातित उत्पादों के बहिष्कार की चौतरफा आवाज बुलंद होने से चीन के हाथ-पांव फूलने लगे हैं और उसने वैश्विक महामारी कोविड-19 की दुहाई देकर इससे* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शहीद गणेश राम कुंजाम को सीएम ने दिया कंधा

■ राजधानी के माना एयरपोर्ट पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को राजधानी रायपुर के माना स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद जवान गणेश राम कुंजाम के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विमानतल पर शहीद कुंजाम को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री ने शहीद कुंजाम के पार्थिव शरीर को कांधा देकर विदाई दी। विमानतल से हेलीकाफ्टर से शहीद का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए उनके गृह ग्राम गिधाली कांकेर के लिए रवाना किया गया। ज्ञातव्य है कि लद्दाख में एलएसी पर चीनी सेना के साथ हुई हिंसक झड़प में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए। इस हिंसक झड़प में छत्तीसगढ़ के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शहीद के नाम पर रखा जाएगा स्कूल का नाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. कुंजाम ने देश के लिए शहादत दी है। ऐसे महान सपूत पर हम छत्तीसगढ़वासियों को गर्व है। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। हम सब देश के साथ है, सेना के साथ है और जवानों के साथ है। मुख्यमंत्री ने शहीद गणेश राम कुंजाम की स्मृति को अक्षुण बनाए रखने के लिए गांव की शाला का नामकरण उनके नाम पर करने की घोषणा की। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

46 डिस्चार्ज 82 नए कोरोना मरीज मिले

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में गुरुवार को 82 नए कोरोना मरीज मिले हैं। इनमें बलरामपुर से 22, बलौदाबाजार से 12, जांजगीर चांपा व रायपुर से 11-11, दुर्ग से 9, राजनांदगांव से 8, बिलासपुर से 4 कोरिया से 3 तथा कोरबा से 2 मरीज शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों से गुरुवार को स्वस्थ होने के उपरांत 46 लोगों को डिस्चार्ज भी कर दिया गया। इस तरह अब प्रदेश में कुल एक्टिव पॉजिटिव केस की संख्या 735 रह गई है। वहीं कोरोना संक्रमितों के कुल मामलों की बात करें तो यह आंकड़ा बढ़कर 1946 हो गया है। राज्य में अब तक कोरोना संक्रमण से 9 मौतें दर्ज की गई है। जबकि कुल 1202 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। कुल एक्टिव केस के मामले में रायपुर दूसरे नंबर पर कुल एक्टिव केस के मामले में रायपुर जिला अब दूसरे नंबर पर आ गया है। मीडिया बुलेटिन के मुताबिक अब राज्य में सर्वाधिक एक्टिव केस कोरबा जिले से 137 है, जबकि रायपुर जिले से यह आंकड़ा 93 है।

एयरफोर्स ने सरकार को भेजा 33 नए एयरक्राफ्ट खरीदने का प्रस्ताव

नई दिल्ली। चीन के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने 33 नए एयरक्राफ्ट खरीदने के लिए सरकार को एक प्रस्ताव दिया है। इनमें रूस के 21 मिग-29 और 12 Su-30 MKI एयरक्राफ्ट शामिल हैं।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	3,77,122	12,501
अमेरिका	2,245,568	120,160
ब्राजील	965,512	46,842
ब्रिटेन	300,469	42,288
इटली	238,159	34,514
फ्रांस	158,174	29,575
स्पेन	291,763	27,136
मैक्सिको	159,793	19,080
बेल्जियम	60,348	9,683
ईरान	197,647	9,272
जर्मनी	189,504	8,927
कनाडा	100,146	8,299
रूस	561,091	7,660
पेरु	240,908	7,257
नीदरलैंड	49,319	6,078
स्वीडन	56,043	5,053

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 34208.05
निफ्टी- 10091.65
गोल्ड- 47198 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 47764 (1 कि ग्रा.)

छग : वन नेशन वन राशन कार्ड योजना अगस्त से

■ खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने केंद्रीय खाद्यमंत्री पासवान को बताया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अगस्त माह से वन नेशन वन राशनकार्ड योजना लागू हो जाएगी। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय खाद्य मंत्री रामविलास पासवान से हुई चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में वन नेशन वन राशनकार्ड योजना आगामी अगस्त माह से शुरू की जाएगी। भगत ने केन्द्रीय खाद्य मंत्री से राज्य के बीपीएल परिवारों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पासवान ने पीडीएस सिस्टम की प्रशंसा की

केन्द्रीय खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने छत्तीसगढ़ राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का पीडीएस सिस्टम पूरे देश में अव्वल एवं अनुकरणीय है। पासवान ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत आगामी तीन महीने के लिए निःशुल्क खाद्यान्न आबंटन एवं प्रवासी श्रमिकों को जुलाई में भी निःशुल्क खाद्यान्न देने का प्रस्ताव विचाराधीन है। पासवान ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।

मणिपुर: संकट में भाजपा सरकार, 4 मंत्रियों समेत 9 विधायकों ने छोड़ा साथ

इंफाल/ए.। मणिपुर की भाजपा सरकार संकट में आ गई है। यहां भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में से 9 विधायकों ने या तो गठबंधन सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है या फिर पद से इस्तीफा दे दिया है। इनमें एनपीपी के चार मंत्री भी शामिल हैं। इस घटनाक्रम के बाद गुरुवार को राज्य के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्यपाल नजमा हेपतुल्ला से मुलाकात कर उनसे भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र जल्द बुलाने की अपील की। कांग्रेस के ओकराम इबोबी सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस व एनपीपी के विधायक राजभवन पहुंचे और अपनी मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद एनपीपी चीफ थांगमिलेन किपगेन ने मीडिया से कहा कि उन्होंने एन बिरेन सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संबंधी रेजोलुशन को स्वीकार किए जाने के लिए गवर्नर से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

रायगढ़ : एक और हाथी की मौत

■ मृत हाथी का नाम बताया जा रहा गणेश, छाल वन रेंज के बेहरामार की घटना

नव प्रदेश संवाददाता

रायगढ़। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में एक और दंतैल हाथी की मौत हो गई है। मृतक हाथी का नाम गणेश बताया जा रहा है। गणेश हाथी कई इलाके में लोगों की जान ले चुका था और कई घरों को तबाह कर चुका था। बीती रात छाल रेंज के बेहरामार गांव के किनारे वह विचरण कर रहा था। सुबह गांव में उसका शव बरामद हुआ। मौत की वजह क्या हो सकती है इसका पता नहीं चल सका है। हाथी की मौत की सूचना पाकर वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आधिकारिक सूत्रों के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मौके पर मिला कटहल, मौत पर संशय!

मौके पर कटहल मिला है, जिसे गणेश ने खाया है। उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। जिससे उसकी मौत की वजह साफ नहीं पाई है। इससे पहले भी धरमजयगढ़ के गेरसा गांव में 16 जून को एक हाथी की मौत हो गई थी। जिसकी मौत करंट की चपेट में आने से होना पाया गया था।

अनुसंधान › सबौर अर्धजल धान की एक किलो पैदावार के लिए चाहिए सिर्फ 1500 लीटर पानी

धान की नई किस्म देगी आधे पानी में भी भरपूर उत्पादन

नई दिल्ली/(वार्ता) जलवायु परिवर्तन, तापमान में वृद्धि और वर्षा की अनिश्चितता को ध्यान में रख कर अब केवल 1500 लीटर पानी में एक किलो धान की पैदावार देने वाली किस्मों की खेती पर जोर दिया जा रहा है। बिहार कृषि विश्वविद्यालय 1500 लीटर पानी में एक किलो पैदावार देने वाली किस्में विकसित करने पर जोर दे रहा है। सबौर अर्धजल किस्म की एक किलो धान की पैदावार के लिए केवल 1500 लीटर पानी की जरुरत होती है जबकि परम्परागत किस्म की एक किलो धान की पैदावार के लिए 3000 लीटर से 5000 लीटर पानी की जरूरत होती है। विश्वविद्यालय के निदेशक (प्रसार शिक्षा) आर के सोहेता और वैज्ञानिक एस पी सिंह ने बताया कि सबौर अर्धजल सूखा प्रतिरोधी किस्म है जो दाना बनने के पहले फूल आने के दौरान वर्षा नहीं होने के बावजूद 20 से 25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर धान की पैदावार देता है जबकि धान की अन्य किस्मों में इस परिस्थिति में पैदावार लेना असंभव होता है। बिहार सरकार के अलावा ओडिशा सरकार भी सबौर अर्धजल किस्म को बढ़ावा दे रही है।

प्रति हेक्टेयर 40-45 क्विंटल तक हो सकती है फसल

सबौर अर्धजल को 10 से 30 जून के बीच लगाया जाता है और इसकी खेती सामान्य धान की तरह आदर्श स्थिति में की जाती है तो यह 40 से 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की पैदावार देता है। यह किस्म 120 से 125 दिन में तैयार हो जाती है। इसका दाना लंबा और पतला होता है और यह चावल के साथ ही चूड़ा के लिए उपयुक्त है। इसका पौधा 110 से 120 सेंटीमीटर लंबा होता है जो पशु चारे के लिए उपयुक्त होता है।

फूल आते वक्त सूखा हो तो भी पैदावार

डॉ सिंह ने बताया कि सबौर हर्षित किस्म भी फूल आने के समय सूखा होने पर प्रति हेक्टेयर 20 से 25 क्विंटल की पैदावार देता है। सामान्य परिस्थिति में यह 40 से 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की पैदावार देता है। यह किस्म 120 से 125 दिन में तैयार होती है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य बना भारत

192 में से मिले 184 वोट

संयुक्त राष्ट्र/ (वार्ता)। भारत को बुधवार को निर्विरोध रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुन लिया गया। भारत को सुरक्षा परिषद की 15 सदस्यीय समिति के लिए एशिया-प्रशांत क्षेत्र से चुना गया है। भारत को 192 में से 184 वोट मिले। भारत 2021-22 तक सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य रहेगा। यह आठवीं बार है जब भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने भारत को भारी बहुमत के साथ वर्ष 2021-22 कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना है। भारत को 192 वैध मतों में से 184 वोट मिले।

गलवान घाटी में दिखा चीन का असली रंग, अब ड्रैगन पर भरोसा नहीं, भारत को मिले 10 सबक

नई दिल्ली (ए.)। गलवान घाटी में दिखा चीन का असली रंग, अब ड्रैगन पर भरोसा नहीं, भारत को मिले 10 सबकपूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी ने पिछले दिनों चीन का असली चेहरा देखा। जिस गलवान घाटी को लेकर कोई विवाद नहीं था कि वह भारत का हिस्सा है, चीन ने अब उसपर भी दावा ठोंक दिया है। पहली बार चीन की तरफसे आधिकारिक रूप से कहा गया कि गलवान घाटी उनकी सीमा में आती है जबकि ऐसा कभी नहीं था। यहां तक कि 1962 में भी चीनी गलवान घाटी से पहले अपनी क्लेम लाइन पर रुक गए थे। फिर 2020 में आकर उन्होंने इस घाटी में जो खूनी खेल खेला है, उससे भारत को जरूर कई सबक लेने की जरूरत है। सबसे बड़ा सबक ये कि चीन पर कभी भरोसा नहीं करना है। जो देश हफ्ते भर पहले हुए समझौते की ऐसी धज्जियां उड़ाए, उसपर भरोसा करना बेवकूफी होगी। ऐसे ही कुछ और सबक भारत को गलवान घाटी की घटना से सीखने चाहिए।

चीन की चाल भांपने में भारत से चूक

भारत ने ड्रैगन की चाल समझने में चूक कर दी। उसे लगा था कि चीन सैन्य समझौतों का पालन करेगा। 6 जून को मिलिट्री कमांडर्स लेवल मीटिंग में जो तय हुआ था, चीन उससे मुकर गया। चीन ने न सिर्फ भारत की जमीन पर कदम रखे, बल्कि बातचीत की जगह हिंसा का रुख अपना लिया। भारत चीन के इरादे नहीं भांप पाया और नतीजा सामने है।

पूरी तैयारी के साथ आया था चीन

चीन जिस तरह से बॉर्डर के पास साजोसामान जुटा रहा था, भारत को उसी वक्त समझ लेना चाहिए था कि उसके इरादे नेक नहीं। उसने पूर्वी लद्दाख में भारत के साथ युद्ध की पूरी तैयारी कर रखी थी। चीन ने भारत के साथ तय हुए डिसएंगेजमेंट प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया, जबकि भारतीय सेना उसपर डटी रही।

ट्रैक रिकॉर्ड बताता है चीन के इरादे

पिछले सात साल में चीन ने LAC पर कई जगह घुसपैठ की है। 2013 में डेपसांग, 2014 में चूमर, 2017 में डोकलाम और 2020 में पूर्वी लद्दाख। LAC तय न होना और चीन का अपने दावे बार-बार बदलना साफ दिखाता है चीन सीमा विवाद सुलझाना नहीं, बल्कि उसे जारी रखना चाहता है।

बातचीत से नहीं मानेगा चीन

15-16 जून की रात जो हुआ, उससे चीन का असली चेहरा फिर सामने आ गया। भारतीय सैनिकों ने PLA सैनिकों से बातचीत कर तनाव खत्म करना चाहा था, मगर चीन ने और फोर्स बुला ली। जब भारतीय सैनिकों को एहसास हुआ कि चीन के इरादे क्या हैं तो उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए निहत्थे ही चीन का सामना किया।

चीन समझ रहा यही है सही वक्त

चीन को लगता है कि हिमालयन रीजन में कब्जा करने का यही सही वक्त है। PLA ने हाल के दिनों में बॉर्डर के पास जिस तरह का आधुनिकीकरण किया है, भारतीय सेना उसे मैच करने की कोशिश कर रही है। चीन के पास पहाड़ी इलाकों में थोड़ा एडवांटेज है और यही उसके बर्बर व्यवहार की वजह है।



बुझ नहीं रही चीन की प्यास

गलवान घाटी में जहां चीन ने हमला किया, वह भारत का हिस्सा है। मगर पहली बार चीन ने उसपर दावा ठोंका है। यह चीन की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वह पहले उन इलाकों पर धीमे-धीमे कब्जा करता है जहां उसे विरोध के लिए कोई सेना नहीं मिलती। जब कब्जा हो जाता है तो उसपर दावा ठोंकना चीन की पुरानी आदत है। LAC पर चीन यही रणनीति अपना रहा है।

महामारी का फायदा उठाना चाहता है चीन

भारत समेत पूरी दुनिया का ध्यान इस वक्त कोरोना वायरस महामारी पर है। चीन, जहां से ये वायरस पूरी दुनिया में फैला, इस महामारी की आड़ में अपने निहित स्वार्थ को पूरा करना चाहता है। 1962 की जंग के लिए चीन के नेता माओ ने कहा था कि '30 साल की शांति खरीदने का वक्त' आ गया है। चीन 2020 में शायद उसी लाइन पर चल रहा है कि एक युद्ध और होगा तो भारत कम से कम 30 साल के लिए चुप हो जाएगा।

चीन के झांसे में अब न आए भारत

भारत को ये समझ लेना चाहिए कि चीन शांति नहीं चाहता। मौका मिलते ही वह गर्दन दबोचने से नहीं हिचकेगा। भारत को हिमालय की वादियों में मौजूद अपनी सीमाओं को सुरक्षित करना होगा चाहे उसके लिए पूरे बॉर्डर पर सेना क्यों न तैनात करनी पड़े। चीन के सामने झुकने का मतलब है कि उसकी हिम्मत और बढ़ेगी।

भारत अब क्या करे?

ले. जनरल एच एस पनाग (रिटा.) के मुताबिक, भारत को अब वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों की रणनीतिक समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस में लिखा है कि एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बनाने की जरूरत है। इसे संसद की स्क्रूटनी के दायरे में रखा जाना चाहिए।

सेना किसी से कम नहीं, पॉलिटिकल गाइडेंस की जरूरत

पिछले कुछ दशक में भारत ने अपनी सेना को अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया है। अब भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सबसे घातक सेनाओं में से होती है। LAC पर हुई हिंसा सरकार के लिए चेतावनी है कि वह अपने अप्रोच को बेहतर करे। एक इंच जमीन गंवाए बिना इस संकट को दूर करनपा बेहद जरूरी है, साथ ही भारत को अपना सम्मान भी बचाना है। विपक्ष, संसद, मीडिया और आम जनता को साथ लेकर सरकार आगे बढ़े तो देश एकजुट खड़ा नजर आएगा। हमारी सेना के पास वो क्षमता है कि PLA को तहस-नहस कर सकती है।

रथ यात्रा पर रोक, सुको ने कहा- इजाजत दी तो भगवान माफ नहीं करेंगे

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पुरी रथ यात्रा पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि जनहित और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए हम इस साल रथ यात्रा की अनुमति नहीं दे सकते। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शरद अरविंद बोबड़े ने सुनवाई के दौरान कहा, अगर हम इसकी इजाजत देते हैं तो भगवान जगन्नाथ हमें माफ नहीं करेंगे। महामारी के समय ऐसे आयोजन नहीं हो सकते हैं। लोगों के स्वास्थ्य के लिए आदेश ज़रूरी है। श्री जगन्नाथ मंदिर से यह यात्रा इस साल 23 जून से निकलनी थी। नौ दिन तक चलने वाली रथ यात्रा में हर साल 7 लाख से ज्यादा श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इस दौरान हजारों की संख्या में पुलिस और सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए यात्रा पर रोक लगाई गई है क्योंकि सोशल डिस्टेंसिंग फॉलो करा पाना संभव नहीं हो पाता। इससे पहले तय हुआ था कि श्रद्धालुओं के बिना 23 जून को रथ यात्रा निकाली जाएगी। भुवनेश्वर के एनजीओ ओडिशा विकास परिषद से सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका लगाई थी। याचिका में कहा गया था कि इससे कोरोना फैलने का खतरा बहुत ज्यादा है। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि अगर दीपावली पर पटाखे जलाने पर रोक लगाई जा सकती है तो रथ यात्रा पर क्यों नहीं। ओडिशा सरकार ने 30 जून तक सभी तरह के धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक लगा रखी है। ऐसे में मंदिर प्रबंधन में बिना श्रद्धालुओं के रथ यात्रा निकालने का फैसला कर लिया था। पूरी दुनिया में प्रसिद्ध पुरी की रथ यात्रा आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से शुरू होती है। भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ अलग-अलग रथों पर सवार होकर 'श्री गुंडिचा' मंदिर के लिए प्रस्थान करते हैं। नौ दिन तक चलने वाली इस रथ यात्रा के लिए तीन रथ बनते हैं। भगवान जगन्नाथ के लिए लाल और हरे का रथ बनता है जिसका नाम 'तालध्वज' होता है। सुभद्रा के लिए नीले और लाल रंग का 'दर्पदलन' या 'पद्म रथ' बनता है। भगवान जगन्नाथ की खातिर पीले और लाल रंग का 'नदीघोष' या 'गरुड़ध्वज' नाम का रथ बनाया जाता है। रथों का बनना अक्षय तृतीया से शुरू होता है। तटीय राज्य में अबतक कोरोना के 4,338 कन्फर्म केस सामने आ चुके हैं। ओडिशा में कोविड-19 से 11 लोगों की मौत हुई है जबकि 3,047 लोग ठीक हो चुके हैं। 1,280 केसेज अभी भी ऐक्टिव हैं और उनका इलाज चल रहा है।

सीमा विवादः चीन ने फिर दी धमकी, हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति को कम नहीं आंके भारत

- 20 भारतीय सैनिकों की निर्मम हत्या के बाद चीन अब भारत को सीधे-सीधे धमकाने पर उतारू
- चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भारत के सैनिकों ने आम सहमति को तोड़ा
- भारत वर्तमान स्थिति को गलत न समझे या हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति को कम न आंके

पेइचिंग (ए.)। लद्दाख की गलवान घाटी में 20 भारतीय सैनिकों की निर्मम हत्या के बाद चीन अब भारत को सीधे-सीधे धमकाने पर आ गया है। चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत के सैनिकों ने आम सहमति को तोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान स्थिति को गलत न समझे या अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता को सुरक्षित रखने की दृढ़ इच्छाशक्ति को कम न आंके।

हुआ चुनयिंग ने कहा, 'भारत के अग्रिम पंक्ति के सैनिकों ने आम सहमति को तोड़ा और वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार किया। जानबूझकर चीनी सैनिकों और अधिकारियों को उकसाया और उन पर हमला किया। इससे भीषण शारीरिक मुठभेड़ हुई और इसकी वजह से सैनिक मारे गए। भारत वर्तमान स्थिति को गलत न समझे या अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता को सुरक्षित रखने की दृढ़ इच्छाशक्ति को कम न आंके।'

'दोनों ही देश कूटनीतिक और सैन्य चैनलों से संपर्क में'

इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिन ने बुधवार को कहा था कि हिंसा की यह घटना चीन के एलओसी वाले क्षेत्र में हुई है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ही देश कूटनीतिक और सैन्य चैनलों से संपर्क में हैं। लिजिन ने कहा, 'यह बहुत स्पष्ट है कि चूंकि (हिंसा की घटना) चीनी वास्तविक नियंत्रण रेखा वाले इलाके में हुई है, इसलिए इसकी जिम्मेदारी चीन की नहीं बनती है। चीन और भारत दोनों ही कूटनीतिक और राजनयिक स्तर पर प्रासंगिक विषयों को सुलझाने के लिए निकट संपर्क में हैं।' इससे पहले भी मंगलवार को भी चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत को ही इस हिंसक घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

चीनी मीडिया ने दी पाक, नेपाल की धमकी

चीन ने दावा किया कि गलवान वैली इलाका 'हमेशा से ही' उसका रहा है लेकिन वह 'और ज्यादा हिंसा' नहीं चाहता है। चीनी प्रवक्ता ने चीन के 43 सैनिकों के हताहत होने की खबर पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'सीमा पर सैनिक इन मामलों को देख रहे हैं। मुझे अभी इस बारे में कुछ नहीं कहना है। सीमा पर स्थिति स्थिर और नियंत्रण योग्य है।'

'दोनों ही पक्षों के बीच गंभीर शारीरिक संघर्ष हुआ'

लिजिन ने मंगलवार को कहा था, 'भारतीय सैनिकों की कार्रवाई की वजह से दोनों ही पक्षों के बीच गंभीर शारीरिक संघर्ष हुआ। चीन ने भारतीय पक्ष से इस पर आपत्ति जताई है। हमने भारत से अनुरोध किया है कि वह अपने सैनिकों पर सीमा को पार करने पर कड़ाई से नियंत्रण रखे या एकतरफा कार्रवाई करने से बचे जो सीमा की स्थिति को और ज्यादा जटिल बना सकता है।'

'भारत अपनी बात पर कायम नहीं रहा'

इस बीच चीनी सेना पीएलए ने एक बयान जारी करके 6 जून को हुई आम सहमति का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भारत अपनी बात पर कायम नहीं रहा। पीएलए ने गलवान वैली को अपना बताते हुए कहा, 'गलवान वैली पर हमेशा से ही चीन का कब्जा रहा है।' पीएलए ने आरोप लगाया कि भारतीय सैनिकों ने 'जानबूझकर उकसाने वाले हमले किए' जिस कारण 'गंभीर संघर्ष हुआ और सैनिक हताहत हुए।'

मरीजों के इलाज के लिए इस महीने के अंत तक रेमडेसीवीर के मिलने की संभावना

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में बड़ा हथियार माने जा रहे रेमडेसीवीर के इस महीने के अंत तक मार्केट में पहुंच जाने की उम्मीद है। भारतीय ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने हाल ही में कोरोना मरीजों के लिए इमर्जेंसी केस में इस दवा के उपयोग की अनुमति दी थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत में ही तैयार रेमडेसीवीर जल्द ही उपलब्ध होगा। 'रेमडेसीवीर' इंजेक्शन एंटी वायरल इंजेक्शन है। यह इंजेक्शन SARS और MERS-CoV जैसी बीमारी के लिए पर कारगर साबित हुआ है, इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक बहुत संभावना है कि यह कोरोना पर भी असरकारक साबित होगा। भारतीय ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया, वीजी सोमानी ने कुछ दिनों पहले ही कोरोना के इलाज के लिए रेमडेसीवीर के उपयोग की अनुमति दे दी थी। यह जानकारी हेल्थ मिनिस्ट्री के जॉइंट सेक्रेट्री लव अग्रवाल ने दी थी। हालांकि डीसीजीआई की तरफसे इस बात को पूरी तरह साफकिया गया है कि रेमेडिसिवर का उपयोग केवल आपातकालीन स्थिति में ही किया जा सकता है।

मरीजों में हुआ इंप्रूवमेंट

मरीजों पर किए गए तुलनात्मक अध्ययन में यह देखा गया कि जिन मरीजों को सिर्फ स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट दिया जा रहा है, उनकी तुलना में उन मरीजों में अच्छा इंप्रूवमेंट हुआ है, जिन्हें स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट के साथ रेमडेसीवीर की डोज लगातार 5 दिन तक दी गई। इस दवा का कोर्स 5 दिन का है।

इबोला के लिए तैयार हो रही थी दवा

रेमडेसीवीर दवाई का ट्रायल इबोला वायरस के इलाज को ध्यान में रखकर किया जा रहा था। लेकिन यह दवा इबोला के उपचार में किए गए क्लिनिकल ट्रायल को पास नहीं कर पाई थी। इसके चलते इस दवाई को इबोला ट्रीमेंट के लिए उपयोग नहीं किया जा सका।

नेपाली संसद ने विवादित नक्शे को दी मंजूरी, भारत की आपत्ति दरकिनार

- नेपाल की संसद के उच्च सदन नैशनल असेंबली ने देश के विवादित राजनीतिक नक्शे को मंजूरी दे दी
- गुरुवार को पेश किए गए संविधान संशोधन विधेयक को नैशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से अपनी मंजूरी दी
- एनसीपी के नेता दीनानाथ शर्मा ने कहा कि लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को लौटाने को कहा

काठमांडू (ए.)। भारत की आपत्ति को दरकिनार करते हुए नेपाल की संसद के उच्च सदन नैशनल असेंबली ने देश के विवादित राजनीतिक नक्शे को लेकर गुरुवार को पेश किए गए संविधान संशोधन विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इस दौरान नैशनल असेंबली में सत्ताधारी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के संसदीय दल के नेता दीनानाथ शर्मा ने कहा कि भारत ने लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पर अवैध रूप से कब्जा किया है और उसे नेपाली जमीन को लौटा देना चाहिए। नेपाल के नए नक्शे के समर्थन में नैशनल असेंबली में 57 वोट पड़े और विरोध में किसी ने वोट नहीं डाला। इस तरह से यह विधेयक सर्वसम्मति से नैशनल असेंबली से पारित हो गया। नैशनल असेंबली में वोटिंग के दौरान संसद में विपक्षी नेपाली कांग्रेस और जनता समाजवादी पार्टी- नेपाल ने संविधान की तीसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सरकार के विधेयक का समर्थन किया।

395 वर्ग किलोमीटर के भारतीय इलाके को अपना बताया

भारत के साथ सीमा गतिरोध के बीच इस नए नक्शे में लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल ने अपने क्षेत्र में दिखाया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्री शिवमाया थुम्भांगफे ने देश के नक्शे में बदलाव के लिए संसद में संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए इसे पेश किया था। इस नए नक्शे में नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा के कुल 395 वर्ग किलोमीटर के भारतीय इलाके को अपना बताया है। भारत ने नेपाल के इस कदम पर आपत्ति जताते हुए नक़्शे को मंजूर करने से इनकार किया है और कहा है की यह सिर्फ राजनीतिक हथियार है जिसका कोई आधार नहीं है।

राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा विधेयक

नेशनल असेंबली से विधेयक के पारित होने के बाद अब इस विधेयक को राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद इसे संविधान में शामिल किया जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद नए नक्शे का सभी आधिकारिक दस्तावेजों में इस्तेमाल होगा। एक कैबिनेट बैठक में 18 मई को नए राजनीतिक नक्शे का अनुमोदन किया गया था। सरकार ने बुधवार को विशेषज्ञों की एक नौ सदस्यीय समिति बनाई थी जो इलाके से संबंधित ऐतिहासिक तथ्य और साक्ष्यों को जुटाएगी।

विशेषज्ञों ने सरकार के कदम पर उठाए सवाल

कूटनीतिज्ञों और विशेषज्ञों ने सरकार के इस कदम पर सवाल उठाते हुए कहा कि नक्शे को जब मंत्रिमंडल ने पहले ही मंजूर कर जारी कर दिया है तो फिर विशेषज्ञों के इस कार्यबल का गठन किस लिए किया गया? भारत और नेपाल के बीच रिश्तों में उस वक्त तनाव दिखा जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आठ मई को उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे को धारचुला से जोड़ने वाली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 80 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन किया। नेपाल ने इस सड़क के उद्घाटन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दावा किया कि यह सड़क नेपाली क्षेत्र से होकर गुजरती है। भारत ने नेपाल के दावों को खारिज करते हुए दोहराया कि यह सड़क पूरी तरह उसके भूभाग में स्थित है।

संजय झा ने पूर्व पीएम नेहरू का जिक्र कर पार्टी पर फिर साधा निशाना

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस में प्रवक्ता पद से हटाए गए संजय झा ने एक बार फिर पार्टी पर निशाना साधा है। पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू का जिक्र कर झा ने पार्टी नेतृत्व पर वार किया है। बता दें कि झा ने एक लेख में पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उन्हें प्रवक्ता पद से हटा दिया। झा ने आज एक ट्वीट कर कहा, 'एक बार पंडित नेहरू ने एक न्यूजपेपर में अपने ही खिलाफ एक आलोचना लिखी थी और सरकार को तानाशाह की ओर बढ़ने को लेकर चेताया था। यही असली कांग्रेस है, लोकतांत्रिक, उदारवादी, सहिष्णु, सबको साथ लेकर चलने वाली। हम उन वैल्यू को पीछे छोड़ चुके हैं। क्यों?अभी भी पार्टी का निर्भिक सिपाही।' इस बीच, पार्टी की ओर से जारी बयान के मुताबिक अभिषेक दत्त और साधना भारती को कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि झा ने पिछले दिनों एक लेख के माध्यम से पार्टी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है। उधर, कांग्रेस ने कर्नाटक विधान परिषद चुनाव के लिए बीके हरि प्रसाद और नसीर अहमद को अपना उम्मीदवार बनाया है।

■ न्यूज गैलरी

रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर सीएम ने किया नमन

रायपुर। रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नमन किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि झांसी की रानी ने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वे सच्चे अर्थों में वीरांगना थीं, चरित्र अनुकरणयी होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई शौर्य और नारी शक्ति का प्रतिमान है, उनका व्यक्तित्व केवल महिलाओं के लिए ही नहीं पूरे समाज तथा देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

चबूतरा निर्माण के लिए 22.43 लाख मंजूर

रायपुर। नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया की पहल पर आरंग विकाखण्ड के दो गांवों में चबूतरा निर्माण के लिए 22 लाख 43 हजार रूपए की मंजूरी मिली है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत धान खरीदी केन्द्रों में यह चबूतरा का निर्माण किया जाएगा। आरंग के ग्राम खोरसी में धान खरीदी केन्द्र में चबूतरा निर्माण के लिए 14 लाख 43 हजार रूपए और ग्राम सेजा में मंडी प्रांगण में चबूतरा निर्माण के लिए 8 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों की स्वीकृति पर ग्रामीणों और किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पंडित माधवराव सप्रे जयंती पर सेमीनार कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ मित्र और पंडित माधवराव सप्रे साहित्य एवं शोध संस्थान केंद्र द्वारा पंडित माधवराव सप्रे का जयंती समारोह दो दिवसीय 20 जून को मनाया जाएगा। उक्त आयोजन में 20 जून को दोपहर 12 बजे से अंतरराष्ट्रीय सेमीनार एवं लघु कथा पाठ का उपस्थित साहित्यकार प्रस्तुत करेंगे। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा प्रोफेसर एवं समीक्षक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन मप्र होंगे। जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मैक्सीम दैमचेन्को प्रोफेसर मास्को रूस एवं विशिष्ठ अतिथि सुश्री विलिन रेड्रिगो लोक कलाकार एवं हिंदी साहित्यसेवी श्रीलंका एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रकुमार जैन दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव करेंगे। उक्त जानकारी साहित्य शोध संस्थान के संयोजक डॉ. सुधीर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सारस्वत प्रसंग पर अधिक से अधिक साहित्यकारों को सहभागिता निभाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अपील की गई है।

बेटे ने मां के सिर पर किया डंडे से हमला

रायपुर। नया रायपुर के ग्राम राखी में एक कलयुगी बेटे ने किसी बात को लेकर अपनी मां के सिर पर डण्डे से मारकर घायल कर दिया। राखी थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम राखी निवासी आरोपी कोमल धीवर का किसी बात को लेकर बुधवार शाम को 6.30 बजे घर में अपनी मां से विवाद हो गया। विवाद के दौरान कोमल ने गुस्से में आकर अपनी मां से गाली-गलौच करते हुए उसके सिर पर डण्डे से वार कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी कोमल के पिता पुरानिक धीवर ने थाने में घटना की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गैस सिलेण्डर, फोन, घड़ी की चोरी

रायपुर। शहर के पुरानी बस्ती थानांतर्गत खोखापारा स्थित एक घर की गैलरी में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने दो नग गैस सिलेण्डर, एक मोबाईल फोन व एक हाथ घड़ी चोरी कर ले गये। घटना 15-16 जून की दरम्यान रात की है। खोखापारा में प्रार्थी विकास मिश्रा के पिता विजय मिश्रा का घर है। घटना वाली रात में अज्ञात चोर घर की गैलरी में प्रवेश कर वहां रखे दो नग इण्डेन कंपनी का गैस सिलेण्डर, एक सेमसंग कंपनी का मोबाईल फोन ओर एक हाथ घड़ी चोरी कर ले गये। चोरी गए सामानों की कुल कीमत लगभग 17 हजार 5 सौ आंकी गई है।

इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन का कार्य वास्तव में एक मानवीय कार्य

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ चेप्टर का किया शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन के छत्तीसगढ़ चेप्टर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह प्रारंभ होने से प्रदेश में डायबिटिक फुट से ग्रसित मरीजों को इलाज में विशेष सुविधा मिलेगी। साथ ही इस बीमारी के प्रति आम लोगों में जागरूकता भी आएगी। इससे इस बीमारी के मरीज पैर खोने से बच जाएंगे। यह वास्तव में मानवीय कार्य है। इसके लिए इस संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुरी और छत्तीसगढ़ चेप्टर के चेयरमेन डॉ. सुनील कालड़ा को विशेष रूप से बधाई देती हूं। यह कार्य इलाज करने के साथ-साथ लोगों को नया जीवन प्रदान करने जैसा है।

राज्यपाल ने कहा कि इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन विशेष रूप से डायबिटिक फुट पर केन्द्रित होकर कार्य करता है, मधुमेह के रोगियों को इसके प्रति जागरूक करता है और उनका इलाज भी करता है। इस संस्था में चिकित्सा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं, जो मिलकर डायबिटिक फुट की बीमारी से ग्रस्त होने से रोकते हैं साथ ही उन्हें गंभीर स्थितियों से भी रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागमभाग की जीवन शैली तथा आनुवांशिक कारणों के कारण डायबिटिज की बीमारी आम होती जा रही है। एक अध्ययन के अनुसार भारत देश में करीब 5 से 6 करोड़ लोग मधुमेह रोग से पीड़ित हैं। बताया जाता है कि इसके कारण ही हर साल करीब एक लाख मधुमेह रोगी अपना पैर खो देते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार अधिकतम मधुमेह के रोगियों को इस स्थिति की जानकारी नहीं होती और वे अपने पैरों की नियमित जांच भी नहीं कराते।

राज्यपाल ने कहा कि डॉ. कालड़ा छत्तीसगढ़ में कई वर्षों से डायबिटिक फुट के बारे में आम लोगों को जागरूक कर रहे हैं और उनका इलाज कर रहे हैं। मैं इनके लिए उन्हें धन्यवाद देती हूं। आज मेडिकल साइंस निरंतर उन्नति कर रहा है। चिकित्सा से जुड़े समस्या की हर पहलु की माइक्रो स्टडी की जा रही है और उनमें शोध किये जा रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज संभव हो पा रहा है। आवश्यकता है लोगों को जागरूकता की। राज्यपाल ने आम जनता से आग्रह करते हुए कहा कि वे जागरूक रहें, किसी भी बीमारी से घबराए नहीं, उसका इलाज कराएं और चिकित्सक के निर्देशों का पालन करें। कोरोना काल में डायबिटिक जैसे बीमारियों से ग्रसित मरीजों को अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। उनके लिए सावधानी ही सुरक्षा है।

इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ए.पी.एस. सूरी ने कहा कि हमारे देश में कई नई तकनीक ईजाद हो गई है जिससे डायबिटिक फुट का इलाज किया जा रहा है। इस चेप्टर के यहां शुभारंभ से छत्तीसगढ़ के गांव-गांव तक इसकी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। डॉ. सुनील कालड़ा ने कहा कि अब तक इस चेप्टर का 11 राज्यों में शुभारंभ हो चुका है और यह छत्तीसगढ़ में शुरू हो रहा है। यह चेप्टर निश्चित ही यहां पर मील का पत्थर साबित होगा। इससे डायबिटिक फुट के मरीज अपनी नियमित जांच करा पाएंगे और दवाईयां उपलब्ध हो पाएंगी। डॉ. राका शिवहरे के अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस चेप्टर का प्रारंभ करने का उद्देश्य मानव सेवा करना है।

निजी स्कूल प्रबंधन पालकों से यदि फीस लिए तो खैर नहीं

■ शिकायत सही पाए जाने पर होगी त्वरित कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। निजी शालाओं द्वारा लॉकडाउन की अवधि में भी पालकों से फीस जमा किए जाने संबंधी मैसेज भेजे जाने, पालकों की बैठक लिए जाने की जानकारी पर जिला प्रशासन के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि इस तरह की शिकायत सामने आएगी तो संबंधित शाला के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

ज्ञात हो कि कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर राज्य की सभी शैक्षणिक संस्थानों यहां तक की ट्यूशन आदि पर भी रोक लगाई गई है। स्कूल खोलने अथवा नहीं खोलने पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। पूर्व में भी शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट कर दिया था कि जून माह के अंतिम सप्ताह में परिस्थितियों के आंकलन, वरिष्ठ अधिकारियों से सलाह के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। अधिकारियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर निष्कर्ष निकाला जाएगा और इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दिया जाएगा। इधर लॉकडाउन की अवधि में कुछ निजी शालाओं द्वारा ऑनलाइन पढ़ाई कराए जाने के एवज में अब पालकों से फीस जमा कराए जाने की सूचनाएं आ रही हैं। कुछ स्थानों से यह भी सूचना है कि निजी शाला प्रबंधन द्वारा पालकों के मोबाइल में बकायदा फीस जमा करने के लिए मैसेज किया जा रहा है। इस तरह की सूचनाएं जिला शिक्षा अधिकारी के साथ ही जिला प्रशासन तक भी पहुंची है। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए डीईओ ने स्पष्ट किया है कि यदि लॉकडाउन की अवधि में किसी भी निजी शाला द्वारा फीस वसूली की गई तो संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सीधे कार्यवाही होगी।

सोशल डिस्टेसिंग का बाजारों में नहीं हो रहा पालन, कोरोना की चपेट में शहर आया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विश्व व्यापी कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए सोशल मीडिया चिकित्सकगण एवं लोकस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लगातार समझाइश दी जा रही है। बावजूद इसके शहर के प्रमुख बाजारों गोल बाजार, सदर बाजार, एमजी रोड, रामसागर पारा, पुरानी बस्ती, फाफाडीह सहित अन्य बाजारों में सुबह से लेकर रात तक लोगों की भीड़ दुकानों में दिखाई दे रही है। आम नागरिक बाजार में खरीददारी के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे हैं। डॉ. आरडी अग्रवाल, डॉ. संगीता तिवारी, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. मीनाक्षी तारे एवं डॉ. चंद्रमणी तिवारी ने कोरोना की चपेट में शहर के अधिकांश हिस्से आने पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने की अपील की है। लंबे लाकडाउन के बाद खुले बाजार में अपना घाटा पूरा करने के लिए दुकानदार भी लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के लिए खरीददारी के वक्त निर्धारित दूरी बनाने के लिए नहीं कह रहे हैं। पास-पास खड़े रहकर खरीददारी करना कोरोना संक्रमण के फैलाव की आने वाले समय में बड़ी वजह बन सकता है। वहीं एम्स हास्पिटल में कार्यरत डॉ. चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने भी मरीजों की बढ़ती संख्या के आधार पर लोगों से अति आवश्यक काम होने पर ही घर से निकलने की अपील की है।

होम क्वारंटाईन का उल्लंघन मां-बेटी पर मामला दर्ज

रायपुर। होम क्वारंटाईन का उल्लंघन करते हुए घर के बाहर घूमना-फिरना एक महिला और उसके बेटी को महंगा पड़ा। पुलिस ने मां-बेटी दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खम्हारडीह थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईलाट स्ट्रीट गोल्डन होम कचना निवासी सोनम अग्रवाल एवं उसकी मां को होम क्वारंटाईन में रहने की हिदायत दी गई है। इस हिदायत के बावजूद दोनों मां-बेटी जिला दण्डाधिकारी के आदेशों की अवहेलना कर घर से बाहर निकलकर घूम-फिर रही थी।

शहर में कहीं भी जलभराव न हो इसका रखें विशेष ध्यान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में इस वर्ष यदि किसी भी जोन के अंतर्गत जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी तो इसके लिए सीधे-सीधे जोन कमिश्नर को ही जिम्मेदार माना जाएगा। जल भराव न हो, इसके लिए अभी से समुचित उपाए किया जाए। वहीं बारिश के दौरान किसी भी गरीब को खाद्यान्न की कमी न हो, इसके लिए भी व्यवस्था की जाए।

यह कहना है कि महापौर एजाज ढेबर का, निगम अधिकारियों के साथ संपन्न हुई बैठक में महापौर श्री ढेबर ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में सीधा कहा कि काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वर्तमान में मानसून राज्य में पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। विगत वर्षों में भी शहर के विभिन्न इलाकों से जलभराव की सूचनाएं मिलती रहीं है। इस वर्ष इस तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए जोन कमिश्नर अभी से अपने-अपने इलाकों में इसकी मॉनीटरिंग शुरू कर दें। बड़े नाले व नालियों की समुचित सफाई, जल निकासी की उचित व्यवस्था अभी से कराया जाए ताकि शहर में भारी वर्षा की स्थिति में जल निकासी की सुगम व्यवस्था हो सके और किसी भी इलाके में जलभराव की समस्या ही उत्पन्न न हो सके। भारी बारिश के दौरान रोजी-मजदूरी कर खाने-कमाने वालों को भी किसी भी से खाद्यान्न की कमी न हो। इस बात की सुनिश्चितता भी जोन कमिश्नर अभी से कर लें। चालू बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को खाद्यान्न के पैकेट तैयार करके रखने तथा गरीबों व अत्यंत गरीबों को फौरी तौर पर मदद करने का भी निर्देश दिया है।

मोदी को नीचा दिखाने के लिये विष्णुदेव साय ने साधा राहुल गांधी पर निशाना : कांग्रेस

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु देव साय के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि मोदी जी 9 बार चीन गये। 05 बार प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी चीन गये। 4 बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी जी चीन गये। 18 मुलाकातें मोदी जी की शी जिनपिंग से हुई है।

राहुल गांधी से चीनी राजदूत की मुलाकात की जानकारी मांगने वाले विष्णुदेव साय बतायें कि इन मोदी और शी जिनपिंग की 18 मुलाकातों में क्या हुआ? मोदी जी अपने भाषणों में कहा है मेरे और शी जिनपिंग के संबंध दो देशों के संबंधों से अलग निजी संबंध है। दो देशों के संबंध कूटनीतिक संबंध होते है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूछा है कि विष्णु देव साय बतायें कि मोदी और शी जिनपिंग के निजी संबंधों का क्या आधार था? मोदी जी ने इन निजी संबंधों से क्या पाया क्या खोया? चीन की कंपनी शंघाई टनल इंजिनियरिंग कंपनी एसटीईसी ने दिल्ली मेरठ रोड की अशोक नगस्टो साहिनबाद तक 5.6 किमी की भूमिगत टनल परियोजना का ठेका दिया गया। जबकि भारत की लासेन कण डुब्रो, टाटा प्रोजेक्टस लिमिटेड की एफक्रान्स जैसी कंपनियां इसमें बिडर थी। मोदी जी ने 3000 करोड़ की सरदार पटेल की मूर्ति चीन से बनवाई। मोदी जी ने महान देशभक्त नेता सरदार पटेल की प्रतिमा उस देश से बनवाई जिसका गद्दारी का इतिहास है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूछा है कि मोदी जी और भाजपा सरकार चीन से आयात बंद क्यों नहीं करती? चीन से सामान अपने आप उड़कर तो नहीं आयेगा। भाजपा और मोदी का चीन को लेकर दोहरा चरित्र बेनकाब हो गया है। हर नाकामी का ठीकरा विपक्ष के माथे पे फोड़कर और विपक्ष के सवालों पर मोदी जी का मौनी बाबा बन जाना स्पष्ट करता है कि देश मजबूत हाथों में नहीं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूछा है कि विष्णुदेव साय भाजपा द्वारा नकारे हुये नेता है। जिस व्यक्ति को मोदी ने टिकट देने के लायक नहीं समझा वह राहुल गांधी पर आरोप लगाने के पहले अपनी हैसियत तो नाप ले।

सुखद अगले सप्ताह दावेदारों के नामों की छंटनी कर नाम सार्वजनिक कर दिया जाएगा

निगम-मंडलों में स्थान पाने दावेदारों में मची होड़

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के विभिन्न निगम-मंडलों में रिक्त पदों का रास्ता खुलते ही दावेदारों में पद लेने के लिए होड़ मच गई है। इधर कांग्रेस के बड़े नेता भी अपने समर्थकों को नियुक्ति दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह दावेदारों के नामों की छंटनी कर नाम सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

कांग्रेस सूत्रों ने की माने तो आने वाले एक सप्ताह के भीतर निगम-मंडलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नाम सार्वजनिक कर दिया जाएगा। इधर दावेदारों द्वारा अपने-अपने नेताओं के माध्यम से विभिन्न निगमों और मंडलों में कुर्सी पाने के लिए आवेदनों जमा कराने का दौर भी शुरू हो गया है। वर्तमान में जमा हो रहे आवेदनों के अतिरिक्त भी पहले से हजारों की संख्या में दावेदारों का आवेदन जमा हो चुका है। लेकिन विभिन्न चुनावों के चलते इन आवेदनों पर कोई विचार नहीं हो सका था। जमीनी स्तर पर काम कर रहे कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिख रहे हैं कि उन्हें लंबे इंतजार का फल मिलने वाला है। वहीं बड़े नेताओं के समर्थक और विश्वासपात्र कार्यकर्ता इस उम्मीद में हैं कि उनके नेता उन्हें कुर्सी दिलाने में सफल रहेंगे। इसी उत्साह में इन दिनों कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रियता भी बढ़ा दी है। हालांकि कांग्रेस के लिए हजारों आवेदनकर्ताओं में से चुनिंदा नाम छांटना आसान भी नहीं है, नाम कटने वाले कार्यकर्ता निश्चित रूप से नाराज भी होंगे। राज्य में कई निगम-मंडल अध्यक्ष के पद कैबिननेट स्तर के तो कई राज्यमंत्री दर्जे के हैं, ऐसे में अधिकांश कार्यकर्ता किसी न किसी तरह से कुर्सी तक पहुंचना भी चाहते हैं।

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पीएल पुनिया ने भी बैठक में स्पष्ट कर दिया था कि अब निगम-मंडलों में अध्यक्ष पद की नियुक्ति में देर नहीं होगी, पीसीसी द्वारा प्राप्त सूची को आलाकमान के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, आलाकमान से हरी झंडी मिलते ही नियुक्ति कर दी जाएगी।

बेटियों की शिक्षा के लिए दानी स्कूल को रायपुर स्मार्ट सिटी बना रहा हाईटेक

सुविधायुक्त भवन के साथ खेल के लिए बनाया जाएगा आकर्षक सिंथेटिक ट्रैक

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर की पहल पर रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम, स्कूल शिक्षा विभाग के साथ मिलकर अंचल की बेटियों की शिक्षा के लिए ख्यातिलब्ध राजधानी के जेआर दानी स्कूल का कायाकल्प कर रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री सौरभ कुमार के अनुसार इस स्कूल के नए कलेवर में आने के बाद शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल-कूद से जुड़ी सुविधाओं के हाईटेक होने से छात्राओं को बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि दानी स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक और खेल सुविधाएं मिले और इन सुविधाओं से छात्राएं अपने कैरियर को नया मुकाम देकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें इसके लिए शालेय शिक्षा विभाग के साथ मिलकर रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम ने 6 करोड़ के लागत की कायाकल्प की कार्य योजना तैयार की है। इसके तहत जेआर दानी स्कूल के मुख्य भवन को शहर की विरासत मानते हुए अक्षुण्ण रखा जाएगा और ग्राउंड फ्लोर के साथ लैब समेत 32 कमरे वाला 3 मंज़िल हाईटेक भवन तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा पेवर लगाकर लैंडस्केपिंग की जाएगी। खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने 100 मीटर के सिंथेटिक ट्रैक के साथ खेल मैदान एवं लैंडस्केपिंग के जरिए स्कूल को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। रायपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी श्री एस के सुंदरानी ने इस संबंध में बताया कि रायपुर स्मार्ट सिटी इसके लिए जल्द निविदा प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है और लगभग 8 माह के अंदर इस कार्य योजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

संपादकीय

चीन की भारत को गीदड़ भभकी

लद्दाख में चीन की कायराना करतूत के खिलाफ पूरे भारत में गुस्से की लहर दौड़ गई है। 20 जवानों की शहादत से चीन के खिलाफ भारतीयों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। देश भर में जगह जगह चीनी राष्ट्रपति जिन पिंग के पुतले का दहन किया जा रहा है और चीनी उत्पाद के बहिष्कार का अभियान छेड़ दिया गया है। भारत सरकार ने भी चीन के खिलाफ सख्त कदम उठाने के संकेत दिए है। लद्दाख की घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन को दो टूक शब्दों में चेतावनी दे दी है कि भारत शांती चाहता है लेकिन अपनी अखंडता और संप्रभुता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। इसे लेकर कोई भी भ्रम में न रहें। भारतीय विदेश मंत्री ने भी चीन के विदेश मंत्री के साथ हुई चर्चा में चीन को चेता दिया है कि भारत इस तरह की कार्यवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारतीय सेना को भी सरकार ने खुली छूट दे दी है। सेना के सभी अधिकारियों और सैनिकों की छुट्टीयां रद्द कर दी गई है और जो सैनिक छुट्टी पर थे उन्हे वापस बुला लिया गया है, जाहिर है लद्दाख में अब कुछ बड़ा होने जा रहा है। भारत के इस कठोर रूख से चीन घबरा गया है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने भारत को गीदड़ भभकी दी है कि यदि भारत की तरफ से कुछ भी गलत किया गया तो भारत को चीन के साथ ही पाकिस्तान और नेपाल से भी लड़ना होगा, यह एक डरे हुए मुल्क की खोखली चेतावनी है। इस धमकी से यह साफ हो जाता है कि चीन भारत से किस कदर खौफजदा है। वह अकेले अपने दम पर भारत के साथ जंग करने का हौसला नहीं जुटा पा रहा है, इसी लिए वह पाकिस्तान और नेपाल को भी अपने साथ जोड़ रहा है। दरअसल कोरोना वायरस के जनक चीन के खिलाफ आज दुनिया के तमाम देश एक जुट हो गए है। चीन से विदेशी कंपनियों ने अपना बोरिया बिस्तर बांधना शुरू कर दिया है। इस वजह से चीन की अर्थव्यवस्था डगमगा गई है। चीन की विस्तारवादी नीति के खिलाफ उसके अन्य पड़ौसी देश भी चीन से नाराज चल रहे है। ताईवान ने तो चीन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, तिब्बत के भी धर्म गुरूओं ने चीन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। हांकांग भी चीन से मुक्ती पाने के लिए आंदोलित हो गया है इधर भारत ने भी चीनी उत्पादों के बहिष्कार की मुहिम शुरू कर दी है। भारतीय रेलवे ने चीन की एक कंपनी के साथ हुए समझौते को रद्द कर दिया है। इन सब वजहों से चीन बुरी तरह बौखला गया है। यही वजह है कि अब वह भारत को गीदड़ भभकी देकर अपनी खीज निकाल रहा है। भारत पर उसकी इस खोखली धमकी का कोई असर नहीं पड़ना है। भारत सरकार और भारतीय सेना चीन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करने का मन बना चुके है। पूरा भारत इस मुद्दें पर एक जुट है। बहुत जल्द चीन को उसके करतूत की सजा मिल कर रहेगी।

विचार- प्रेम की सुगंध से है संबधों का निचौड़

रिश्तों मे नवीनता व दूरदर्शिता लाने की कला सिखें

तबस्सुम परवीन

जीवन मे उत्तरदायित्व कई शक्लो मे आता है सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है विवाह कर के घर बसाना, गृहस्थी जीवन को कभी भी आवेश या आज्ञान से स्वीकार न करे। वरना इसकी मधुरता समाप्त हो जाएगी। आवेश मे आकर गृहस्थी मे प्रवेश करेंगे तो ऊर्जा के दूरूपयोग की संभावनाए बढ़ जाएगी। हो सकता है रिश्तो मे क्रोध अधिक बहे, प्रेम कम। यदि आज्ञान मे आकर घर बसाऐगें तब हमारे निर्णय परिपक्व व प्रेम पूर्ण नहीं रहेंगे। दोनो स्थिति मे गृहस्थी उपद्रव का अड्डा बन जाऐगा। हम मनोविज्ञान रूप से हमेशा नवीनता की तलाश मे रहते है। गृहस्थी मे नवीनता का मनोविज्ञान काम करता है।

लंबे समय तक साथ रहते हुए जीवनसाथी मे लोग बासीपन महसूस करने लगते है एक जैसा जीवन जीने के कारण आकर्षण समाप्त होने लगता है, इसलिए रिश्तो मे नवीनता व दूरदर्शिता लाना सीखे, दुनिया भर की जानकारी रखे लेकिन परिवार के सदस्यों की मनोवृत्ति का ज्ञान जरूर रखे। घर परिवार मे कोई निश्चयी तो कोई ढुलमुल रहता है, कोई संकुचित है तो किसी को उन्मुक्तता पसंद है। इन वृत्तियों मे कुछ अच्छा ढूढे जो अल्लाह या ईश्वर पर विश्वास रखता है, वह जीवन मे कुछ अच्छा ही ढूंढता है। मन को अच्छी सोच से भरे हर सदस्य के भीतर मन अलग तरीके से सक्रिय है, किसी को किसी का पता नही चलता। जानने की कोशिश न करे, बस मन को शांत और अच्छी सोच से भरे। इसी भराव मे खालीपन छुपा है खाली मन ही शांत रहेगा, और शांत मन के सदस्य ही पुरे घर मे शांति ला सकता है।

टेक ज्ञान

अब आवाज भी कर पाएंगे ट्वीट

नई दिल्ली।। पॉप्युलर माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर एक नया फीचर ले आई है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब यूजर्स लिखने के साथ ही अपनी आवाज भी ट्वीट कर पाएंगे। इस ऑडियो ट्वीट की लंबाई अधिकतम 140 सेकंड की हो सकती है। प्रॉडक्ट डिजाइनर माया पैटरसन और सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर रेमी बौरगोइन ने कहा, 'आने वाले कुछ दिनो में वॉइस ट्वीट का यह फीचर ऐपल डिवाइसेस को मिल जाएगा।' कंपनी ने कहा कि कई बार 280 कैरक्टर्स पर्याप्त नहीं होते और ट्वीट का भाव कहीं खो जाता है।

बौखलाए चीनी ड्रैगन पर भारी भारतीय हाथी

कुमार रमेश

> वर्तमान परिस्थिति नाजुक है, भारतीय प्रधानमंत्री ने भी उकसाने पर सेना को जवाब देने की खुली छूट दे दी है, साथ ही कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की तैयारी भी की जा रही है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये टकराव क्यूं प्रारंभ हुआ। भारत ने श्योक नदी से दारबोक तक एक सड़क का निर्माण किया है, जिसका विस्तार अब 255 किमी दूर दौलत बेग ओल्डी तक किया जा रहा है, चीन इसी निर्माण को लेकर आक्रामक है क्योंकि उसे डर है कि सड़क का निर्माण हो जाने से भारत की आसान पहुंच सियाचिन और काराकोरम दर्रे के करीब तक हो जाएगी, जिससे बाद में भारत को घेरना मुश्किल हो जाएगा और भारत भविष्य में शिनजियांग प्रांत को अस्थिर करने लगेगा, साथ ही यहां से निकलकर जाने वाली बेल्ट एंड रोड़ परियोजना को भी प्रभावित कर सकता है। चीन को यह भी डर है कि भारत अमेरिका के साथ मिलकर दक्षिणी चीन सागर में किसी गठजोड़ में शामिल न हो इसलिए भी चीन भारत पर ये दबाव बना रहा था, लेकिन जिस तरह भारतीय सैनिकों ने बिना हथियार के चीनी सैनिकों को जवाब दिया है, चीन ने आज की सदी में कभी इसकी कल्पना नहीं की थी।

58 सालों बाद आज सीमाएं फिर से लहूलुहान हैं और स्थितियां नाजुक बनी हुई हैं। चूंकि दोनों देश प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जाना चाहते इसलिए बातचीत लगातार जारी है, लेकिन चीन की धमकी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। ग्लोबल टाइम्स कह रहा है कि पाकिस्तान और नेपाल हमारे साथ हैं और युद्ध की स्थिति में भारत हार जाएगा यानी अप्रत्यक्ष रूप से चीन भारत को तीन मोर्चे पर युद्ध की धमकी से रहा। साथ ही वह ये भी कह रहा है कि 17 घायल भारतीय सैनिक समय पर बचाव अभियान न होने कारण मारे गए, जो दिखाता है कि भारतीय सेना में घायलों के लिए आपातकालीन चिकित्सा मुहैया करा पाने में गंभीर कमियां हैं और पठार पर यह वास्तविक आधुनिक लड़ाकू क्षमताओं वाली सेना नहीं है, इसके अलावा हमने अपने पक्ष में हुए नुक़सान की जानकारी भारत की अच्छाई के लिए रोकी है क्योंकि इससे उसकी जनता की भावनाएं भड़क सकती हैं जो भारत से बदला लेना चाहेंगी। इतना सबकुछ तब हो रहा है जब चीन कोरोनावायरस एवं दक्षिण चीन सागर मामले में दबाव झेल रहा है और दूसरी तरफ भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का अस्थायी सदस्य बन रहा।

लेकिन क्या ये सब यहीं रुक पायेगा, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से यह कह तो दिया कि सीमा पर जो कुछ भी हुआ है उसके लिए चीन जिम्मेदार है और यह कदम पुर्वनियोजित तथा सोच-समझकर उठाया गया था, जिसका द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा। फिलहाल गलवान घाटी में हालात जस के तस बने हुए हैं लेकिन यह छटवीं बार है जब भारत ने चीन का आक्रमण झेला है। शुरुआत यक़ीनन 1962 से हुई, तब चीन ने यहां के गोरखा पोस्ट पर हमला किया था इस जंग में भारत के 1383 सैनिक शहीद हुए थे, 1696 लापता और 3968 सैनिकों को बंदी बना लिया गया था, जबकि चीन के 722 सैनिक मारे गए थे। जिसके बाद चीन ने अक्साई चीन पर कब्जा कर लिया, जो आज भी कायम है, गालवान घाटी इसी क्षेत्र में आता है। तत्पश्चात 1967 में सिक्किम बॉर्डर के पास दोनों सेनाएं आमने सामने आई, यह टकराव तब शुरू हुआ जब भारत में नाथू ला से सेबू ला तक तार लगाकर मैपिंग कर डाली थी, इसी क्षेत्र से होकर पुरानी गंगटोक-यातुंग-ल्हासा सड़क गुजरती है। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान चीन ने भारत को नाथू ला और जेलेप ला दर्रा खाली करने को कहा, भारत ने जेलेप ला दर्रा तो खाली कर दिया लेकिन नाथू ला दर्रे पर स्थिति पहले जैसी ही बनी रही। तब से नाथू ला विवाद का केंद्र बन गया और सेनाओं के बीच टकराव की नौबत आ गई। कुछ दिन बाद चीन ने मशीन गन से भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया और भारत ने अपने जवानों की पोजीशन बचाकर रखने के साथ चो ला क्षेत्र में मुंहतोड़ जवाब दिया, उस समय भारत के 80 जवान शहीद हुए, जबकि चीन के 400।

1967 की इस हार चीन कभी हजम नहीं कर पाया

> बहरहाल, एक बात तो साफहै यह तनाव किसी जादू से और जल्दी खत्म नहीं होगा क्योंकि दोनों देशों को काफी नुकसान हुआ है। लद्दाख और बाकी सरहदों पर भारतीय सेना ने अपना मूवमेंट बढ़ा दिया है, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति और किन्नौर जिले में अलर्ट घोषित कर दिया है। पहले जो यूनिट्स पीस स्टेशन लौटने वाली थी उन्हें रुकने को कहा गया है, लद्दाख में सीमा से सटे गांव खाली करवाने की तैयारी शुरू हो गई है मोबाइल और लैंडलाइन फोन बंद कर दिए गए हैं, जवानों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई है और चीन की किसी भी हरकत पर तुरंत एक्शन लेने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा नौसेना को भी अपने युद्धपोत चीन से सटे इलाकों में तैनात करने के आदेश मिले हैं और वायु सेना ने भी हिमाचल और उत्तराखंड में अपने फॉरवर्ड बेस पर फाइटर जेट्स की तैनाती बढ़ा दी है। तो हम देखेंगे कि भविष्य की तस्वीर क्या होगी, क्योंकि भारत-चीन तनाव के बीच पाकिस्तान में उनकी तीनों सेना प्रमुख भी आईएसआई हेडक्वार्टर पहुंचकर रणनीति बनाने में लगे हुए हैं।

इसलिए 1975 में अरुणाचल प्रदेश के तुलुंग ला में असम राइफल्स की पेट्रोलिंग पार्टी पर हमला कर दिया जिसमें हमारे 4 सैनिक शहीद हो गए। चौथी बार 1987 में अरुणाचल प्रदेश के तवांग में दोनों के बीच फिर से टकराव हुआ, यह टकराव तवांग के उत्तर में समदोरांग चू इलाके में हुआ। भारतीय फौज नामका चू के दक्षिण इलाके में ठहरी थी लेकिन एक आईबी टीम समदोरंग चू में पहुंच गई। यह जगह नयामजंग चू के दूसरे किनारे पर है। समदोरांग चू और नामका चू दोनों नाले नयामजंग चू नदी में ही जाकर गिरते हैं। हुआ यूं कि 1985 में भारतीय फौज पूरी गर्मी यहां डटे रहे लेकिन 1986 की गर्मियों में पहुंचे तो यहां चीनी फौज में मौजूद थी और समदोरांग चू में अपने तंबू गाड़ चुकी थी।

बहुत समझाने पर भी चीनी सेना जब नहीं मनी तो भारतीय सेना ने ऑपरेशन फाल्कन चलाया और जवानों को विवादित जगह पर एयरलैंड किया। यहां पर जवानों ने हाथुंग ला पहाड़ी पर पोजीशन संभाली जहां से समदोई चू के साथ ही तीन और पहाड़ी इलाकों पर नजर रखी जा सकती थी, कुछ ही दिनों में लद्दाख से लेकर सिक्किम तक भारतीय सेना तैनात हो गई और जल्द ही हालात काबू में आ गए। आखिरी बार 2017 में डोकलाम में सेनाएं 75 दिन तक आमने सामने डटी रही, यह वह विवादित पहाड़ी का इलाका है जिस पर चीन और भूटान दोनों ही अपना दावा जताते हैं। भारत इसपर भूटान के दावे का समर्थन करता है, जून में जब चीन ने यहां सड़क निर्माण का काम शुरू किया तो भारतीय सैनिकों ने उसे रोक दिया। भारत की दलील थी सड़क का निर्माण से उसके सुरक्षा समीकरण बदल सकते हैं जिसका इस्तेमाल चीनी सैनिक भारत के सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर कब्जे के लिए कर सकते हैं। हालांकि कोई हिंसा नहीं हुई और मामला शांत हो गया।

इन्हीं परिस्थितियों से बचने के लिए 1993 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव चीन दौरे पर गए, इस दौरान उन्होंने चीनी प्रीमियर ली पेंग के साथ मेंटेनेंस ऑफ पीस एंड ट्रैंक्विलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता एलओसी पर शांति बहाल करने के लिए था, जिसकी बुनियाद 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चीन दौरे में रखी गई थी जिसमें पांच प्रिंसिपल्स शामिल किए गए थे। तत्पश्चात चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन 1996 में जब भारत दौरे पर आए और तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के साथ यहां भी कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर्स इन मिलिट्री फील्ड समझौता हुआ। इसी तरह 2003 में अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने सीमा विवाद को लेकर स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव स्तर का मैकेनिज्म तैयार किया फिर मनमोहन सिंह ने 2005, 2012 और 2013 में चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर बातचीत बढ़ाने पर तीन समझौते किए थे तब वर्तमान विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन में भारत के राजदूत हुआ करते थे। लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से लेकर आजतक वे सबसे ज़्यादा 5 बार चीन जाने वाले और सबसे ज़्यादा 18 बार चीनी राष्ट्रपति से मिलने वाले प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने भरोसा बढ़ाने में कोई कदर ही छोड़ी फिर भी ये घटना हो गई।

कृषि अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार

सबसे ज्यादा लाभ लघु और सीमान्त किसानों को

डॉ. सुशील त्रिवेदी

> यह गौर करने की बात है किसान को उसके उत्पाद का पूरा लाभ मिले इसके लिए राज्य सरकारो ने कृषि विपणन समिति कानून बना दिए हैं जिनके अन्तर्गत देश भर में कोई 7500 समितियां कार्यरत हैं। इसी कारण किसान अपने निकट की ही ऐसी समितियों में ही अपना उत्पाद बेचने को बाध्य हैं, भले ही अपने राज्य के दूसरे जिलों में ज्यादा मूल्य हो या उससे भी अधिक मूल्य दूसरे राज्य में हो। लेकिन नया अध्यादेश जारी होने के बाद स्थिति बदल गई है। इन सुधारों से सबसे ज्यादा लाभ देश के लघु और सीमान्त किसानों को होगा जिनके लिए खेती अभी लाभदायी उद्यम नहीं है।

भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान 16.5 प्रतिशत है। भारत की 132 करोड़ आबादी में 70 करोड़ आबादी अपनी आजीविका के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर आश्रित हैं। देश में कुल किसानों में से 82 प्रतिशत लघु और सीमान्त किसान हैं। इन लघु किसानों के पास 2 हेक्टेयर से भी कम और सीमान्त किसानों के पास 1 हेक्टेयर से भी कम जमीन हैं। इस तरह भारत के अधिकांश किसान अपने खेतों के छोटे-छोटे आकार, बाजार की अनिश्चितता, बिचौलियों के कुचक्र और राज्यों के विपणन संबंधी कानूनों के मकड़जाल के कारण गरीबी से उबर नहीं पाते हैं। यह उल्लेखनीय है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय रूपये 1,35,048 है जबकि बेहद आर्थिक पिछड़ेपन को दर्शाते हुए भारत के किसान की औसत वार्षिक आय रूपये 77,976 है। मोदी सरकार ने किसानों की औसत आय को वर्ष 2022 तक दोगुना करने का अपना लक्ष्य बनाया है। इसी क्रम में भारत सरकार ने हाल ही में ऐतिहासिक महत्व के तीन अध्यादेश जारी किए हैं जिससे किसानों को उनकी उपज का अधिकतम लाभ मिल सकेगा और भारत की कृषि अर्थ व्यवस्था का रूपान्तरण होगा।

भारत सरकार द्वारा जारी पहला अध्यादेश आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 में संशोधन करने से संबधित है। इस अध्यादेश को जारी कर खाद्य उत्पादों पर लागू संग्रहण की मौजूदा बाध्यताओं को हटाया गया है। इस संशोधन के बाद खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, खाद्य तेलों, प्याज और आलू जैसी वस्तुओं को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 में शामिल वस्तुओं की सूची से बाहर कर दिया गया है। अब व्यापारी आवश्यकतानुसार इन वस्तुओं का संग्रहण कर सकेगा। अब यह संभावना है कि कृषि के क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ जाएगा और विदेशी निवेष भी हो सकेगा। इससे नए, बड़े और बेहतर तकनीक वाले कोल्ड स्टोरेज का

निर्माण हो सकेगां और खाद्य प्रदाय की श्रृंखला का आधुनिकीकरण होगा। यह उल्लेखनीय है कि कृषि उत्पादों की जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तब बना था जब कृषि उत्पाद की कमी थी। हरित क्रांति के बाद से भारत में कृषि उत्पादन बढ़ा है किन्तु इस अधिनियम के कड़े प्रावधानों के कारण कृषि उत्पाद का उचित भंडारण नहीं किया जा सकता। इसी वजह से जल्दी खराब होने वाले कृषि उत्पाद की बर्बादी होती है और तत्काल उत्पाद बेचने को मजबूर किसानों को कम मूल्य मिलता है। बहरहाल, इस नए अध्यादेश के जारी हो जाने के बाद इस स्थिति में किसानो के पक्ष में बड़ा परिवर्तन आएगा।

दूसरा अध्यादेश ''कृषक (सशक्तिकरण और संरक्षण) मूल्य आश्वासन और कृशि सेवाओं पर करार अध्यादेश'' है। इसके द्वारा कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग को कानूनी मान्यता दी गई है। अब भूमि स्वामी अपनी जमीन को किसी को भी पट्टे पर अथवा किसी कंपनी को अनुबंध के आधार पर ठेकाधारित खेती करने के लिए स्वतंत्र होंगे। यह विदित है कि देश में अधिकांश किसान लघु और सीमान्त किसान की श्रेणी में आते हैं जिनके लिए खेती लाभदायी नहीं हो पाती। ऐसे किसानों को न तो उन्हें उन्नत कृषि प्रणाली के प्रयोग की सुविधा मिलती है, न सिंचाई और न ऋण संबंधी सुविधाओं का अधिकतम लाभ। अब इस अध्यादेश के जारी होने से सबसे अधिक लाभ लघु और सीमान्त किसानों को होगा जो अपनी जमीन से कॉन्ट्रैक्ट के जरिए बेहतर लाभ ले सकेंगे।

तीसरा अध्यादेश है कृषि उत्पाद व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अध्यादेश। इसके द्वारा किसान अपनी उपज कहीं भी बेचने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। इस अध्यादेश से न केवल खेती करने वाले बल्कि पशुपालक, मुर्गीपालक और ऐसे ही अन्य उत्पाद करने वाले किसान लाभान्वित होंगे। उनके ऊपर अब राज्यों के उलझे हुए मंडी कानून लागू नहीं होंगे। अब उन्हें अपने उत्पाद का संग्रह करने और राज्य के भीतर अन्य जिलों में और अपने राज्य से बाहर दूसरे स्थानों में अपने उत्पाद बेचने की सुविधा मिल गई है। इससे बाजार में बिचौलियों की भूमिका सीमित हो जाएगी और किसान को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मूंगफली के दानें हो

मूंगफली के दानें हो जैसे काजू अख़रोट भरे हो वैसे अमरुद सा भी स्वाद मिला हो प्यार मुझसे तुम करना ऐसे। थोड़ा बादल भी छाया हो रिमझिम पानी भी बरसा हो सोंधी मिट्टी सी खुशबू हो जैसे प्यार मुझसे तुम करना ऐसे। भाव मनाने के न आते मुझको रुठना भी नहीं भाता तुझको दौड़ते - भागते रहें संग दोनों प्यार मुझे तुम करना ऐसे।

-सत्या शर्मा कीर्ति

रिश्ते सिरहानो की तरह

रिश्ते सिरहानो की तरह तरह होते है, जब आप थक जाते है, तो उनके सहारे सो जाते है। जब आप उदास होते है, तो उन पर सर रख कर आँसू की दो बड़े टपका देते है। जब खुश होते है तो उन्हे गले लगाकर झूम सकते है और वैसे तो सपने देखते वक्त वे रात को आप के साथ ही रहते है।

- हेमा पाण्डेय

ख़ास पाती | कहते हैं निकल जाये तो

कहते हैं निकल जाये तो हाथी निकल जाये और अटक जाये तो पूँछ भी अटक जाये। यही सब तो होता है ज़िंदगी में, कई बार हम बड़ी बड़ी बातों को हँस कर टाल देते हैं और कई बार छोटी सी बात भी मन को लग जाती है। आप से दोस्त जान पहचान वाले रिश्तेदार परिजन मज़ाक़ करते हैं, समझाते भी हैं, गुस्सा राजी भी होतें हैं पर कब किस समय किस की बात मन को चुभ जाये कोई नहीं जानता, इतना ही कहना चाहती हूँ आज कि चाहे समझाईये या हँसी मज़ाक़ करिये पर एक सीमा में रह कर, आजकल मन सब के ही संवेदनशील हो गये हैं, कृपया ऐसा कुछ न बोलें जिसकी भरपाई जीवन भर न हो सके।

- रामाजय शर्मा

हिचकियों में फंसी फंसी सी है

हिचकियों में फंसी फंसी सी है कशमकश में यूं जिंदगी सी है फासलें दरमियां बढ़ेंगेअभी बात सुनने में तो नयी सी है तुम मेरे जिस्म में जरा ठहरो रूह में एक तीरगी सी है लौट आए हो बज्म से प्यासे अब तलक लब पे तिश्नगी सी है वो ज़रा दूर ही से मिलता है दरम्यां अब भी दुश्मनी सी है क्यों समंदर से संभलती नहीं ये क्यों पियासी अभी नदी सी है रोज पढ़िए मुझे अलग अलग सा वंदना रोज अजनबी सी है।

- वंदना गोयल

ये जीवन है इस जीवन का यही

ये जीवन है इस जीवन का यही यही यही है रंग रूप इस जीवन मरण के पल से उबरूं कैसे इस हलचल से आकर कोई राह दिखाये जो जी जाऊं भटकन जंगल से मार्ग अविराम है यही है पथ स्वरूप ये जीवन है इस जीवन का यही यही यही है रंग रूप।

- ललित उपाध्याय

सांझ ढले हम बैठ रहे अपने

साँझ ढले हम बैठ रहे अपने करमे चल भाष लिये। बात मिटे चलभाष कटे हम आज नये एहसास लिये। बीत गयी इतनी रजनी तुम बैठि रहौ कुछ खास लिये। होम मिनिस्टर बोल रही हम हाथन बेलन पास लिये।

- कवि अजय मिश्रा

मजदूर अपनी नागरिकता पर कोसता

मजदूर अपनी नागरिकता पर कोसता होगा। जब सत्ताधारी सुविधा के लिए भोकता होगा। अरे सत्ताधारी कभी मजदूर बनकर तो देखो, समझ पाओगे, कैसे भूखे कोई लोटता होगा॥

- रमेश कुमार सिंह

शीत, धूप, बारिश से लड़ता

शीत, धूप, बारिश से लड़ता, होता यार उदास नहीं, ठौर नहीं ऐसा भाता है, जहां हास-परिहास नहीं। अश्रु बहाना, व्यथा सुनाना, आता सचमुच रास नहीं, इससे व्यथित न मन होता है, जीवन में मधुमास नहीं।

- राजकुमार धर द्विवेदी

लोगों को समझना बहुत मुश्किल है



लोगों को समझना बहुत मुश्किल है, जो किसी की बात सुनकर आपको भला बुरा कहने लगे, यही प्यार था, या बस दिखावा ? बहुत तकलीफहोती है ?? कैसे मानें जो आज आपको अपना कह रहे हैं, वो सच कह रहे हैं ? मैंने तो अपना ही माना हैं।

- सोनी गुप्ता

QUIZ TIME

1) मणिपुर में उस गांव का नाम बताइए जो भारत का पहला कार्बन पॉजिटिव उपनिवेश बन गया है?

2) भारत में, राष्ट्रीय समुद्री दिवस हर साल........ को मनाया जाता है। (5 अप्रैल / 12 अप्रैल)

3) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ब्रोक्रिंग सेवाओं की पेशकश शुरू करने के लिए मोबाइल भुगतान कंपनी के निवेश और धन प्रबंधन प्लेटफॉर्म के लिए किस फर्म को मंजूरी दी है?

4) 2019 मलेशिया ओपन में पुरुष एकल वर्ग में जीतने वाले खिलाड़ी का नाम बताइए?

5) उस व्यक्ति का नाम बताइए जिसे विश्व बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) फेयोंग गाँव (2) 5 अप्रैल (3) पेटीएम मनी (4) लिन डान (5) डेविड मालपास

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1269 - फ्रांस के राजा लुई ने सभी यहूदियों को शर्म का बिल्ला पहनने का फरमान जारी किया। 1623 - फ्रांसीसी गणितज्ञ, लेखक और दर्शनशास्त्री ब्लेज पास्कल का जन्म हुआ, जिन्होंने द्रव को समीकरणों में बांधकर विज्ञान को नया आयाम दिया। 1716 - मुगलों के द्वारा बंदी बना लिये जाने के बाद बंदा सिंह बहादुर का प्रताड़ना गृह में निधन। 1843 - 'दास कैपिटल' के लेखक और समाजशास्त्री काल मार्क्स ने विवाह किया। 1865 - यूनियन जनरल ग्रैनर ने टेक्सास के सभी गुलामों को आजाद किया। 1910 - पहली बार 'फादर्स डे' वाशिंगटन के स्पोकेन में मनाया गया। 1921 - तुर्की और फिलीस्तीन के ईसाइयों ने यहूदियों के खिलाफमैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किया।

आजीविका केन्द्र से कलेक्टर ने खरीदा मास्क

सांकरा स्थित केंद्र में पहुंचे डॉ. भूरे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। गुरुवार को कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे जब निरीक्षण के लिए सांकरा स्थित आजीविका केंद्र पहुंचे तो वहां उन्हें समूह की महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा मास्क विशेष रूप से पसंद आया। उन्होंने इसकी गुणवत्ता की तारीफ की और इनमें से एक मास्क खरीद दिया। कलेक्टर ने यहां बनाए जा रहे साबुन की भी विशेष रूप से प्रशंसा की। वहीं पर मौजूद जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक ने भी 2350 रुपये के साबुन खरीदे। उल्लेखनीय है कि जब से महिलाओं ने एलोवेरा, चारकोल आदि साबुन का विक्रय किया है तब से इनकी मांग बढ़ी है। इस दौरान राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालक नीलेश महादेव क्षीरसागर भी मौजूद थे। उन्होंने आजीविका केंद्र के समूह की महिलाओं की प्रशंसा की। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि सांकरा स्थित आजीविका केंद्र में बहुत अच्छा काम हो रहा है। सबसे अच्छी बात यह है कि आप लोग अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जैसे अभी मैंने जो मास्क लिया है वह मुझे बहुत पसंद आया है। किसी भी उत्पाद को बाजार में तभी जगह मिलती है जब उस उत्पाद की गुणवत्ता बाजार में उपलब्ध अन्य उत्पादों की तुलना में बेहतर होती है। बाजार मूल्य भी क्रेता.विक्रेता दोनों के अनुकूल हो तो उत्पाद की बिक्री तेजी से बढ़ती है। इस तरह बाजार के अनुरूप सामान का मूल्य तय कर अपने ब्रांड की गुणवत्ता बनाकर आप लोगों ने काफी अच्छा कार्य किया है जो सराहनीय है। कलेक्टर उन महिलाओं से भी मिले जो ट्री गार्ड का निर्माण कर रही थी। ट्री गार्ड का निर्माण कर रही महिलाओं ने बताया कि 1000 ट्री गार्ड का निर्माण कर भिलाई नगर निगम को भेज चुकी है और अब वे जिला पंचायत के लिए भी ट्री गार्ड बना रही हैं। उनके द्वारा बनाए गए ट्री गार्ड मनरेगा के फ्लोद्यान में पौधों की सुरक्षा के लिए काम आएंगे। इसके अलावा सीमेंट पोल निर्माण का भी कार्य कर रही है। उनके द्वारा 1000 सीमेंट पोल का निर्माण किया जा चुका है। मिशन डायरेक्टर श्री क्षीर सागर ने कहा कि यह बहुत अच्छा प्रयास है जैसे साबुन के फ्लेवर्स के संबंध में किया गयाए ब्रांड में अलग.अलग तरह की विविधता से ग्राहक काफी आकर्षित होते हैं। चूंकि मनरेगा में कार्यस्थल में सैनिटेशन और पंचायतों में जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर साबुन का उपयोग होता है इसलिए निर्मित सामान का बहुत सारा बाजार यहां ही उपलब्ध हो जाएगा।

बच्चों से भीख मंगवाई तो जेजे एक्ट के तहत होगी सजा

चाइल्ड लाइन ने अभियान चलाकर 3 को किया परिजनों के हवाले

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिस उम्र में बच्चों के हाथ में किताबें और खिलौने होने चाहिए उस उम्र में उन्हें भिक्षावृत्ति की ओर ढकेलना एक जघन्य अपराध ही नहीं है बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी एक घृणित कार्य है। बच्चों से उनका बचपन छीनने का हक किसी को नहीं हैए उनके माता पिता को भी नहीं। बच्चों से भीख मंगवाने पर जेजे एक्ट के तहत सजा का प्रावधान भी है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे ने विगत दिनों जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक में स्पष्ट कर दिया था बच्चों की मासूमियत से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाइल्ड लाइन द्वारा विशेष रेस्क्यू अभियान के चलाकर 03 बच्चों को भिक्षावृत्ति से रोककर उनके पालकों तक पहुँचाया गया। इस रेस्क्यू अभियान में चाइल्ड लाइन द्वारा पहले बालकों को अपने संरक्षण में लिया उसके बाद बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बच्चों को उनके परिजनों को सौप दिया। बच्चों को सौपने के पश्चात चाइल्ड लाइन के केंद्र समन्वय द्वारा परिजनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा गया यदि बच्चे भीख मांगते पाए गए तो परिजनों को जे जे एक्ट के तहत सजा होगी। अभियान में पुलिस विभाग का विशेष सहयोग रहा साथ ही स्वयंसेवी कार्यकर्ता कृतिका देवांगन ने सहभागिता निभाई, चाइल्ड लाइन टीम मेम्बर सविता साहू, भारती बिसेन, ललिता मानिकपुरी, राकेश गुप्ता एवं परामर्शदाता आशीष साहू का भी रेस्क्यू अभियान में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अपर कलेक्टर सर्वे ने दिए सख्त कार्यवाही के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र वार्ड 61 प्रगति नगर सड़क 2 में पुणे से लौटी इंटीरियर डिजाइनर 25 वर्ष युवती के कोरोना पॉजिटिव निकलने से रहवासियों में दहशत का महौल है। निगम क्षेत्र में यह सातवां कोरोना पॉजिटिव केश है। प्रगति नगर संक्रमित युवती पुणे से फ्लाइट में 14 जून को एयरपोर्ट में उतरने के बाद व एम्स में अपने सैम्पल दी थी। सैम्पल की रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव आने पर घर में होम क्वारेंटाइन में न रहकर लगातार क्षेत्रों में घुमती रही स्थानीय रहवासियों द्वारा युवती के पालकों से शिकायत के बावजूद तथा घर वालों का ध्यान नहीं दिये जाने से प्रगति नगर सड़क 2 व 3 में युवती के संपर्क में आये लोगों में दहशत व्याप्त है। युवती के द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्रों में घुमने व परिचितों के मिलने से निगम प्रशासन की चिंता बढ़ी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर अपर कलेक्टर व निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने सड़क 2 स्थित संक्रमित युवती के पालकों से मिलकर सभी को होम क्वारंटाइन में रहने के सख्त निर्देश दिये है। संक्रमित युवती को देर रात कोविड.19 शंकराचार्य हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। युवती द्वारा लापरवाही बरते जाने पर खिलाफ कार्यवाही किये जाने हेतु नेवई थाना प्रभारी को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये है।

न्यूज गैलरी

सड़कों पर पशु मिले तो होगी कार्यवाही

जामुल। नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र नायक ने पालिका को आवारा पशु मुक्त, साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने के साथ-साथ दुर्घटना मुक्त रखने हेतु मुख्यमंत्री के निर्देश पर 19 से 30 जून तक नपा क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है तथा 19 जून को पशु पालकों से संपर्क कर संकल्प पत्र भरवाया जावेगा। जानकारी देते श्री नायक ने कहा है कि अगर 30 जून के उपरांत कोई भी मवेशी निकाय के सड़को, सार्वजनिक स्थलों पर आवारा घूमते हुए पाया जाता है तो पशु-पालक, मालिक से नियमानुसार शुल्क, जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

आज बैठक

दुर्ग। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 19 जून को 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। बैठक में मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, राजीव गांधी न्याय योजना, निर्माण कार्यो, पेयजल व निस्तारी की तैयारी, जिपं बजट से संबंधित व अन्य विषयों पर चर्चा होगा। संबधित विभाग के अधिकारियों को पूर्ण जानकारी के साथ बैठक मे उपस्थित होने कहा गया हैं।

मृत पशुओं को उठाने आधुनिक वाहन तैयार

कंडम वाहन को मॉडिफाइड कर बनाया रेस्क्यू वाहन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत मृत पशुओं को उठाने के लिए वाहन शाखा द्वारा आधुनिक वाहन तैयार किया गया है। अब शहर में मृत पशुओं को उठाने के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अभी तक प्रायः निगम क्षेत्र में मृत पशुओं को उठाने के लिए जेसीबी या मानव बल का सहारा लेना पड़ता था, जिससे अन्य कार्य प्रभावित होने के साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब इनको दूर करने के लिए वाहन तैयार कर लिया गया है। वाहन शाखा के विष्णु चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि कचरा मुक्त शहर की दिशा में कार्य करते हुए शहर में लगे हुए डस्टबिन हटाए जा चुके हैं जिनके स्थान पर ट्विंस बिन लगाए। यह वाहन भी डंपर प्लेस के वाहन के रूप में खरीदी की गई थी परंतु इस वाहन का उपयोग नहीं हो पा रहा थाए खाली पड़े वाहन का उपयोग करने के लिए प्रपोजल तैयार कर महापौर देवेन्द्र यादव एवं अधिकारियों से चर्चा की गई। चर्चा उपरांत वाहन का सदुपयोग करने के लिए इसे मॉडिफाइड किया गया और अब यह वाहन मृत पशुओं को उठाने का कार्य करेगा। इस वाहन में हाइड्रोलिक सिस्टम लगा हुआ है जिससे वाहन के बाएं एवं दाएं दोनों ओर मृत पशुओं को उठाने में यह कारगर साबित होगा। इस वाहन की क्षमता की बात करें तो लगभग 500 किलो वजन उठाने की क्षमता इसमें होगी और लगभग 8.10 मृत पशुओं को एक साथ उठाकर वाहन में रखने में सक्षम है। इस वाहन को बनाने के पूर्व वाहन शाखा के अधिकारियों द्वारा पशु विभाग से संपर्क किया गया था।

पांच पुरुष व 4 महिला सहित 9 पॉजीटिव मिले

दुर्ग। जिले में गुरुवार को 5 पुरुष व 4 महिला सहित 9 कोरोना पॉजीटिव के मामले सामने आए है। जिसमें 3 नेवई थाना के जवान, दो जुनवानी स्थित शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर व 1 सेक्टर 1 की महिला के साथ 3 दुर्ग ग्रामीण के शामिल है। दुर्ग ग्रामीण के जिन 3 लोगों को कोरोना पॉजीटिव पाया गया है। उसमें 1 चंदखुरी, 1 कोलिहापुरी व 1 कोनारी का बताया गया है। जिले में अब कोरोना पॉजीटिव मरीजों की संख्या 86 हो गई है। इन सभी लोगों का सैम्पल 16 जून को लिया गया था।

क्लोरीन टेबलेट का वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई 3। वर्षा ऋतु के आगमन को ध्यान मे रखते हुए नालियों की सफाई व्यवस्था की ओर, जल जनित रोगो से बचाव एवं डेंगु के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम चरौदा के आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर के निर्देशानुसार समस्त वार्डो में 700 बॉटल्स टेमीफॉस एवं जल शुद्धिकरण हेतु 1.30 लाख क्लोरीन टेबलेट वितरण किया गया है। यह कार्य स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, वार्ड पार्षदों एवं मितानिनों श्रीमती पदमनी साहू, प्रमिला निर्मलकर द्वारा किया गया है। डेंगु के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु यह कार्य आवश्यकतानुसार आगे भी जारी रहेगा।

विशेष अभियान

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 25 संतोषी पारा में कलेक्टर भुरे एवं निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर डेंगू उन्मूलन के तहत मच्छरों को घेरकर खात्मा करने के लिए निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत निगम के अन्य जोन क्षेत्रों के स्वास्थ्य अधिकारी अपने अमले के साथ संतोषी पारा में डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पहुंचे और क्षेत्र की संपूर्ण फागिंग मशीन से पूरे एरिया को घेरकर अंतिम छोर तक मच्छरों को नष्ट करने का कार्य किया।

पुष्प वाटिका संधारण पर किया विचार विमर्श

प्रस्ताव बनाकर शासन से मांगी राशिः वर्मा

दुर्ग। पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग समिति की बैठक में निगम द्वारा शिवनाथ तट पर निर्मित पुष्पवाटिका को पुनः प्रारंभ करने एवं उसके संधारण कार्य पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके अलावा इस वर्ष पर्याप्त मात्रा में वृक्षारोपण किये जाने का निर्णय समिति ने लिया है । बैठक में पार्षद प्रेमलता साहू, कविता तांडी, मीना सिंह, निर्मला साहू, उषा ठाकुर, हेमा शर्मा, श्रद्धा सोनी, कुमारी भारती, राकेश साहू, सहा0 अभियंता जितेन्द्र समैया, उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह, सचिव पुरुषोत्तम साहू एवं अन्य उपस्थित थे। इस संबंध में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी सत्यवती वर्मा ने कहा कि महापौर धीरज बाकलीवाल के दिशा निर्देश पर शहर वासियों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए पुनः पुष्पवाटिका का संधारण कर प्रारंभ किया जावेगा। निगम ने शिवनाथ तट पर पुष्पवाटिका का निर्माण कराया था आज जर्जर स्थिति में है। पर्यावरण की दृष्टि से शहर वासियों को इसका लाभ प्रदान करने उसका संधारण कर उसे पुनः प्रारंभ करने का विचार किया गया है। उन्होनें कहा इसके लिए महापौर के माध्यम से शासन स्तर पर अनुदान राशि की मांग की जाएगी। उन्होनें विभागीय अधिकारी को इसका प्रस्ताव बनाने निर्देश दिये। पर्यावरण विभाग से होने वाले कार्यो एवं व्यय की जानकारी अधिकारी से ली। उन्होनें कहा इस वर्ष पर्याप्त मात्रा में वृक्षारोपण किया जाना है अतः सभी आवश्यक तैयारियॉ कर लेवें।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./1018/अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नबर 357/1 रकबा 0.544 हे./ लगान 2.00 जो कि परस राम आ. रतनलाल व अन्य 6 के नाम पर दर्ज है। खातेदार द्वारा 357/1 रकबा 0.544 हे. मे से 0.009 हे. 1062.05 वर्गफीट भूमि को शारदा बत्रा ध.प. राकेश कुमार बत्रा के पास बाजार मूल्य 4.50.000/- रु. में पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.02.2020 दिनांक 07.02.2020 को क्रय कर नामांतरण हेतु हल्का पटवारी द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 321 दिनांक 07.02.2020 को दर्ज किया गया। यह कि नामातंरण पंजी का अवलोकन पश्चात पंजी को न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 09.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./1016/अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नबर 357/1 रकबा 0.544 हे./ लगान 2.00 जो कि परस राम आ. रतनलाल व अन्य 6 के नाम पर दर्ज है। खातेदार द्वारा 357/1 रकबा 0.544 हे. मे से 0.009 हे. 1062.05 वर्गफीट भूमि को गीता ध.प. राजेश खुशालानी के पास बाजार मूल्य 4.50.000/- रु. में पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.02.2020 दिनांक 07.02.2020 को क्रय कर नामांतरण हेतु हल्का पटवारी द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 322 दिनांक 07.02.2020 को दर्ज किया गया। यह कि नामातंरण पंजी का अवलोकन पश्चात पंजी को न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 09.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विद्या पुन आ./ पति देवकुमार साकिन भिलाई के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न 41 रा.नि.मं. अण्डा तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 814/1 का टु. रकबा 2178 वर्गफीट भूमि को विक्रेता उनुराम साहू आ. उपेराम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.02.2016 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 29.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका ममता चंद्राकर आ./ पति छंगालाल साकिन उतई के द्वारा ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/1 रकबा 1.430 हे. भूमि दानकर्ता देवेन्द्र कुमार आ. छंगालाल निवासी डुण्डेरा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक... 2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शैलेन्द्र कुमार आ. बी.एल. श्रीवास्तव साकिन जुनवानी भिलाई के द्वारा ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 906/1 रकबा 0.200 हे. भूमि विक्रेता रजिया बाई पति स्व. मंशाराम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 17.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका अनामिका भास्कर आ./ पति मोहन साय साकिन सुपेला भिलाई के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न. रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 986/1 रकबा 0.230 हे. भूमि विक्रेता लक्ष्मी कोसरे ध.प. राजेन्द्र से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29.05.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 12.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका शशि प्रभा आ./ पति खेम सिंह साकिन रिसाली भिलाई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 767/4 रकबा 0.020 हे. भूमि विक्रेता मनोज कुमार पिता स्व. शंमसिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 25.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 11.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक निखिलेश वर्मा आ. भोजराम वर्मा साकिन डुण्डेरा के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 934 रकबा 1089 वर्गफीट भूमि दानकर्ता भोजराम आ. स्व. नाथूराम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 17.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
सूचनापत्र

प्रारुप (देखिए नियम 5 (1)

(छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30 और छत्तीसगढ़ लोक न्यास नियम 1962 के नियम 5 (1) के द्वारा लोक न्यास के पंयीजक दुर्ग जिला दुर्ग के समक्ष)

यह कि आवेदिका डॉ. इन्द्राणी घोष पति श्री एस.एम. घोष उम्र 48 वर्ष निवासी प्लाट नं 10/ए सड़क नंबर 06 सेक्टर 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा श्री अरविन्दो योगा एण्ड नालेज फाउण्डेशन ट्रस्ट पता एस.आई.टी. के पास फुण्डा तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 4 के अंतर्गत एक आवेदन पत्र नीचे लिखित अनुसूचित विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लोक न्यास के रुप में पंजीकृत किए जाने हेतु दिया गया है। एतद् द्वारा सूचना पत्र जारी कर अपेक्षा की जाती है कि कथित आवेदन पत्र मेरे द्वारा न्यायालय में सुनवाई दिनांक 17.07.2020 को विचार किया जावेगा।

किसी या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध व्यक्ति कोई व्यक्ति इस सूचना में प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर मेरे समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से या किसी प्राधिकार पत्र के माध्यम से अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दो प्रतियों में लिखित अभिकथन प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त अवधि के अवसान होने के बाद किसी भी प्रकार के आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

लोक न्यास का नाम	पता व सम्पत्ति का विवरण
1. श्री अरविन्दो योगा एण्ड नालेज फाउण्डेशन ट्रस्ट	एस.आई.टी के पास फुण्डा तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
2. लोक न्यास की सम्पत्ति	चल- सम्पत्ति निरंक अंचल- सम्पत्ति निरंक

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-02/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सुरेन्द्र कुमार यादव पिता श्री रामनारायण यादव निवासी क्वा. नं. 4 ए सड़क नं. 14 जोन 3 खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 781/5 रकबा 0.010 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत दिनांक 06.07.2020 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-02/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री के. सूर्यप्रकाश राव पिता स्व. के. सुब्बा राव निवासी क्वा. नं. 276 समता कालोनी जीई रोड मारुति ढाबा के पीछे चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 57 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 373/4 रकबा 0.033 हें/ 3600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत दिनांक 06.07.2020 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदक मधुसूदन बेरा पिता रामपदो बेरा निवासी कायस्थ पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित मोहल्ला कायस्थ पारा नजूल शीट क्रमांक 28 बी भूंखड क्र 113 क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31.03.2032 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.06.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202006102800021/अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरव कुमार अग्रवाल पिता सुरेश अग्रवाल निवासी वार्ड क्र. 5 चिंगीरी पारा सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन किया है कि मौजा ग्राम अछोटी प.ह.न. 44 रा.नि.मं. मुरमुंदा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 451/3 रकबा 0.0800 हे. भूमि भूधारक नारायणी पति सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी सुपेला भिलाई के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। खातेदार नारायणी पति सुरेश कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 03.03.2018 को हो गया है। अतः मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन- पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र के आधार पर दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 13.07.2020 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./800/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वास कसेर अन्य 1 पिता विष्णु प्रसाद कसेर निवासी ग्राम बजरंग नगर चौक तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/20 रकबा 0.004 हें. भूमि को विक्रेता श्रीमती फूलबती साहू वगै. पति अंकलहा साहू निवासी ग्राम बजरंग नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23.01.2001 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./1015/अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नबर 357/1 रकबा 0.544 हे./ लगान 2.00 जो कि परस राम आ. रतनलाल व अन्य 6 के नाम पर दर्ज है। खातेदार द्वारा 357/1 रकबा 0.544 हे. मे से 0.009 हे. 1062 वर्गफीट भूमि को संतोष कुमार बत्रा पिता जशनलाल बत्रा के पास बाजार मूल्य 4.50.000/- रु. में पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.02.2020 दिनांक 07.02.2020 को क्रय कर नामांतरण हेतु हल्का पटवारी द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 324 दिनांक 07.02.2020 को दर्ज किया गया। यह कि नामातंरण पंजी का अवलोकन पश्चात पंजी को न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 09.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./1017/अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नबर 357/1 रकबा 0.544 हे./ लगान 2.00 जो कि परस राम आ. रतनलाल व अन्य 6 के नाम पर दर्ज है। खातेदार द्वारा 357/1 रकबा 0.544 हे. मे से 0.009 हे. 1062 वर्गफीट भूमि को विद्यादेवी ध.प. जशनलाल बत्रा के पास बाजार मूल्य 4.50.000/- रु. में पंजीकृत बैनामा दिनांक 05.02.2020 दिनांक 07.02.2020 को क्रय कर नामांतरण हेतु हल्का पटवारी द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 323 दिनांक 07.02.2020 को दर्ज किया गया। यह कि नामातंरण पंजी का अवलोकन पश्चात पंजी को न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 09.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

जिले में चार और कोरोना पॉजिटिव मिले

महासमुंद। जिले में बुधवार को कोरोना के कुल 04 धनात्मक प्रकरण की पुष्टि हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने जांच के बाद मामले के धनात्मक रिपोर्ट की सूचना जिला प्रशासन को दी है। जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम सिमगांव (ग्राम पंचायत दारगांव)में 01 व्यक्ति संक्रमित पाया गया है। वहीं पिथौरा विकासखंड के ग्राम जबलपुर में 01 व्यक्ति (पुरूष)कोरोना संक्रमित पाया गया है। महासमुंद विकासखंड के ग्राम मचेवा में एक महिला कोरोना संक्रमित हैं। इसी तरह सरायपाली विकासखंड के ग्राम माल्दामाल में 01 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया गया है। सभी संक्रमित क्वारेन्टीन सेंटर में हैं।

घर बेचने की बात पर मारपीट

महासमुंद। घर बेचने के नाम पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। वार्ड 4 निवासी पार्वती निषाद पति स्वर्गीय सुरेश निषाद (58) ने लकेश्वरी पति अनिल चंद्राकर (27) व अनिल चंद्राकर पर आरोप लगाया है कि घर बेचने की बात करने पर उनके साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

वृद्ध से 3 सौ रूपए की शराब जब्त

महासमुंद। सांकरा थाना क्षेत्र में एक वृद्ध से 3 सौ रूपए की कीमत की महुआ शराब जब्त की। जानकारी के मुताबिक साधुराम रात्रे पिता बैसाखू रात्रे (70) को पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की।

बाइक की ठोकर से एक घायल

महासमुंद। सांकरा में बाइक चालक की ठोकर से युवक घायल हो गया। महाराष्ट्र वासीनाका निवासी कपलेश बाघमारे पिता रमेश (25) ने पुलिस को बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 04 जेएस 5842 के चालक ताम्र केंवट पिता हीराधर ने उसे ठोकर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

बिना मॉस्क पहने घूमने वाले 126 के विरूद्ध चालानी कार्रवाई

महासमुंद। शासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण के फैलाव एवं प्रसार को रोकने के लिए मार्गदर्शी निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेय गोयल के निर्देशानुसार इन निर्देशों का पालन नहीं करने के साथ सोशल डिस्टेंसिंग एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने एवं बिना मॉस्क पहने बाहर निकलने पर कार्रवाई करने के निर्देश हैं। इसी तारतम्य में महासमुंद अनुविभाग के अंतर्गत हाल ही में 126 व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर बिना मॉस्क पहने घूमते पाए जाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 25 हजार 200 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

थर्मल स्केनिंग के बाद ही दिया जा रहा प्रवेश

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ. ज्योति पाण्डेय के मार्गदर्शन में वैश्विक महामारी कोविड-19, कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं जागरुकता के लिए महाविद्यालय में रेडक्रास सोसायटी द्वारा थर्मल स्कैनर, हैण्डवास, सैनेटाईजर का क्रय किया गया, साथ ही सोशियल डिस्टेसिंग के अनुसार दैनिक शासकीय गतिविधियों का सम्पादन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर प्रतिदिन आगन्तुकों का थर्मल स्कैनिग व सैनिटराइज करने के उपरान्त ही प्रवेश दिया जा रहा है। इस आशय का दो कर्मचारियों द्वारा रिकार्ड भी संधारित किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया में रेडक्रास प्रभारी अजय कुमार राजा ने महाविद्यालय में उपस्थित समस्त स्टाफका थर्मल स्कैनिंग किया।

युवाओं को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के लिए दिया जाएगा अनुदान

महासमुंद। जिले के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत महासमुंद जिले में वर्ष 2020-21 के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा ऑनलाईन आवेदन मंगाए जा रहे हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत युवाओं को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के लिए वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से क्रमशः अधिकतम 25 लाख रूपए तक विनिर्माण के लिए एवं अधिकतम 10 लाख रूपए तक सेवा क्षेत्र के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। शासन के नियमानुसार इस योजना के अंतर्गत वर्गवार शहरी क्षेत्रों में 15 से 25 प्रतिशत तक अनुदान एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 25 से 35 प्रतिशत तक मार्जिन मनी अनुदान शासन द्वारा दी जाती है।

युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा ऋण

महासमुंद। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत युवाओं को अधिकतम पच्चीस लाख रूपए तक विनिर्माण क्षेत्र में, दस लाख रूपए तक सेवा क्षेत्र में एवं अधिकतम दो लाख रूपए तक व्यवसाय क्षेत्र में वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन करने की पात्रताएं इस प्रकार हैं इनमें आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं कक्षा उत्तीर्ण, आयु 18 से 35 वर्ष (आरक्षित वर्ग के लिए 05 वर्ष की छूट), छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी, परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रूपए से अधिक न हो, किसी भी बैंक का ऋण चुककर्ता न हो एवं भारत, राज्य शासन के योजनांतर्गत पूर्व में अनुदान का लाभ न लिया हो।

भूपेश सरकार की महत्वकांक्षी नरवा विकास योजना को बालोद वनमंडल ने किया धरातल पर साकार, समयावधि से पहले किया कार्य पूर्ण

- **पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी ने सराहनीय कार्य के लिए डीएफओ सतोविशा और पूरे टीम को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित-**
- **1 करोड़ 61 लाख से विभिन्न प्रकार के किये गए निर्माण कार्य-**

बालोद। भूपेश सरकार की सबसे बड़ी महत्त्वकांक्षी योजना ÷नरवा विकास योजना÷ को बालोद वनमंडल ने धरातल पर साकार किया हैं। समयावधि से पूर्व इसे पूर्ण करने तथा बेहतर क्रियान्वयन के लिए पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी ने डीएफओ सतोविशा समाजदार एवं बालोद वनमंडल के पूरे स्टॉफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उल्लेखनीय हो कि राज्य सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना नरवा, गरुवा, घुरवा अऊ बाड़ी के तहत बालोद वनमंडल के गुरुर परिक्षेत्र में ÷नरवा विकास योजना÷ के अंतर्गत खारुन नदी (देवरानी-जेठानी) नदी में सॉफ्टवेयर के माध्यम से डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया गया। डीएफओ श्रीमती सतोविशा समाजदार के निर्देशन में अप्रैल 2019 में खारुन नदी के उद्गम स्थल नदी को रिचार्ज भरने, वन्यप्राणियो के पेयजल की व्यवस्था, मिट्टी के कटाव को रोकने और नदी को सूखने से बचाने के उद्देश्य से सूबे के मुखिया भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। तात्कालिक मुख्य वन संरक्षक दुर्ग एसएसडी बड़गैय्या, वर्तमान मुख्य वन संरक्षक शालिनी रैना, मुख्य वन संरक्षक रायपुर श्रीमती संजीता गुप्ता एवं वनमण्डाधिकारी धमतरी व बालोद के द्वारा नदी के उद्गम स्थल से किये जाने वाले कार्यों जो कि देवरानी-जेठानी नाले के नाम से प्रसिद्ध हैं एवं कंकालिन मंदिर के पास से जिसका उद्गम स्थल हैं। वहां से सभी के द्वारा सर्वे किया गया। माह अप्रैल 2019 में गुरुर वन परिक्षेत्र के तात्कालिक व वर्तमान में प्रभारी अधिकारी आरके नांदूरकर द्वारा अपने अधीनस्थ स्टॉफ के साथ डीपीआर बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया।

सराहनीय कार्य के लिए पीसीसीएफने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित-

दरअसल गुरुर विकासखण्ड के कंकालिन मंदिर पर खारुन नदी का उद्गम स्थल हैं। इस नदी का पानी गुरुर विकासखण्ड व जिले के आखिरी छोर अरकार-सनौद से होते हुए दुर्ग, रायपुर व धमतरी जिले के कई हिस्सो तक पहुचता हैं। इस नदी के पानी को सहेजने एवं नदी को रिचार्ज भरने, वन्यप्राणियो के पेयजल की व्यवस्था, मिट्टी के कटाव को रोकने और नदी को सूखने से बचाने के उद्देश्य से फ्नरवा विकास योजनाफ् के तहत विभिन्न निर्माण कार्य किये गए है। जिससे कि पानी को अलग-अलग जगहों में स्टोरेज किया जा सके और उसका सही उपयोग हो सकें। अक्सर देखा गया है कि बारिश के समय में नालों में पानी ओव्हरफ्लों होकर इधर उधर वेस्टेज हो जाता है। लेकिन भूपेश सरकार की 'नरवा विकास योजना' के तहत पानी को सहेजने व स्टोरेज करने का कार्य किया जा रहा है। स्टोरेज किये गए पानी से वन्यप्राणी सहित किसानो को भी इसका लाभ मिलेगा। यहां यह बताना लाज़िमी हैं कि राज्य सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना 'नरवा विकास योजना' अंतर्गत एपीओ 2019-20 में स्वीकृत नरवा विकास कार्यो को प्राथमिकता के साथ विशेष रुचि लेकर डीएफओ श्रीमती सतोविशा समाजदार के मार्गदर्शन में बालोद वनमंडल ने समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूर्ण किया हैं। जिसके लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने बधाई देते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया हैं।

पीसीसीएफएवं सीसीएफके मार्गदर्शन बराबर मिला-सतोविशा

वनमण्डाधिकारी श्रीमती सतोविशा समाजदार ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि 'नरवा विकास योजना' में पीसीसीएफऔर तात्कालिक व वर्तमान सीसीएफ का मार्गदर्शन समय-समय पर मिलता गया हैं। मौके पर कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया हैं। पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी एवं सीसीएफशालिनी रैना के मार्गदर्शन में बालोद वनमंडल ने फ्नरवा विकास योजना' को प्राथमिकता के साथ धरातल पर साकार किया हैं। सीएम भूपेश बघेल की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरुवा, घुरवा अऊ बाड़ी के अंतर्गत फ्नरवा विकास योजना' के सफल और बेहतर क्रियान्वयन बालोद में देखने मिल रहा हैं।

सोसाइटी में सुरक्षित रख सकेंगे धान, बनेंगे पक्के चबूतरे

- **विधायक ने चबूतरा सहित सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लाखों रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की मंशानुरूप अब शहरों के साथ ही गांवों में का भी सर्वांगीण विकास होने लगा है।

बुधवार को विधायक श्री चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कनेकेरा मुख्यालय शेर में चबूतरा निर्माण, ग्राम झालखम्हरिया में सीसी रोड निर्माण व चबूतरा निर्माण, ग्राम बोरियाझर में सीसी रोड निर्माण तथा ग्राम खट्टी में चबूतरा निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने की। इन कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि दाऊलाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, जनपद सदस्य नीता तुकाराम साहू, निधि लोकेश चंद्राकर, दिग्विजय साहू, हुलास गिरी गोस्वामी, सती साहू, नारायण नामदेव, संजय शर्मा, गोविंद साहू, परमानंद साहू मौजूद थे। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि गांवों में विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार का पूरा ध्यान है। वैसे भी जब गांव और पंचायत का विकास होगा तभी राज्य का विकास को सकेगा। इसी कारण से गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। पक्के चबूतरे निर्माण से सोसाइटियों में धान को सुरक्षित तरीके से रखा जा सकता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शेर सरपंच खुमान सागर, झालखम्हरिया सरपंच यशवंत साहू, बोरियाझर सरपंच राजेंद्र मधुकर, खट्टी सरपंच दूजराम साहू, मन्नू लाल साहू, रतन साहू, रमाकांत ध्रुव, हेमंत डड़सेना, गब्बर साहू, कुणाल चंद्राकर, परमेश्वर साहू, तोषण कन्नौजे, जीवन यादव, मोहन लाल साहू, घनश्याम निषाद, चंदन साहू, पुष्कर गिरी गोस्वामी, जीवराज चंद्राकर, राधेश्याम सिन्हा, रामशरण साहू, सीताराम साहू, छन्नू साहू, रेखराज पटेल आदि मौजूद थे।

योगा कर टेन्शन फ्री हुए क्वारंटिन वाले, खट्टी चीजों का सेवन कर होंगे नशा मुक्त

महासमुंद। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम दोनों एक-जुट होकर तंबाकू नशा का त्याग कराने के साथ-साथ तनाव मुक्त रहने व रखने के लिए योगा एवं प्राणायाम की विधियां बताते हुए दोहरा अभ्यास की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में जिला तंबाकू नशा-मुक्ति केंद्र दल द्वारा विगत तीन दिवसों में विकासखण्ड पिथौरा, बसना और सरायपाली के 20 क्वारंटीन केंद्रों में प्रेरणादायी जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गईं। प्रशिक्षक देवकुमार डड़सेना ने क्वारंटीन की अवधि काट रहे कोरोना के संदिग्ध मरीजों को भ्रामरी और अनुलोम-विलोम प्राणायाम के गुण सिखाए।

विधायक शकुन्तला ने क्षेत्र में निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

लवन। कसडोल विधायक विधायक शकुन्तला साहू ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिटकुली में विधायक निधि से 7 लाख 40 हज़ार रुपये के गली कांक्रीटीकरण एवं ग्राम पंचायत खटियापाटी में 6 लाख 45 हज़ार रुपये लागत की बनने वाले आंगनबाड़ी भवन के लिये भूमिपूजन किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शकुंतला साहू ने विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम शुभारंभ श्रीफल तोड़कर किया गया । विधायक शकुंतला साहू ने कहा कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में सबसे आगे रहेगा। इसमें जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है, और यही सहयोग मुझे काम करने की प्रेरणा देती है। क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी विकास कार्य निरंतर चलते रहेगी कृषि के लिये खाद बीज की पर्याप्त मात्रा में भंडारण है खाद एवं बीज की कोई कमी नही होगी। वर्तमान परिस्थिति में कोरोना हटी नही है सभी पूर्व की भांति नियमों का पालन करते रहे आवश्यकता पड़ने पर ही बाहर जाये।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक शकुंतला साहू के साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष देवीलाल बार्वे, प्रताप डहरिया, मृत्युंजय वर्मा, अभिषेक पांडेय, बनवारी बार्वे, माधव साहू, बिटकुली सरपंच संतोषी, संदीप मनहरे, खटीयापाटी सरपंच पूर्णिमा ध्रुव, उपसरपंच द्वारिका साहू, पारसमणि साहू जनपद सदस्य दुजराम भारद्वाज, पूर्णिमा साहू, राजकुमार दुलार, शिवप्रसाद, हरिशचंद, गोमती साहू, बिटकुली से पंच छेदी लाल खरे, राम सेन, राजेश साहू, सरोज पुरैना, धनेश मरकाम, मोहित मरकाम, मानसिंह दरसबाई , इतवारा बाई संतोष साहू, ईश्वरी ध्रुव तुलाराम कोसले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

डिजिटल प्लेटफार्म पर मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

महासमुंद। कोविड-19 महामारी के कारण इस वर्ष 21 जून को छठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा तथा इसे डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म पर मनाए जाने की तैयारी है। इस वर्ष का थीम 'योग एट होम एण्ड योग विद फैमिली' है। 21 जून सुबह 7 बजे आम जनता अपने घरों से इस डिजिटल प्लेटफार्म पर योग दिवस समारोह में शामिल होंगे। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक धर्मेन्द्र साहू ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली 'माई लाइफ माई योगा' प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में कर रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को तीन यौगिक अभ्यासों (क्रिया, आसन, प्राणायाम, बंध या मुद्रा) का तीन मिनट का वीडियो फेसबुक, ट्वीटर या इंस्टाग्राम पर '#MyLifeMyYoga' पर अपलोड करना होगा। साथ ही एक छोटे वीडियो संदेश में बताना होगा कि कैसे योग क्रियाओं ने उनके जीवन को प्रभावित किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा ई-फाइलिंग संपर्क क्रांति सहायता केन्द्र की स्थापना

महासमुंद। जिला न्यायालय में सुनवाई के दौरान सोशल डिस्टेसिंग को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभाग में ई-फाइलिंग संपर्क क्रांति सहायता केन्द्र खोला गया है। इसके माध्यम से वकील प्रकरण के सभी दस्तावेज ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। दस्तावेज संबंधित कोर्ट को उपलब्ध हो जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहम्मद जहाँगीर तिगाला ने बताया कि इसके अलावा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रकरण के बारे में बहस कर सकते हैं। इस प्रकार के दस्तावेज को ऑनलाइन जज के समक्ष पेश कर सकते है। कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव के लिए जिला न्यायालय के वकीलों को न्यायालयीन कार्यवाही करने के लिए सहयोग के तौर पर ई-फाइलिंग संपर्क क्रांति सहायता केन्द्र की शुरुआत की गई।

जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुषमा सावंत द्वारा उक्त केन्द्र का उद्घाटन किया गया। ऐसे वकील जिनके द्वारा एंड्रायड मोबाइल कंप्यूटर स्कैनर की सुविधा उपलब्ध नहीं है या फिर उपयोग में नहीं लाते, उनकी सुविधा के लिए ई-फाइलिंग की व्यवस्था भी की गई है।

उन्होंने बताया कि इससे वकीलों की समस्या का निराकरण हो जाएगा। हेल्प डेस्क में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों द्वारा अधिवक्ताओं को ई-फाईलिंग की प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण देंगे। न्यायालय परिसर में वकीलों के लिए वीडियो कांफ्रेसिंग के लिए अलग से एक कक्ष बनाया गया है। वहां ई-डेस्क उपलब्ध है। यहां से वकील पूर्ण रूप से सोशल डिस्टेंसिंग के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कोर्ट में बहस करेंगे।

इस कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, श्रीमती निधि शर्मा तिवारी, अपर जिला न्यायाधीश, पुष्पलता मार्कण्डेय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहम्मद जहाँगीर तिगाला उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहम्मद जहाँगीर तिगाला द्वारा जानकारी दी गई कि 11 जुलाई 2020 को राज्य स्तरीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। वर्तमान समय में अदालतों की नियमित कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार स्थगित है तथा केवल अत्यावश्यक कार्य का संपादन सीमित न्यायाधीशों एवं स्टाफके माध्यम से निष्पादित किया जा रहा है।

मनरेगा कार्यों के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

- **ग्रामीणों एवं किसानों से की चर्चा, मैदानी अमले को दिए दिशा निर्देश**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोड़बहाल के आश्रित गांव राजाडेरा एवं खुंटेरी में चल रहे मनरेगा कार्यों का औचक निरीक्षण बुधवार को कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने किया। इस दौरान उन्होंने राजाडेरा में 09 लाख 94 हजार रूपए की लागत से निर्माणाधीन निस्तारी तालाब गहरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। मैदानी अधिकारियों से मजदूरों का नियमित रूप से मस्टररोल ठीक से भरने, मेजरमेंट के अनुसार कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक करने, ऑनलाईन एण्ट्री करने, मौके पर उपस्थित पीओ को रजिस्टर संधारित करने, तकनीकी सहायकों को माप-पंजी (मेट-पंजी) का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने ग्राम पंचायत गोड़बहाल में 12 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवन का भी निरीक्षण किया और यहां भवन की खिड़कियों पर एल्यूमिनियम की जाली लगाने कहा। उन्होंने भवन के गुणवत्तापूर्वक कार्यों को देखकर सराहना की और शीघ्र ही इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इन कार्यों के लिए नागरिक सूचना पटल (बोर्ड निर्माण) शीघ्र प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खुटेरी पहुंचकर वहां बनाए गए नरवा डीपीआर के अंतर्गत 91 हजार की लागत से बनाए गए गेबियन स्ट्रक्चर का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों ने बताया कि इसके बनने से आसपास के किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और बारिश के समय अनावश्यक पानी के बहाव को बहने से रोका जाएगा, जिससे पानी की स्त्रोत बढ़ेगी और उसका सदुपयोग किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने श्रीमती बिरझाबाई द्वारा अपने खेत में 02 लाख 67 हजार रूपए की लागत से कराए जा रहे निजी डबरी निर्माण का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने उनके द्वारा कराए जा रहे निजी डबरी निर्माण कार्य की सराहना की। उन्होंने डबरी के मेढ़ पर वृक्षारोपण करने एवं डबरी के माध्यम से सिंचाई तथा मछलीपालन भी करने को कहा जिससे कि उनके आय में वृद्धि हो सके। इसके अलावा उन्होंने शासकीय भूमि में 18 लाख 94 हजार की लागत से मनरेगा से स्वीकृत उद्यानिकी नर्सरी का भी अवलोकन किया।

महिला से मिलकर कलेक्टर ने जाना उनका हालचाल

जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम खुटेरी पहुंचे कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने अपने घर के परछी में बैठीं आदिवासी महिला श्रीमती लगनी बाई बरिहा से मुलाकात कर हालचाल जाना और शासन द्वारा मिलने वाली जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने जानना चाहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत् प्रत्येक माह खाद्यान्न सामग्री मिलती है कि नहीं। इस पर श्रीमती बरिहा ने बताया कि उन्हें प्रत्येक माह खाद्यान्न सामग्री मिलती है।

कांग्रेसियों ने पेट्रोल के दाम बढ़ने पर जताया जोरदार विरोध

डोंगरगढ़। ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पिछले 10 दिनों से लगातार केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल के दामों में किए जा रहे वृद्धि एवं समस्त आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में हो रही निरंतर वृद्धि के खिलाफशहर में 11 अलग अलग जगहों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने घर के सामने बैठकर प्रदर्शन किया गया। कोरोना महामारी के दुष्प्रभाव के कारण शासन के निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित क्षेत्रों के चार चार कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन स्थल की जवाबदारी दी गई थी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों द्वारा पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर के दामों में लगातार वृद्धि के लिए केंद्र सरकार को दोषी ठहराते हुए नारेबाजी कर हाथ में पोस्टर रख विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक भुवनेश्वर बघेल के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता नपा अध्यक्ष सुदेश मेंश्राम कुछ कार्यकर्ताओं के साथ पूरे शहर का साइकिल से भ्रमण कर सभी 11 स्थानों में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस जनों ने

कहा कि *कोरोना काल में जब देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है व्यापार तबाह हो गए हैं। किसान और मध्यम वर्ग परेशान हैं। तब पेट्रोल डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि करना न्याय संगत नहीं है। यह वृद्धि तब की जा रही है जब पूरे विश्व में पेट्रोल डीजल पानी के भाव बिक रहा है। उसके बावजूद भारत सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल महंगा किया जाना समझ से परे है।* इस प्रदर्शन के दौरान संध्या देशपांडे धीरज मेश्राम संजय श्रीवास्तव अनिल मेश्राम रिमी भाटिया हरीश भंडारी ममता शिंदे नलिनी मेश्राम जितेंद्र भाटिया उमा महेश वर्मा राधे कृष्ण कनौजिया मनोज साहू दीपाली भंडारी ललिता साखरे आमना बेगम किरण देउडकर शिशुपाल भारती प्रमोद टैंभूर्णीकर इंदरपाल राजा एडविन हैदर किरण मेश्राम भारत भूषण मेश्राम प्रमोदठाकुर संजय यादव गणेश मुदलियार अजय अग्रवाल धन्ना गणवीर वीरेंद्र पाल अजय सहारे गणपत रजक संजय फुले सुधीर डोंगरे राजू सेन गरीबदास गढ़पाले अमन उज्जवने लखन पाटकर प्रकाश महानदी जितेंद्र महतो नरेश करसे अमीन उके मयूर हथेल अकील कुरैशी बॉबी भाटिया गौरव टेम्भुरकर आशीष शुक्ला अमबरीश टांडिया लोकेश साखरे बंसीलाल साखरे श्रीकांत राहुल जन बंधु दुलीचंद बडोले जोसेफ फिलिप आयुष सांगोडे सहित बहुत से कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

महापौर ने किया लालबाग त्रिवेणी परिसर स्थित नाले का निरीक्षण

राजनांदगांव। बारिश में शहर के नागरिकों को भी परेशानी न आये और किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति न होने पाये शहर के प्रथम नागरिक महापौर इस बात को लेकर बेहद चिंतित हैं नजर आ रहे हैं। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन गणेश पवार, संतोष पिल्ले चेयरमेन खाद्य विभाग और नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक के साथ लालबाग क्षेत्र त्रिवेणी परिसर में स्थित नाले की सफाई व्यवस्था का निरक्षण किया। महापौर श्रीमती हेमासुदेश देशमुख ने नगर निगम कमिश्नर चंद्रकांत कौशिक से कहा कि शहर की समस्त नालों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जाये, जिससे कि बरसात में शहर के किसी भी नागरिकों कोई तकलीफन होने पाये तथा श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के निचली बस्तियों का विशेष ध्यान रखा जाये, निचली बस्तियों में निवासरत् लोगों के घरों में बरसात का पानी न घुसने ऐसा इंतजाम करें तो वहीं, कहीं भी शहर में बारिश के पानी से जलभराव न हो उन्होंने कहा कि यह निरीक्षण लगातार चलता रहेगा इसलिए सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी।

महापौर ने नाली निर्माण कार्य का जायजा लिया

राजनांदगांव। शहर में नगर निगम द्वारा शहर वार्डो में लोगों की सुविधाओं के लिए निर्माण कार्यो की नींव रखी जा रही है। इसी क्रम में शहर के वार्ड क्रमांक 23 स्थित बक्शी अस्पताल के निकट नाली निर्माण कार्य जारी है। वार्ड क्रमांक 43 में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने अपने मातहत अधिकारियों के साथ बक्शी अस्पताल समीप नाली निर्माण कार्य का जायजा लेकर क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य श्रीमती सुनीता फड़णनवीस के साथ वार्ड का भ्रमण किया। वार्डवासियों ने महापौर श्रीमती देशमुख को विभिन्न विषयों से संबंधित मांग पत्र भी मौके पर ही वार्ड के लोगों ने सौंपा। महापौर श्रीमती हेमासुदेश देशमुख ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं करें और शहर में जहां-जहां निर्माधीन विकास कार्य हो रहे हैं, उस निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। कहीं से भी शिकायत आने पर और शिकायत सही पाये जाने पर कठोर कार्रवाई होगी।

मवेशी मालिक अपने मवेशी घर पर बांध कर रखने आयुक्त ने कहा

राजनांदगांव। नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने चौक चौराहो पर विचरण करने वाले मवेशियों के मालिकों से अपील की है कि वे अपना मवेशी घर पर बांध कर रखे। अवारा घुमते पाये जाने पर कांजी हाउस (गौठान) में बंद कर मवेशी मालिकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त कौशिक ने बताया कि गाय-भैस आदि जानवर चौक-चौराहो एवं सड़कों पर बैठे रहते है। जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उक्त दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखे तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़े। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस (गौठान) में बंद कर मवेशी मालिकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

रैलिंग चोरी होने पर आयुक्त ने कराई एफआईआर

राजनांदगांव। चौक सौदर्यीकरण के तहत गौरव पथ रोड में शासकीय जिला चिकित्सालय के पास नगर निगम द्वारा मेजर ध्यानचंद एवं हॉकी खिलाडियों की प्रतिमा लगाकर उसकी सुरक्षा के लिये रैलिंग लगाया गया है। उक्त रैलिंग को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड कर चोरी कर लिया गया है। रैलिंग चोरी होने पर आयुक्त चंद्रकांत कौशिक द्वारा अज्ञात तत्वों के विरूद्ध बसंतपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गयी। आयुक्त श्री कौशिक ने बताया कि चौक चौराहो के सौदर्यीकरण के तहत नगर निगम द्वारा गौरव पथ में निर्मित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को ध्यान में रखकर शासकीय जिला चिकित्साल जाने वाले चौक में मेजर ध्यानचंद सहित नगर के प्रसिद्ध हॉकी खिलाडियों की प्रतिमा स्थापित कर सौदर्यीकरण कर रैलिंग आदि लगाया गया था, जहॉ से गत दिनों असामाजिक तत्वों द्वारा रैलिंग तोड कर चोरी कर ली गयी। चोरी होने से नगर निगम को लगभग 15-20 हजार रूपये की आर्थिक क्षति हुई। जिसकी बसंतपुर थाने में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया।

गौठानों में 19 जून को होंगे विविध कार्यक्रम

राजनांदगांव। राज्य शासन के निर्देश अनुसार जिले में 19 जून को गांवों में बनाए गए गौठानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की पूरी तैयारी हो गई है। सभी गौठानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती तनुजा सलाम ने इस संबंध में सर्व संबंधितों को परिपत्र जारी कर राज्य शासन के निर्देशानुसार गौठानों में कार्यक्रम और गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कोरोना संकट काल में मंत्री अकबर ने 275 लोगों को पहुंचाई मदद

- कवर्धा नगर पालिका पहुंच अकबर ने किया चेक वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कोरोना संकटकाल में फुटकर व्यापारियों के जहां कार्य पूरी तरह प्रभावित हो चुके थे वहीं रोजमर्रा के जीवनयापन करने वाले कुछ लोगो को व्यापार करने आर्थिक संकट बना हुआ था। कवर्धा विधायक एंव कैबिनेट मंत्री मो.अकबर नें ऐसे संकट के समय में फुटकर व्यापारियों की सुध लेते हुए 275 लोगो को पांच-पांच हजार रूपए का चेक वितरण किया। जिससें लोगो ने राहत महसूस की है। तो अब कुछ लोग इन रूपयों से अपना छोटा-मोटा रोजगार फिर प्रारंभ कर सकेंगे। कोरोना काल के समय रोज कमाने खाने वाले ऐसे भी लोग है। जो प्रतिदिन समान खरीदकर उसे बेचा करते थे उसमें से जो फायदा उन्हे मिलता था उससे वे अपने परिवार का संचालन किया करते थे। लेकिन कोरोना संकटकाल में वह राशि भी खत्म हो चुकी थी। आखिरकार कैबिनेट मंत्री ने 275 लोगो को जो राशि प्रदान की है। उनसे अब फुटकर व्यापारियों को थोडी राहत तो जरूर मिल गई है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण और लॉकडाउन से प्रभावित लोगों को सीधी मदद पहुंचाने के लिए अनेक पहल और विशेष उपाय किए जा रहे है। प्रदेश के वन, परिवहन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर द्वारा गुरूवार को नगर पालिका के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अपनी स्वेच्छा अनुदान मद से कवर्धा नगर पालिका अंर्तगत अपनी आजीविका चलाने वाले फुटकर (छोटे-छोटे) 275 व्यापारियों को फिर से व्यापार अथवा काम-धंधा शुरू करने के लिए 13 लाख 75 हजार रूपए का चेक देकर सीधी मदद किया गया। कोरोना संकट प्रभावित प्रत्येक फुटकर व्यापारियों को व्यापार शुरू करने के लिए पांच-पांच हजार रूपए का चेक प्रदान किया। सभी फुटकर व्यापारियों ने आर्थिक संकट के दौर में पांच-पांच हजार रूपए सीधी मदद करने के लिए छत्तीसगढ सरकार और कवर्धा विधायक श्री अकबर के प्रति अभार व्यक्त किया। पूरे प्रदेश में कवर्धा नगर पालिका परिषद् प्रदेश का पहला पालिका बनी है, जहां अपने फुटकर पथ विक्रेताओं को पुनः व्यापार संचालित करने के लिए सीधे तौर पर आर्थिक मदद पहुंचाई गई है।

वन, परिवहन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर अपने संक्षिप्त उद्बबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांव-गरीब, किसानों, युवाओं की सरकार है। राज्य सरकार द्वारा कोरोना संकट के इस वैश्विक महामारी और लॉकडाउन से प्रभावित प्रदेश के किसानों से लेकर अंतिम व्यक्ति को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा है कि किसानों से लेकर व्यापारियों में आत्मविश्वास तभी आता है जब उनके पास खेती-बाड़ी और व्यापार शुरू करने के लिए पर्याप्त पैसे हो। उन्होंने बताया कि इस संकट के दौर में फुटकर व्यापारियों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए कवर्धा पालिका अध्यक्ष द्वारा संज्ञान में लाया गया और प्रभावितों को मदद पहुंचाने का काम किया गया। इस संकट के दौर में छोटे विक्रेताओं को पहुंचाई गई यह आर्थिक मदद उसके जीवन को एक नई दशा और दिशा देगी ऐसा विश्वास है।

वन मंत्री अकबर ने किया पौधारोपण

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने एक दिवसीय कवर्धा प्रवास के दौरान कवर्धा नगर पालिका परिसर में पौधारोपण किया। मंत्री श्री अकबर गुरूवार को कोरोना वायरस के संकट एवं लॉकडाउन से प्रभावित फुटकर व्यापारियों को 13 लाख 75 हजार रूपए सीधे तौर पर आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए आयोजित चेक वितरण कार्यक्रम में कवर्धा पहुंचे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, उपाध्यक्ष जमील खान, सभापति प्रमोद लुनिया, चुनवा खान, श्रीमती सुरेखा संतोश नामदेव, भीखम कोसले, नरेन्द्र देवांगन, अशोक सिंह, मोहित महेश्वरी एवं कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक के.एल. ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के., वन मंडालाधिकारी दिलराज प्रभाकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

युवा कांग्रेस एनएसयूआई ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

पंडरिया। युवा कांग्रेस व एनएसयूआई द्वारा पंडरिया गाँधी चैक में घाटी में हुए वीर जवानों को कैंडल जलाकर व 2 मिनट मौन रख कर श्रधांजलि दिया गया शहीद जवान अमर रहे व भारत माता की जय के साथ चीन मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। मीडिया से बात करते हुए जिला युवा कांग्रेस महासचिव मनीष शर्मा ने बताया कि हमारे देश के जवान की शहादत से युवा आक्रोशित है चीन के प्रति गुस्सा है। केंद्र के मोदी सरकार को चीन को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए और भारत में चीन का सामना पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। प्रधानमंत्री तत्काल इस पर विचार करें। श्रधांजलि सभा मे जिला सचिव नवीन जायसवाल, जिला युवा कांग्रेस महासचिव मनीष शर्मा, जिला महामंत्री घनश्याम साहू छात्र संघ अध्यक्ष रविदास मानिकपुरी, विवेक बंगानी, अकबर खान, हाकिम कुरैशी, वैभव ठाकुर, पवन मोहले, प्रिंस प्रताप अन्य युवा कांग्रेस एनएसयूआई के पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिले में एक बार फिर थानेदारों की अदला-बदली

कवर्धा । जिले में थानेदारो की अदला-बदली का सिलसिला लगातार चल रहा है। अब तीनो थानों के थानेदारो के थाने बदल दिए गए है। पुलिस अधिक्षक कार्यालय से मंगलवार को तबादला सूची जारी किया गया। इसमें पंडरिया टीआई अनिल कुमार शर्मा को सहसपुर लोहारा थाना का प्रभार दिया गया है। पंडरिया में टीआई रहते हुए अनिल शर्मा ने काफी सामाजिक सरोकार कार्य किए। पुलिस और आम जनता के बीच किसी तरह की दूरी न रहे इसके लिए प्रयास किए। प्रतियोगिता आयोजित किए। साथ ही मावेशियों को लॉकडाउन के दौरान भोजन प्राप्त हो इसके लिए भी सार्थक प्रयास किए। इसके साथ ही पंडरिया नगर में शांति व्यवस्था के लिए लगातार चालानी कार्रवाई भी किए ताकि लोग मास्क पहने और लॉकडाउन का पालन करे। अब श्री शर्मा सहसपुर लोहारा में ड्यूटी देंगे। हालांकि पंडरिया थाना के लिए अब किसी निरीक्षक का नाम तय नही है। इसलिए फिलहाल प्रशिक्षु डीएसपी ही थाना संभालेंगे।

हुआ डिमोशन: निरीक्षक लवकुमार कंवर को थाना सिंघनपुरी से रक्षित केन्द्र भेज दिया। वहीं रक्षित केन्द्र से निरीक्षक कौशल किशोर वासनिक को रक्षित केन्द्र से थाना सिंघनपुरी का प्रभार दिया गया। वहीं थाना झलमला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक आशीश सिंह को कवर्धा थाना मे पदस्थ के लिए सूची जारी किया गया।

आठ जुआरियों को पुलिस ने पकडा, 38 हजार सहित 52 पत्ती जब्त

पंडरिया । थाना पंडरियो क्षेत्र में अवैध जुआ-सट्टा के विरूद्व लगातारा कार्रवाई जारी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुखबीर की सूचना पर पंडरिया नगर के गोपीबंदपारा में मोनू उर्फमणिशंकर तिवारी के घर के अंदर जुआरी गजानंद हलवाई, मुकेश देवांगन, होरीलाल कुर्मी, आकाश देवांगन, राकेश, सुखदेव चंद्राकर, अन्नू ठाकुर कुल 8 जुआरियों द्वारा 52 पत्ती ताश पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाया गया।

राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रुप में मनाया जायेगा

कवर्धा। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीष्वर अनन्तश्रीविभूशित श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाभाग का 77वां प्राकट्योत्सव 19 जून को पूरे देश में राश्ट्रोत्कर्श दिवस के रुप में मनाया जायेगा।

आदित्यवाहिनी के प्रदेश महामन्त्री अवधेशनन्दन श्रीवास्तव ने बताया कि सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु एवं सर्वोच्च न्यायाधिपति श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी महाभाग का प्राकट्य आशाढ़ कृश्ण त्रयोदशी के दिन हुआ था। जिसे विगत् अनेक वर्शो से धर्मसंघ, पीठपरिशद, आदित्यवाहिनी व आनन्दवाहिनी के द्वारा हर्शोल्लासपूर्वक मनाया जाता है। किन्तु इस वर्श वैश्विक महामारी के कारण सामूहिक आयोजन न करते हुए संस्था के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के द्वारा अपने-अपने शहर, गांव व निवास स्थान में ही सोशल डिस्टेंसिंग व फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रुद्राभिशेक, हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड पाठ एवं सत्संग का आयोजन किया जावेगा।

खरीफ फसलों की रक्षा के लिए छत्तीसगढ़ का पारम्परिक रोका-छेका की व्यवस्था होगी लागू

- 19 जून से रोका-छेका की व्यवस्था जिले में होगी लागू

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य को देश में धान का कटोरा कहा जाता है प्रदेश में खरीफ फसलों में धान की बोआनी सर्वाधिक होती है। फसलों को चराई से बचाने के लिए रोका-छेका की परम्परा रहीं है इसी क्रम में कबीरधाम जिले के सभी ग्रामों में रोका-छेका का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार इस अवसर पर सभी ग्रामों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, .षि विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्सय विभाग द्वारा मिलकर विभिन्न सामग्रायों का वितरण कर रोका-छेका को प्रारंभ करेंगे। जिले में निर्मित गौठानों में .षि विभाग द्वारा 250 पैकेट मिनी कीट का वितरण किया जायेगा।

ग्रामीणों की भागीदारी से सफल होगा रोका-छेका:- कलेक्टर कबीरधाम

कलेक्टर कबीरधाम रमेश कुमार शर्मा ने बताया की छत्तीसगढ़ शाशन के दिशा निर्देश अनुसार जिले में कार्यक्रम होगा। ग्रामीणों को सुराजी गांव योजना अंतर्गत नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना से लाभ के बारे में बताया जाएगा। गौठान प्रबंधन समिति की बैठक सभी जगह होगा जिसमे गौठान के साथ ग्रामीण विकास पर चर्चा होगी। रोका छेका में सभी की भागीदारी से खरीब फसलो को मिले वाले लाभ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्रामीण आपस मे चर्चा करेंगे, जिसमे विभाग के मैदानी अमले शासन द्वारा चलाये जा रहे योजना की जानकारी देने शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद गणेश को अशोक चक्र दिया जाए : अमित जोगी

कवर्धा। गलवान वैली, लद्दाख चीन के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूत को सादर श्रद्धांजली युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे द्वारा बाजार चैक में कैंडल जलाकर शहीद वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। युवा जनता कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि इस दुःखद पल को शहीद परिवार को सहन करने की शक्ति ईश्वर दे। हमने पूर्व में शहीद परिवार को राज्य सरकार द्वारा 1 करोड़ बीमा

राशि तथा परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी देने के लिए ज्ञापन तथा आंदोलन किया था इस पर संज्ञान लेवे। इस मुठभेड़ में हमारे देश के 20 जवान शहीद हुए है जिसमे छत्तीसगढ़ के माटी के लाल गणेश कुंजाम का की भी शहादत हुई है। युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने बताया कि हमारे जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से अनुरोध करते हुए कहा कि आप दोनों अपनी दलगत निष्ठाओं के ऊपर उठकर ठान लें, तो छत्तीसगढ़ महतारी के वीर सुपूत और हमारे आदिवासी समाज के गौरव शहीद गणेश कुंजाम को अशोक चक्र से सम्मानित करने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। शहीद गणेश कुंजाम ने चीनी घुसपैठियों को खदेड़ने में जिस बहादुरी का परिचय दिया है, वो शहीद गुंडा धुर, शहीद वीर नारायण सिंह और शहीद बिरसा मुण्डा की मिसाल से किसी मायने में कम नहीं है। निःसंदेह इस से हमारे छत्तीसगढ़ का विश्व में मान बढ़ेगा और प्रदेश के नौजवानों को प्रेरणा मिलेगा।

नसीहत | कलेक्टर वर्मा ने की एनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा, हितग्राहियों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के दिए निर्देश

एनआरएलएम के माध्यम से पोषण बाड़ी में अधिक से अधिक मुनगा पौधे लगाएं : वर्मा

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने कहा कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को एनआरएलएम की गतिविधियों से जोड़ा जाना चाहिए। इन्हें ऐसे आजीविका मूलक कार्य उपलब्ध कराए जाएं जिससे उनकी आमदनी लगातार बनी रहे। उन्होंने कहा कि राज्य की प्राथमिकता वाली योजना नरवा, गरवा, घुरवा

और बाड़ी में एनआरएलएम के माध्यम से समूह की महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने मुर्गी पालन, बकरीपालन, सुकरपालन, वर्मी कम्पोस्ट बनाने जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर उनके लिए बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। श्री वर्मा ने कहा कि बैंक लिंकेज के माध्यम से हितग्राहियों को ऋण दिलाकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए सहयोग करें।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के डीएमएम ने बताया कि एनआरएलएम के माध्यम से गौठानों में मुर्गी शेड, बकरी शेड, नाडेप टैंक का निर्माण कराया गया है। मनरेगा के तहत तालाब, डबरी, कुंआ का भी निर्माण किया गया है। समूह की महिलाओं द्वारा कोविड-19 की सुरक्षा के लिए मास्क तैयार किए जा रहे हैं। इन महिलाओं द्वारा गांवों में सेनेटरी नेपकिन भी बेचा जा रहा है और महिलाओं में जागरूकता लाई जा रही है। एनआरएलएम के माध्यम से अनेक महिलाओं को ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ई-रिक्शा के लिए शहर में चार्जिंग पाईट की व्यवस्था होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि आश्रम, छात्रावासों में उपयोग होने वाले वस्तुओं के लिए स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को खरीदने की प्राथमिकता देनी चाहिए। गांव के लोगों को भी समूह द्वारा तैयार वस्तुओं को खरीदने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए कलस्टर बनाकर प्रत्येक कलस्टर में 15-20 गांवों को जोड़कर कार्य करने की जरूरत है। जिन स्थानों पर पशुपालन, मछलीपालन, मुर्गीपालन की संभावनाएं हैं वहां इन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए।

धाराशिव के 217 मजदूर अर्जुनी के निर्माणाधीन छात्रावास में शिफ्ट, लोग खौफजदा

नवप्रदेश संवाददाता

अर्जुनी। कोविड-19 वैश्विक महामारी के चलते प्रवासी मजदूरों का आवागमन बंद नहीं हो रहा है बलौदा बाजार जिले के ग्राम पंचायत धाराशिव में कोरोनावायरस की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होते जा रही है जिसकी खबरें अखबारों व मीडिया चैनलों में लगातार चलने के कारण शासन प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तैद हो गई है ,जिसके चलते प्रवासी मजदूरों की दशा दिशा को देखते हुए 217 मजदूरों को बलौदा बाजार जिले के ग्राम पंचायत अर्जुनी के निर्माणाधीन छात्रावास में शिफ्ट किया गया।

ज्ञात हो कि धाराशिव के प्रवासी मजदूरों कोरना महामारी के चलते अपने गांव लौट आए थे सभी शासकीय भवन में जगह नही होने के कारण वह अपने झोपड़ीनुमा घरों में रहे थे ल

जिसमे सांप बिच्छू व अन्य जहरीले कीड़ों का खतरा बने रहने के कारण एसडीएम लवीना पांडे को जानकारी प्राप्त होने के तुरंत बाद अपने टीम के साथ गांव पहुंच कर वस्तुस्थिति को देखते हुए उन्हें समझाइश देते हुए कहा गया कि अभी यह वक्त कोरोनावायरस से लड़ने का है। जिसके मद्देनजर श्रमिकों को अर्जुनी के छात्रावास में शिफ्ट किया गया वहीं शासन के इस निर्णय के उपरांत सरपंच प्रमोद जैन सचिव परमानंद निषाद पंच धर्मेंद्र कटारे संतोष सेन ने क्वॉरेंटाइन किए गए श्रमिकों से मिलकर उनका हालचाल पूछा व किसी भी व्यक्ति को छात्रावास से बाहर नही निकलने की शक्त हिदायत सरपंच द्वारा दिया गया इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीकाराम ध्रुव द्वारा शिफ्ट किए गए श्रमिकों को थर्मल स्कैनर से स्कैन किया गया साथ ही गर्भवती महिलाओं को उपयुक्त दवाइयां भी दिया गया वही इनके भोजन का प्रबंध भी ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है।

> शासन के आदेश अनुसार धाराशिव के प्रवासी मजदूरों को अर्जुनी के निर्माणाधीन छात्रावास में शिफ्ट किया गया है जिसका हर प्रकार से आवश्यक सामग्रियों की यथासंभव उपलब्ध कराने की प्रयास किया जा रहा है।
>
> **प्रमोद जैन,** सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी

बहु पर मिटटी तेल छिड़कने वाले 4 गिरफ्तार

भाटापारा। एक विवाहिता अपने ससुराल वालो के हाथो से उस वक्त जलने से बच गई जब पीड़िता पर मिटटी तेल डाल कर माचिस खोजने लगे,,उतने में पीड़िता का पति घर पर आ पहुँचा।पीड़िता ने अपने पति को पूरा वाक्या सुनाया फिर थाने में की गई नामजद रिपोर्ट पर ग्रामीण पुलिस ने पीड़िता के सास ससुर,जेठ जेठानी को गिरफ्तार कर आगे की विवेचना कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण थाना से मिली जानकारी अनुसार ग्राम जांगड़ा निवासी राजू बन्दे की पत्नी पदमनी बन्दे घर पर सब्जी काट रही थी तो उसी वक्त उसके पति का दोस्त आ गया फिर उसका पति दोस्त के साथ बाहर चल दिया। इस बीच घर पर मौजूद पीड़िता प्रार्थिया का ससुर और जेठ ने उसके साथ किसी पारिवरिक बात पर विवाद कर बैठे इस बीच सास और जेठानी भी उनके साथ होली,फिर पीड़िता को ज्यादा बात करती हो बोलकर उसका आज काम तमाम ही कर देते है ऐसा कहकर पीड़िता के पुरे शरीर में मिटटी तेल डाल माचिस को लाने ही गए थे उतने में पीड़िता का पति राजू घर पर वापस आ गया, वर्ना उक्त महिला को अग्नि स्नान करा दिया जाता। पति को पीड़िता ने पूरी बात बताई फिर उन्होंने ग्रामीण थाना पहुँच मामले की शिकायत की जहाँ ग्रामीण पुलिस ने ससुर रतिराम,जेठ गेंद राम सास उर्मिला,जेठानी अनीता के खिलाफ धारा 307,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चारो को गिरफ्तार कर आगे की विवेचना कर रही है।

एक ही दिन में 5 ट्रेनों से आये 2300 श्रमिक

भाटापारा। राज्य शासन के सहयोग से भाटापारा स्टेशन में मजदूरो का आना लगा हुआ है। श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से यहाँ श्रमिक नियमित रूप से पहुँच रहे है। बुधवार को एक के बाद लगातार 5 ट्रेने यहाँ आई जिसमे तकरीबन 2300 मजदूर यहाँ पहुँचे जिन्हें उनके ब्लाक में भेज दिया गया। गुरुवार को आई 3 ट्रेनों को मिलाकर अब तक यहाँ 49 ट्रेने श्रमिको को लेकर आ चुकी है। भाटापारा स्टेशन में पिछले माह की 13 तारीख से ट्रेनों का जो आना चालू हुआ है वह आज तक अनवरत जारी है।देश के विभिन्न राज्यो से श्रमिक मजदूरो को लाने का सिलसिला कब थमेगा,,इसका जवाब किसी के पास नही है। बुधवार को उत्तरप्रदेश से एक ही दिन में 5 ट्रेने यहाँ पहुँची। फैजाबाद से 2 ट्रेन,अकबरपुर से 1,उन्नाव से 1 और गोरखपुर से 1 ट्रेन आई। इन सभी 5 ट्रेनों में 2296 श्रमिक मजदूर उतरे। एसडीएम महेश सिंह राजपूत ने बताया की यहाँ उतरे सभी श्रमिक मजदूर इसी जिले के होने के कारण उनको उनके ब्लाक के क्वार टाईन सेंटर के लिए रवाना कर दिया गया।। 13 मई से मजदूरो का यहाँ आना लगातार बना हुआ है और एसडीएम महेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में आने वाले श्रमिको के लिए कोरोना वारियर्स अपनी ड्यूटी को पूरी तन्मयता से कर रहे है और सभी वारियर्स का हौसला अफ्जाई के लिए उनके साथ नियमित रूप से तहसीलदार प्रवीण तिवारी भी लगे रहते है। भाटापारा रेलवे स्टेशन में इस समय बलौदाबाजार भाटापारा जिला के ही ज्यादा श्रमिक आ रहे है कल बुधवार को 5 ट्रेनों में आये सभी श्रमिक इसी जिले के थे। वही गुरुवार को भी लखनऊ, बाराबंकी और इटावा से आई 3 ट्रेनों के श्रमिक भी इसी जिले के थे।वैसे पूर्व में यहाँ बेमेतरा जिला ,कवर्धा जिला और कभी मुंगेली जिले के श्रमिक लगातार देश के विभिन्न हिस्सों से आ रही ट्रेनों से नियमित रूप से यहाँ आ रहे थे।यहाँ सभी प्रकार की सुविधा जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश प्रशासन ने उपलब्ध करा रखी है और यात्रियो को ट्रैन से उतरने के बाद उन्हें बस में बैठा कर रवाना कर दिया जाता है। भाटापारा स्टेशन में गुरुवार की शाम तक श्रमिक स्पेशल की 49 ट्रेने आ चुकी है।

जिले की 319गौठानों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भव्य मनाया जायेगा रोका-छेका

भाटापारा। राज्य के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के विशेष आग्रह पर कल 19 जून को पूरे राज्य में रोका छेका की व्यवस्था लागू करने निर्णय लिया गया है। इस मौके पर जिला बलौदाबाजार भाटापारा में 3 सौ 19 गौठानो सहित सभी ग्राम पंचायतों में रोका छेका मनाया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ डॉ फ़रिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर पूरे जिले में इसेभव्य तरीक़े से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिमसें विभिन्न विभाग कृषि, पशुपालन,आरईएस,उघानिकी,सहकारिता,मतस्य का एक संयुक्त कार्यक्रम गौठान एवं ग्राम पंचायतों में किया जायेगा।आज सभी गौठानो में कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति कर दिया गया है। डॉ फ़रिहा ने बताया कि सभी गौठानो में इस कार्यक्रम के दौरान कंपोस्ट खाद का वितरण,गौठान से संबंद्ध स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों का प्रदर्शन,पशुओं के स्वास्थ्य सम्बंधित उनका स्वास्थ्य परीक्षण,टीकाकरण ,पशु शिविर की व्यवस्था,पशुपालन मछ्ली पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड बनाने शिविर का आयोजन, कृषि, पशुपालन,मछली पालन से सम्बंधित नये तकनीकी एवं योजनाओं के बारे में जानकारी बताना, गौठानो में पैरा संग्रहण एवं भंडारण हेतु एक विशेष अभियान भी चलाया जायेगा। पूरे कार्यक्रम दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन किया जायेगा।

असम के चाय बागान में हमारे यहां की नीम गुठली की धूम

■ **प्राकृतिक उर्वरक और प्राकृतिक कीटनाशक के गुणों के खुलासे के बाद 11 सौ रुपए क्विंटल पर खरीदी**

भाटापारा। छत्तीसगढ़ का नीम असम के चाय बागानों में धूम मचा रहा है। छत्तीसगढ़ के साथ उड़ीसा का भी नीम साथ साथ जा रहा है। चाय बागान में भला नीम गुठली का क्या काम है? तो जान लीजिए यह प्राकृतिक उर्वरक और प्राकृतिक कीटनाशक के काम में उपयोग किया जा रहा है। मांग इतनी ज्यादा है कि पुराना स्टॉक की 11 सौ रुपए क्विंटल की दर पर खरीदी जा रही है।

घर का वैद्य माना जाता है नीम को। वजह यह है कि इस का

हर हिस्सा अपने आप में औषधि का गुण समेटे हैं और हां शाखाएं दातुन के रूप में उपयोग होती है तो छाल की दवाएं बनाई जाती है। पत्तियां खाद्य सामग्री को कीट प्रकोप से बचाती है तो तने से घरेलू उपयोग के लिए फर्नीचर बनते हैं। लेकिन इसका फल पहली बार उर्वरक और कीटनाशक के रूप में उपयोगी होने का खुलासा हुआ है। लिहाजा असम के चाय बागानों से इसकी खरीदी सीधे छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से होने लगी है। दिक्कत अब यही आ रही है कि यदि नीम के पेड़ों की कटाई के बाद नए पौधरोपण में इससे जगह मिलने के बावजूद पौधे पेड़ नहीं बन पा रहे हैं। लिहाजा उड़ीसा का नीम छत्तीसगढ़ के रास्ते असम भेजा जा रहा है।

प्राकृतिक उर्वरक और प्राकृतिक कीटनाशक

आसाम के चाय बागान छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से जिस गुठली की खरीदी कर रहे हैं उसे एक्सपेलर में तेल निकालने के लिए भेज रहे हैं। जहां से तेल यूरिया निर्माण कंपनियों और आयुर्वेदिक दवाएं बनाने के लिए बेच दी जाती है। रह जाता है अवशेष जिसे खली कहा जाता है। यही खली असम के चाय बागान में जाती है जहां इसका अवशेष पाउडर बनाकर उर्वरक मन में के रूप में छिड़काव किया जा रहा है। एक तरह से चाय के पौधों में प्राकृतिक बढ़त मे सहायक बनते हैं तो दूसरी ओर प्राकृतिक कीटनाशक का काम करते हैं। इस तरह एक गुठली तीन काम में उपयोग होती है।

हर हिस्सा उपयोगी

नीम के पेड़ का हर हिस्सा अपने आप में और औषधीय गुणों से भरा पूरा है। छाल की खरीदी टूथपेस्ट और टूथ पाउडर निर्माण करने वाली कंपनियां कर रही है तो पत्तियों की भी खरीदी यही क्षेत्र कर रहा है। छाल केवल टूथपेस्ट बनाने वाली कंपनियां ही नहीं बल्कि औषधि निर्माता कंपनियां भी करने लगी है। इसकी पत्तियों को सूखी खाद्य सामग्री को कीट प्रकोप से बचा पाने में सक्षम माना गया है। नए खरीददार के मिलने के बाद अब यह भी जानकारी सामने आ चुकी है कि इसकी खली में प्राकृतिक खाद और प्राकृतिक कीटनाशक के गुण भी है। बीज से हासिल तेल की खरीदी पहले से ही यूरिया निर्माता कंपनियां नीम कोटेड यूरिया बनाने के लिए कर रही है।

> असम की मांग से नीम गुठली में पुराना स्टॉक 11 सौ रुपए क्विंटल की दर पर बेचा जा रहा है। प्रदेश में इस साल मात्र एक हजार टन के आसपास उत्पादन की संभावना है लिहाजा शेष मांग के लिए उड़ीसा से संपर्क किया जा रहा है।
>
> **– सुभाष अग्रवाल,** संचालक एस पी इंडस्ट्रीज रायपुर
>
> हाई मेडिसिन वैल्यू होने की वजह से नीम को घर का वैद्य कहा जाता है। तना, छाल, पत्ती, फूल और फल सभी में अपने अपने औषधीय गुण हैं। तेल निकाले जाने के बाद बचा अवशेष प्राकृतिक रूप से उर्वरक और कीटनाशक का काम करता है।
>
> **– डॉ अजीत विलियम,** साइंटिस्ट, फॉरेस्ट्री, टी सी बी कॉलेज ऑफएग्री एंड रिसर्च स्टेशन बिलासपुर

रेलवे ट्रांसफार्मर को तोड़कर उसका ताम्बा चोरी और खरीदने वाले 4 गिरफ्तार

भाटापारा । रेलवे सुरक्षा बल थाना भाटापारा द्वारा ऑटो सिग्नल रूम चकरभाठा एवं दाधापरा स्टेशन के पास लगे ट्रांसफार्मर को तोड़कर उसका कॉपर(तांबा) चोरी करने वाले और ताम्बा को खरीदने वाले 4 आरोपीयो को गिरफ्तार कर आर पी एफ ने जेल दाखिल कर दिया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में पत्रकारो को जानकारी देते हुए आर पी एफ पोस्ट प्रभारी केपीएस गुर्जर ने बताया की 31- मई को रेलवे स्टेशन चकरभाठा के पास द्वद्व ठ्श 728/10 के पास बने सिंग्नल ऑटो रिले रूम का ताला तोड़कर उसमे लगे 06 नग रिले को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था इस घटना की जाँच में लगी टीम की जाँच के चलते ही अज्ञात चोरो ने 16 जून को दाधापरा स्टेशन के फर्टीलाइजर गेट के पास लगे रेलवे इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर खम्बे का बेस गिराकर उसमे से कॉपर (तांबा) को चोरी कर लिया गया था! लगभग 15 दिन के अन्तराल में एक ही क्षेत्र में हुई चोरी के आरोपियों को पकड़ने का निर्देश अनुराग मीणा, मंडल सुरक्षा आयुक्त ने दिया। वरिस्ट अधिकारीयो के दिशानिर्देशन में रेसुब भाटापारा के थानाधिकारी कर्मपाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में साथ निरीक्षक बीके चौधरी , उप निरी संजय वर्मा, उप निरी ऐ के बिंद,सउनि एल एन सिंह, पिके दुबे ओपी मिश्रा,वाई के जायसवाल,बीएस ठाकुर ,हेमंत कुमार एवं केएस नाथ के साथ उक्त चोरी को पकडने हेतु टीम का गठन किया गया!

उक्त टीम द्वारा लगातार उक्त चोरों को पकड़ने एवं चोरी के माल की बरामदगी के पतासाजी के दौरान 17 जून को खबर मिली कि दो आदमी सत्यनगर ऋषि गैस के पीछे खाली मैदान बिलाशपुर में तांबा को तोड़ रहे है! उक्त सूचना पाकर निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर अपनी उपरोक्त टीम के साथ वही दाधापरा से त्वरित कार्यवाही करते हुए वहां पहुचे! दोनो व्यक्ति पुलिस वर्दीधारी देखकर भागने लगे ,तब दोनों को घेराबन्दी कर पकड़ा गया, नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम पता (1) राज सिदार उर्फ बड़े वल्द वासुदेव सिदार उम्र-38 साकिन-जरहा भाटा मिनी बस्ती,जैतखम्भ के पास थाना सिविल लाइन जिला बिलाशपुर (2) रंजीत सिंह मरकाम वल्द स्व जय सिंह मरकाम उम्र-35 साल साकिन- ठाकुर कॉलोनी तिफरा जिला बिलाशपुर के कब्जे से उक्त घटनाओं में चोरी के लिए उपयोग में ली गई सबल ,रिंच पाना , 6 नग टूटा हुला सिग्नल रिले एवं 4 किलोग्राम कॉपर को उक्त दोनों आरोपियों से जब्त किया गया!

अंधे कत्ल की गुत्थी चंद घंटे के अंदर सुलझाई

■ **पुत्र एवं पत्नि ने की बिश्राम यादव की हत्या**

बेमेतरा/साजा। दिनांक 17.06.2020 के प्रातः 5 बजे डिलवापारा ग्राम अंधियारखोर निवासी बिश्राम यादव पिता पकलु यादव उम्र 58 साल अपने निवास में नही थे, जिसकी तलाश दिनांक 17.06.2020 से ही परिवारजन द्वारा की जा रही थी। बिश्राम यादव अपने घर में पत्नि सरोजनी यादव, पुत्र मोहन यादव, पुत्रवधु एवं विवाहीत बेटी के साथ निवासरत थे। आज दिनांक 18.06.2020 के प्रातः 7 बजे बिश्राम यादव के पुत्र मोहन यादव ने अपने चचेरे भाईयो विष्णु यादव एवं हेम लाल को स्वयं लेकर घर के पास के गड्ढे की ओर लेकर गया एवं स्वयं अपने पिता की लाश को देख कर बताया उसके पश्चात मोहन यादव के चचेरा भाई हेमलाल ग्राम अंधियारखोर के कोटवार के साथ थाना नवागढ पहुचकर इसकी सुचना दिया। थाना नवागढ में प्रातः 08 बजे अपराध क्र. 150/2020 धारा 302, 201 भादवि का अपराध अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल, अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा एवं थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक निरीक्षक विपीन रंगारी अपने थाना स्टाफ के साथ पहुचकर घटना स्थल का मुआयना किया।

मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस को निर्देशित कर एसडीओपी बेमेतरा के नेतृत्व में थाना प्रभारी नवागढ निरीक्षक विपीन रंगारी व थाना स्टाफको आरोपी पता साजी कर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

शव पंचनामा कार्यवाही विवेचना के दौरान मृतक बिश्राम यादव के संबंध में यह तथ्य प्रकाश में आया की मृतक बिश्राम यादव नशा करने का आदि था तथा अपनी पत्नि श्रीमति सरोजनी यादव को मारपीट करता था व अन्य महिलाओं से इसके अवैध संबंध थे। बिश्राम यादव के इस कृत्य से परिवार एवं समाज के बीच मृतक बिश्राम यादव के पुत्र एवं पत्नि अपने आप को अपमानीत महशुस करते थे एवं मृतक के इस कृत्य से उनकी बदनामी भी हो रही थी मृतक के इस कृत्य से निजात पाने के लिए पत्नि एवं पुत्र ने दिनांक 17.06.2020 की देर रात्रि जब बिश्राम यादव शराब सेवन कर अपने घर की परछी में अकेला सोया था तब बिश्राम यादव की पत्नि एवं पुत्र मोहन यादव बिश्राम यादव का सोने का इंतजार कर रहे थे। बिश्राम यादव जब गहरी निंद में सो रहा था तब रात्रि करीब 2.30 रात्रि बजे पुत्र मोहन यादव व पत्नि सरोजनी यादव दोनो एकराय होकर मृतक बिश्राम यादव का गला दबाये तथा पत्नि सरोजनी यादव ने उनके पैरो को पकडते हुए हत्या करने में मदद की ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राष्ट्रीय विधि विवि...

को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के प्रवेश में ओबीसी को आरक्षण देने अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन (अपाक्स) भोपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्जी. एपी पटेल व डॉ. आम्बेडकर एम्प्लॉइज एसोसिएशन, नागपुर के अध्यक्ष संजय थूल भी लगातार भारत सरकार से मांग कर रहे हैं।

यूजीसी को ये ओदश जारी किया एनसीबीसी ने

-ओबीसी आरक्षण नहीं देने वाले विवि को करें दंडित

हाल ही में इस मसले को गंभीरता से लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) नई दिल्ली ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि देश के ये संस्थान सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को प्रवेश में 27त्न आरक्षण देने के मामले में भारत सरकार व यूजीसी की आरक्षण नीति व संवैधानिक प्रावधानों का पालन करने में विफल रहे हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष डॉ. भगवान लाल साहनी द्वारा हस्ताक्षरित एक आदेश में, इस दिशा में यूजीसी को तत्काल उपचारात्मक उपाय करने व प्रवेश में ओबीसी आरक्षण नहीं देने पर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों को दंडित करने का भी निर्देश दिया है।

ऐसे समझें मामले को

ओबीसी आरक्षण 2008 से देश में लागू पर एनएलयू में नहीं

सभी 22 नेशनल लॉ विश्वविद्यालयों में एससी, एसटी, एनआरआई, विदेशी नागरिकों तथा सुपरमेसी कोटे का आरक्षण तो प्रारंभ से यानी 25 साल से लागू है। लेकिन तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुनसिंह की पहल पर भारत सरकार द्वारा समस्त केन्द्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी को आरक्षण देने पारित किये गए सेंट्रल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (रिजर्वेशन इन एडमिशन) एक्ट, 2006 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद वर्ष 2008 से भारत में लागू हो जाने के बाद भी इनमें (राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय) ओबीसी को 27त्न आरक्षण नहीं दिया गया। यह प्रथमदृष्टया कानून का घोर उलंघन नजर आता है।

आज तक नहीं बढ़ाई 54 फीसदी सीटें

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के प्रबंधन पूरे मामले के लिए इसलिए भी

जिम्मेदार हैं क्योंकि वे 2008 से ही भारत सरकार की मंशा के विपरीत

उच्च गुणवत्ता के 54 फीसदी कम अधिवक्ता शिक्षित कर रहे हैं। दरअसल पूर्व से संचालित केन्द्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों (कॉलेजों) में अनारक्षित सीटें (जनरल सीटें) कम न हों इसके दृष्टिगत सेंट्रल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (रिजर्वेशन इन एडमिशन) एक्ट, 2006 में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू करने से पूर्व प्रत्येक कॉलेज को 54त्न सीटें बढ़ाना भी अनिवार्य था, लेकिन सीटें नहीं बढ़ाई गईं। जिससे विगत 12 वर्षों में देश को प्रतिवर्ष मिलने वाले और 1800 योग्य वकीलों का नुकसान हुआ है।

नालसार हैदराबाद के मामले से पता चली हकीकत

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ओबीसी बाबत आरक्षण नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। मामला पिछले साल सबसे पहले सुर्खियों में तब आया जब वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश बाबू विश्वनाथुला ने आयोग में शिकायत दर्ज की थी। शिकायत के आधार पर, आयोग ने शुरू में जून 2019 में नालसार, हैदराबाद के कुलपति को तलब किया। मुद्दा यहीं तक नहीं रुका क्योंकि आयोग के ध्यान में यह आया कि अन्य सभी एनएलयू भी आरक्षण नियमों को दरकिनार कर रहे हैं। आयोग विशेष रूप से नालसार हैदराबाद के मामले में गंभीर था, जो त्रष्ट से धन प्राप्त करने के बावजूद एक निजी विश्वविद्यालय की तरह काम कर रहा था।

शहीद गणेशराम कुंजाम...

कांकेर जिले की कुरूटोला ग्राम पंचायत के ग्राम गिधाली निवासी श्री गणेश राम कुंजाम भी शहीद हो गए। शहीद कुंजाम का पार्थिव शरीर आज अपरान्ह विशेष विमान द्वारा रायपुर पहुंचा। मुख्यमंत्री बघेल ने लद्दाख में शहीद हुए जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया और शहीदों के परिजनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

शहीद के नाम पर...

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद कुंजाम के परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद स्वर्गीय श्री कुंजाम के पिता इतवारू राम कुंजाम को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से 20 लाख रूपए की अनुग्रह राशि का चेक सौंपा।

रायगढ़ : एक और हाथी...

मुताबिक मृतक हाथी गणेश है, जिसे कॉलर आईडी लगाया गया था, लेकिन कुछ माह पहले ही उसके गले से रेडियो कॉलर आईडी गिर गया था। फिर से गणेश का रेस्कयू करने वन विभाग द्वारा तमाम कोशिश भी की गई थी, लेकिन गणेश की पहचान नहीं हो पा रही थी। उन्होंने कहा कि गणेश की पहचान उसके गले के निशान से हुई है। जहां कॉलर आईडी लगाया गया था। प्रदेश में 9 से 18 जून के बीच 9 दिन में 6 हाथियों की मौत हो चुकी है। सूरजपुर के प्रतापपुर में 9 और 10 जून को एक गर्भवती हथिनी समेत 2 हथिनी की मौत हुई थी। बलरामपुर के अतौरी के जंगल में 11 जून को 1 हथिनी की मौत हुई थी। धमतरी के माडम- सिल्ली के जंगल में 15 जून को एक हाथी के बच्चे की मौत हुई। रायगढ़ के धरमजयगढ़ में 16 और 18 जून को 2 हाथियों की मौत हुई।

छग: वन नेशन वन राशन...

जुलाई से सितम्बर तक कुल तीन माह का खाद्यान्न निःशुल्क प्रदाय किए जाने के लिए छत्तीसगढ़ को आबंटन दिए जाने का आग्रह किया। खाद्य मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से प्रवासी श्रमिकों को भी जुलाई माह में निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान करने का अनुरोध किया। खाद्य मंत्री ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के प्रवासी श्रमिकों को मई एवं जून माह का निःशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है।

पुलवामा में मारा गया...

तलाश अभियान शुरू किया। सुरक्षा बल के जवान जब गांव में बाहर निकलने के रास्तों का सील कर लक्षित इलाके की ओर बढ़ रहे थे, तभी वहां छुपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

राहुल गांधी के सवाल पर...

खासकर पोस्ट से निकलते वक्त। 15 जून को गलवान में ड्यूटी पर तैनात सैनिकों के पास भी हथियार थे।' जयशंकर ने चीनी सैनिकों के साथ खूनी झड़प के वक्त हथियारों का उपयोग नहीं किए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने लिखा, 'गतिरोध के वक्त हथियारों का इस्तेमाल नहीं करने की लंबी परंपरा (19966 और 2005 समझौतों के तहत) रही है।

फूलने लगे चीन के हाथ...

उत्पन्न अवसरों को संजोने की गुहार लगानी शुरू कर दी है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाईम्स ने एक ट्वीट कर कहा, 'सीमा संघर्ष के बाद भारत में चीन का 'बहिष्कार' करने की आवाज बुलंद हुई है। सीमा मामले पर निवेश और व्यापार को बिना सोच-विचार के जोड़ना कतई भी तर्कसंगत नहीं है। दोनों देशों को वैश्विक महामारी से उत्पन्न अनिश्चितता के माहौल में सामने आए महत्वपूर्ण अवसरों को संजोने की जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

नीचा दिखाने वाले लोगों को विरोध करें आयशा टाकिया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री आयशा टाकिया का कहना है कि यदि कोई आपको नीचा दिखाने का प्रयास करता है तो आपको उसका विरोध करना चाहिये। सुशांत सिंह राजपूत निधन के बाद से कई कलाकारों ने दावा किया है कि फिल्म उद्योग में भाई भतीजावाद है और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के बच्चों को तरजीह दी जाती है जबकि बाहरी व्यक्ति को परेशान किया जाता है। आयशा टाकिया ने भी अब बॉलीवुड में बुली करने की आदत पर अपने अनुभव साझा किए हैं।

आयशा टाकिया उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इसका खुलासा किया है। आयशा ने लिखा, फ्ट्रोलिंग और काम की जगह बुलिंग के मेरे अपने अनुभव रहे हैं। मैं इस पर खुलकर अपनी बात रखना चाहती हूं और चाहती हूं कि अगर कोई आपको नीचा दिखाने का प्रयास करता है, तो उसका विरोध करें। यह मान लीजिए कि आप सबसे खास हैं। आप यहां बने रहने और अपने हक की खातिर लड़ने के लिए मौजूद हैं। आप उज्ज्वल और अलग हैं। आपको उन्हें जीतने नहीं देना चाहिए। किसी से बात करें। लोगों तक अपनी बात पहुंचाएं। डायरी पर अपनी बात लिखें या ऑनलाइन किसी से बात करें, लेकिन किसी को खुद पर हावी न होने दें। इन बकवासों को सहन न करें। आयशा ने लिखा, फमुझे पता है कि यह सब कुछ कहना आसान है, लेकिन आपको ऐसा करना होगा, आपको ऐसा करने की जरूरत है, कोई न कोई आपकी जरूर सुनेगा। हमें अपनी आगामी पीढ़ी के लिए इस धरती को एक बेहतर स्थान बनाना है और इस खातिर आपस में प्यार और सहिष्णुता बनाए रखें। लोगों संग अच्छा बर्ताव करें, क्योंकि कौन किस मुश्किल दौर से गुजर रहा है, इसका अंदाजा आपको नहीं है।

सुशांत के बिना एमएस धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी का सीक्वल संभव नहीं

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार अरूण पांडे का कहना है कि सुशांत सिंह राजपूत के बिना एमएस धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी का सीक्वल अब संभव नहीं है। सुशातं सिंह राजपूत ने वर्ष 2016 में प्रदर्शित फिल्म 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का किरदार निभाया। फिल्मी पर्दे पर धोनी बनने के लिए सुशांत ने कड़ी मेहनत की थी। माही की चाल से लेकर बाल तक। बोलने के लहजे से लेकर बल्लेबाजी शैली तक को सुशांत सिंह राजपूत ने आत्मसात किया था।

योर ऑनर में जज की भूमिका में नजर आयेंगे जिमी शेरगिल

मुबंई (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता जिमी शेरगिल सोनी लिव 2.0 डिजिटल प्लेटफार्म पर आने वाली वेबसीरीज 'योर ऑनर' में जज की भूमिका निभाते नजर आयेंगे।

सोनी लिव रोमांचक फिक्शन कहानियों से लेकर जीवन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित ओरिजिनल कंटेंट पेश करने वाला है। सोनी लिव का पहला ओरिजिनल कंटेंट 'योर ऑनर' एक डार्क थ्रिलर है और नैतिकता को लेकर इसमें काफी पेचिदगियां हैं। यह सीरीज 18 जून को लाइव होने वाली है। 'योर ऑनर' की प्रेरणा इजराइली सीरीज 'क्वेडो' से ली गयी है। यस स्टूडियो द्वारा वितरित इस सीरीज को स्फेयरओरिजिन्स के अप्लॉज़ एंटरटेनमेन्ट ने प्रोड्यूस किया है और इसके निर्देशक हैं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ई.निवास। इस थ्रिलर में नैतिकता और सदाचार की पेचीदगियों में फंसे बिशन खोसला की तकलीफको जिमी शेरगिल ने काफी अच्छी तरह दर्शाया है। इस रोचक पेशकश में जिमी शेरगिल के साथ मीता वशिष्ठ, वरुण वडोला, यशपाल शर्मा, पारुल गुलाटी, सुहासिनी मुले, रिचा पलोद, कुंज आनंद, पुलकित माकोल और महाबीर भुल्लर जैसे जाने-माने कलाकार हैं। जिमी शेरगिल ने इस शो के बारे में कहा, ÷एक एक्टर के तौर पर मुझे नहीं लगता है कि खुद को अलग-अलग किरदारों को करने से रोकना चाहिये। जिस भी फिल्म से मैं जुड़ रहा होता हूं तो मेरे लिये स्क्रिप्ट सबसे महत्वपूर्ण होती है।

डिप्रेशन में आने पर शराब पीने लगा था : रोनित रॉय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड और टीवी के जाने-माने अभिनेता रोनित रॉय का कहना है कि वे डिप्रेशन के कारण शराब पीने लगे थे। रॉनित रॉय ने अपने करियर के दौरान काफी संघर्ष किया है। रॉनित रॉय ने बताया कि एक वक्त था जब मैं डिप्रेशन में आ गया था और काफी शराब पीने लगा था। फिल्म 'जान तेरे नाम' के बाद मुझे कोई काम नहीं मिल रहा था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अच्छी-खासी कमाई की थी। रॉनित रॉय ने कहा ,÷मैं इतना परेशान हो चुका था कि मेरे सामने जो ऑफर आता था मैं ले लेता था। कई फिल्में इसमें बनी नहीं और कई हिट नहीं हुईं। कई बॉक्स ऑफिस पर चली नहीं। मैं इसके चलते थोड़ी शराब पीने लग गया। वह मेरा डिप्रेशन का फेज़ था। लेकिन कुछ सालों में मैंने खुद को ठीक कर लिया। मैं एक स्टार बनना चाहता था। जब भी मैं राजेश खन्ना और उनकी फैन फॉलोइंग को देखता था तो बहुत अच्छा लगता था। लेकिन बाद में जब स्क्रीन पर फेल होने लगा तो मुझे समझ आ गया कि मुझे स्टार नहीं, अभी केवल एक्टर बनने पर ध्यान देने की जरूरत है।

मुकेश खन्ना फिर बनेंगे शक्तिमान!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में जानेमाने अभिनेता मुकेश खन्ना ,शक्तिमान का किरदार एक बार फिर से साकार करते नजर आ सकते हैं। शक्तिमान के फैंस को जल्द ही एक बड़ा तोहफा मिल सकता है। सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार जीवंत करने वाले मुकेश खन्ना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह शक्तिमान अवतार में नजर आ रहे हैं। हालांकि, इसमें थोड़ा सा ट्विस्ट है, और वो ये कि उन्होंने मास्क पहना हुआ है। शक्तिमान के पास खड़े शख्स ने भी मास्क पहन रखा है। मुकेश खन्ना ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ÷मेरे भीष्म इंटरनेशनल के यूट्यूब चैनल पर कुछ नया आएगा। इंतजार करिए और खुद जान जाइए। गौरतलब है कि शक्तिमान भारत का पहला देसी सुपरहीरो तो था ही लेकिन साथ ही इस शो के जरिए बच्चों को कई तरह की नसीहतें भी दी जाती थी जो उन्हें रियल लाइफमें बेहतर बनने में मदद करें। इस शो का प्रसारण साल 1997 में शुरू किया गया था जो साल 2005 तक इस शो का प्रसारण चलता रहा।

युवराज की टिप्पणी पर हांसी पुलिस से रिपोर्ट तलब

हरियाणा में हिसार की एक विशेष अदालत ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की दलित समाज के लिए की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में हांसी पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

हिसार (वार्ता)। अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत के न्यायाधीश बीपी सिरोही ने शिकायतकर्ता और अधिवक्ता रजत कलसन की याचिका पर आज हांसी के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो जून की शिकायत पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

अधिवक्ता कलसन ने अदालत के समक्ष याचिका दायर कर कहा कि एक जून को युवराज सिंह ने इंस्टाग्राम पर क्रिकेटर रोहित शर्मा से बातचीत के दौरान दलितों के बारे में एक अपमानजनक टिप्पणी कर दी थी। इस बारे में उन्होंने हांसी के पुलिस अधीक्षक को दो जून को एक शिकायत दी थी, जिस पर पुलिस ने अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। कलसन ने अपनी याचिका में कहा है कि हाल में ही एससी-एसटी एक्ट में किए गए संशोधन और सुप्रीम कोर्ट के संशोधन पर दिए गए फैसले के अनुसार अनुसूचित जाति अत्याचार से संबंधित किसी भी शिकायत पर पुलिस को जांच करने से पहले मुकदमा दर्ज करना होगा। हांसी पुलिस ने एससी एसटी एक्ट की धारा 18ए व रूल 5 का उल्लंघन किया है तथा बिना एफआईआर दर्ज किए दरखास्त पर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी। उन्होंने याचिका में यह भी कहा है कि शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के लिए वह दर्जनों बार हांसी के पुलिस अधीक्षक, शिकायत के जांच अधिकारी उपाधीक्षक तथा हांसी सिटी थाना प्रभारी से मिल चुके हैं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

युवराज ने इस महीने पांच जून को ट्विटर पर बयान जारी कर कहा था, अगर मैंने जाने-अनजाने में किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है तो मैं इसके लिए माफी चाहता हूं। मैं भारत और भारतीयों से बहुत प्यार करता हूं। मैं इस बात को स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं किसी भी तरह की असमानता में भरोसा नहीं करता हूं, चाहे जाति हो, रंगभेद हो या लिंगभेद हो।

हिक को उनकी छुट्टी हो जाने के बारे में बताना बुरा लग रहा था: लेंगर

मेलबोर्न (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' संकट के मद्देनजर और अपने खर्चों में कटौती करने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने बल्लेबाजी कोच ग्रीम हिक को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्रमुख कोच जस्टिन लेंगर ने इस बाबत जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना की वजह से हुए आर्थिक नुकसान से निपटने के लिये नौकरी से निकाले गये 40 लोगों में बल्लेबाजी कोच ग्रीम हिक का भी नाम शामिल था। लेंगर ने कहा कि हिक को उनकी छुट्टी हो जाने के बारे में सूचित करना 'बिना हेलमेट के कर्टली एंब्रोस और कर्टनी वॉल्श' जैसे तूफानी गेंदबाजों का सामना करने जैसा था। लेंगर ने कहा कि ग्रीम हिक एक शानदार व्यक्ति हैं। उनका काम करने का ढंग और खेल के प्रति उनका ज्ञान 'अविश्वसनीय' है, इसलिए यह फैसला करना बेहद कठिन था। लेकिन लेंगर ने यह भी स्वीकार किया कि नए माहौल में मुख्य कोच के रूप में उनके लिए आगे का रास्ता हालात से अभ्यस्त होना और रचनात्मक होने का होगा।

लेंगर ने कहा कि वास्तव में पिछले कुछ दिन बेहद कठिन रहे हैं। आपको ग्रीम हिक से अधिक ईमानदारी व्यक्ति नहीं मिलेगा।

भारत अंडर-16 के ग्रुप में द. कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत को बहरीन में होने वाली एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) अंडर-16 चैम्पियनशिप 2020 के लिए दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान के साथ ग्रुप सी में जगह दी गयी है।

चैंपियनशिप का ड्रा गुरूवार को एएफसी हाउस कुआलालम्पुर में निकाला गया। प्रतियोगिता के चार सेमीफाइनलिस्ट को पेरू में 2021 में होने वाले फीफा अंडर-17 विश्व कप में सीधे जगह मिलेगी। भारत ने ताशकंद में बतौर ग्रुप बी चैंपियन के तौर पर अंडर -16 फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया था। इस ग्रुप में उज्बेकिस्तान (मेजबान), बहरीन और तुर्कमेनिस्तान शामिल थे। भारत ने तीन मैचों में 11 गोल किए थे और एक गोल खाते हुए कुल सात अंक अर्जित किये थे। एएफसी अंडर -16 फाइनल्स में भारत ने लगातार तीसरी बार क्वालीफाई किया है और कुल मिलाकर यह नौवीं बार है। भारत के प्रमुख कोच बिबियानो फर्नांडीस ने कहा कि खिलाड़ियों को अब प्रतियोगिता का इंतजार है।

केरल रणजी टीम में वापसी करेंगे शांतकुमारन श्रीसंत

तिरुवनंतपुरम (वार्ता)। आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग में प्रतिबंध झेलने वाले तेज गेंदबाज शांतकुमारन श्रीसंत को केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने आगामी सत्र के लिए अपनी रणजी टीम में शामिल करने का फैसला किया है बशर्ते वह अपनी फिटनेस साबित कर दें। आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग में नाम सामने आने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध लगाया था। हालांकि उनका प्रतिबंध बाद में घटकर सात वर्ष का रह गया था जो इस साल सितम्बर में समाप्त होगा। श्रीसंत पर आधिकारिक रूप से प्रतिबंध समाप्त हो जाने पर उन्हें संभावित शिविर में बुलाया जा सकता है, जहां उन्हें मुख्य रूप से एक फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। कोविड-19 के मद्देनजर घरेलू क्रिकेट के शुरू होने को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है।

बीजिंग में खेल प्रतियोगिताएं स्थगित, जिम बंद

बीजिंग (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर बीजिंग म्यूनिसिपल ब्यूरो ऑफ स्पोर्ट्स ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से खेल आयोजनों को स्थगित करने के अलावा कुछ खास जिमों को बंद करने का नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस के अनुसार सभी प्रकार के खेल आयोजनों को स्थगित कर दिया जाएगा। इसमें अंडरग्राउंड स्विमिंग पूल और जिम को बंद करना होगा।

मोईन अली और बेयरस्टो इंग्लैंड के 30 सदस्यीय ट्रेनिंग दल में शामिल

इंग्लैंड ने अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफहोने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले 30 सदस्यीय प्रशिक्षण शिविर का एलान किया है जिसमें टीम से लंबे समय से बाहर चल रहे मोईन अली का नाम शामिल है।

लंदन (वार्ता)। इस ग्रुप में टेस्ट खेलने वाले नियमित खिलाड़ियों के साथ-साथ कई युवा खिलाड़ी शामिल हैं जो सर्दियों में ऑस्ट्रेलिया में हुए लायंस टूर का हिस्सा थे। वे 8 जुलाई को साउथम्प्टन में पहले टेस्ट से दो सप्ताह पूर्व 23 जून को एजिस बाउल में पहुंचेंगे। एक जुलाई से इन खिलाड़ियों में से दो टीम बनाकर तीन दिवसीय अभ्यास मैच का आयोजन होगा जिसके बाद पहले टेस्ट के लिए टीम का एलान होगा।

मोईन ने इंग्लैंड के लिए आखिरी टेस्ट मैच पिछली गर्मियों में एजबस्टन में एशेज श्रृंखला के दौरान खेला था। उस सीरीज से पहले तक टेस्ट क्रिकेट में 12 महीनों तक अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें उस टेस्ट मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाहर कर दिया गया था। इसमें उन्होंने दोनों पारियों में क्रमशः 0 और चार रन बनाये थे और 172 रन देकर तीन विकेट लिये थे। उसके बाद से उन्होंने अबतक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।

मुख्य चयनकर्ता एड स्मिथ और कप्तान जो रूट की पहल के बावजूद मोईन ने टेस्ट क्रिकेट से ब्रेक की आवश्यकता का हवाला देते हुए न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका में खेलना उचित नहीं समझा। मोईन ने हालांकि अप्रैल में अपनी वापसी की पुष्टि की और अगली शीतकालीन एशेज श्रृंखला का हिस्सा बनने की उम्मीद जताई। इंग्लैंड टीम निश्चित रूप से उन्हें टेस्ट मैच में वापस लाने के लिए उत्सुक है। तीस सदस्यीय टीम में ऐसा कोई उल्लेखनीय नाम नहीं है जिसे ड्रॉप किया गया है। जॉनी बेयरस्टो को भी शामिल किया गया है जिन्होंने मंगलवार को कहा था कि वह टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर से विकेटकिपिंग के लिये तैयार हैं। इसके अलावा जोस बटलर और सरे के विकेटकीपर बेन फॉक्स भी ट्रेनिंग टीम का हिस्सा बने हैं। पिछले साल आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण करने वाले ऑली स्टोन को भी टीम में जगह मिली है। श्रीलंका दौरे का हिस्सा रहे कीटन जेनिंग्स और साकिब महमूद भी इसमें शामिल हैं।

जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफदूसरे टेस्ट से पहले टखने में चोटिल होने के कारण बाहर हुए रोरी बर्न्स को भी जैक क्रॉली, डॉम सिब्ले और जो डेनली के साथ शामिल किया गया है। अनकैप्ड खिलाड़ियों में एसेक्स के डैन लॉरेंस, ससेक्स के ओली रॉबिन्सन और ग्लोसेस्टरशायर के जेम्स ब्रेसिस शामिल हैं। लंकाशायर के युवा लेग-स्पिनर मैट पार्किनसन ने भी अपनी जगह बनाई है जो न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट टीम का हिस्सा थे। इसके अलावा सरे के ऑफ स्पिनर अमर विर्दी, जैमी ओवरटन, उनके भाई क्रेग और ऑलराउंडर लुईस ग्रेगरी को भी शामिल किया गया है।

केरल के नेहरू स्टेडियम से सचिन की यादगार वस्तुएं गायब

कोच्चि (वार्ता)। केरल के कोच्चि में स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम का सचिन पवेलियन काफी खराब हालत में है और यहां से किकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर की यादगार वस्तुएं गायब हो चुकी हैं। सचिन पवेलियन का उद्घाटन 20 नवम्बर 2013 को तत्कालीन भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने किया था। सचिन ने इस पवेलियन को एक जर्सी, अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तथा अपनी इस्तेमाल की हुई गेंद उपहार में दी थी। सचिन पर यह पवेलियन केरल क्रिकेट संघ और ग्रेटर कोच्चि विकास प्राधिकरण की संयुक्त पहल थी। यह स्टेडियम ग्रेटर कोच्चि विकास प्राधिकरण की सम्पत्ति है। यह पवेलियन एक हजार वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसमें सचिन की ढेरों तस्वीरें हैं जिसमें मास्टर ब्लास्टर की सर डॉन ब्रैडमैन और वेस्ट इंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा की तस्वीरें शामिल हैं। सचिन की बचपन की तस्वीरें भी इस पवेलियन में लगी हुई हैं। यह स्टेडियम इंडियन सुपर लीग की टीम केरल ब्लास्टर्स एफसी का घरेलू मैदान है।

न्यूज गैलरी

किलेपार के बच्चों को मिला चावल, आचार और नमक

गुण्डरदेही । शासन के निर्देशन मे स्कूली बच्चो को मध्यान्ह भोजन के अन्तर्गत 45 दिनो का सुखा राशन एक मुश्त घर घर पहुंचाया जा रहा है गुरुवार को प्राथमिक शाला किलेपार के सभी स्कूली बच्चो को शिक्षक द्वारा ग्रीष्म अवकाश का सुखा राशन पैकेट बनाकर वितरण किया शासन का उद्देश्य है कि कोई भी स्कुल का बच्चा भुखा न रहे । जिसमें चावल 4.5 किलो दाल 900 ग्राम अचार 300 ग्राम तेल 225 ग्राम सोयाबड़ी 450 ग्राम नमक 250 ग्राम बांटा गया इस दौरान सोशल डिस्टेंट व मास्क का विशेष ध्यान दिया गया ।

भूमिपूजन मे रजोली व बरबसपुर पहुंचे सांसद मंडावी विभिन्न विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

गुण्डरदेही । ग्राम पंचायत रजोली मे 18 लाख रूपये की लागत से बनने वाले धान खरीदी केंद्र मे चबुतरा निर्माण व आंगनबाड़ी केंद्र का भूमिपूजन मंगलवार को सांसद मोहन मंडावी के मुख्य अतिथि व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर की अध्यक्षता मे संम्पन्न हुआ । इस अवसर पर सांसद मंडावी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानो की समस्या को देखते हुए यह योजना बनाई है ताकि प्रत्येक धान खरीदी केंद्र में चबूतरा निर्माण कराकर किसानो की धान को बारिश से बचाया जा सके । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना को विस्तार पुर्वक बताया उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दुसरे कार्यकाल के पहला वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुवल रैली कर रही है । सांसद मंडावी ग्राम बरबसपुर भी पहुंचे जंहा उन्होंने धान खरीदी केंद्र में बनने वाले चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन किया । इस अवसर पर जनपद सदस्य दीपक साहू , सांसद प्रतिनिधि थान सिंह मंडावी , सरपंच कामनी मंडावी , सरपंच बोरगहन सरपंच संत चंद्रकार , परसोदा सरपंच कचरू साहू सेवक महिपाल, यशवंत बारले, नरोत्तम नेताम एवं जनपद सीईओ शैलेश भगत व पंचगण बडी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

गुण्डरदेही पुलिस ने दो जुआरियों पर की कार्रवाई

गुण्डरदेही । थाना गुण्डरदेही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसोदा (डंगनिया) में टीआई रोहित मालेकर के नेतृत्व मे सट्टा खाईवाल के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो सट्टा खाईवाल को रंगे हाथ पकड़ा गया जिनमे चमन सतनामी पिता माखनलाल उम्र 33 वर्ष से 4580 रूपये व दूसरा सुकालु राम पिता हजारीदास उम्र 63 वर्ष से 1790 रूपये व सट्टा पट्टी व एक पेन जप्त कर कार्रवाई की गई।

टिड्डी दल नियंत्रण का कलेक्टर ने किया दौरा

बेमेतरा/साजा। कलेक्टर बेमेतरा शिव अनंत तायल ने आज पडोसी कबीरघाम जिले के सहसपुर लोहारा वि.ख. के ग्राम खैरा का दौरा कर टिड्डी दल नियंत्रण के उपाय के सम्बन्ध मे विचार विमर्श कर अधिकारीयों को आवश्यकता निर्देश दिए कि कबीरधाम जिले के डोंगरिया में भी टिड्डी दल पाया गया । नियत्रण हेतू कबीरधाम, बेमेतरा तथा राजनांदगांव की सयुक्त टीम द्वारा नियत्रण की कार्यवाही की गयी। इस हेतू 6 फायर ब्रीग्रेड मशीन, 5 टेक्टर मांउटेन्ड पावर स्प्रेयर मशीन तथा 1 पावर स्प्रेयर तथा 180 लीटर कीटनाशक दवा का उपयोग किया गया। यह दल पांच वर्ग कि.मी. क्षेत्र मे फेला हुआ था। नियंत्रण की कार्यवाही प्रातः 8 बजे से 1.30बजे तक सम्पन्न हुयी, तथा 15 से 20 प्रतिशत कीट नियंत्रण किया गया। शाम चार बजे यह दल कोयलारझोरी एवं धानीखुटा के बीच देखा गया जो खारा से 7 से 8 कि.मी. दूर है।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने दिलाई करोड़ों के विकास कार्यो की सौगातें

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की सक्रियता केवल कोरोना वायरस संक्रमण रोकने तक ही सीमित नही है, बल्कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य के साथ ही उनके सुविधाओ के लिए भी उतने ही सजग है। उनके द्वारा वर्षो से मांग

किये जा रहे पहुच मार्ग निर्माण कार्य की मांग को पूरी ताकत से लोकनिर्माण विभाग मंत्री तथा क्षेत्र के पूर्व विधायक रहे मंत्री ताम्रध्वज साहू के समक्ष रखा गया तथा इन सड़कों की उपयोगिता एवं ना होने से जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया तथा बताया गया कि भाजपा शासन में जनता की इन मूलभूत मांगो को किस तरह नजर अंदाज किया गया। जिस पर विभागीय मंत्री ताम्रध्वज साहू के द्वारा बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की बातों पर सहमति व्यक्त करते हुये बेरला-कण्डरका मुखूय मार्ग से मिडिल स्कूल सांकरा पहुच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19.37 लाख, बेरला-कण्डरका मार्ग (मुखूय जिला मार्ग) से सामुदायिक भवन सांकरा पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19.90 लाख, पिपरोलडीह-बारगाँव मार्ग (महावीर चौक) से होतो हुए बारगांव तेलगा पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19.99 लाख, कुसमी-सुरहोली मुखूय मार्ग से कुसमी बस्ती मार्ग में पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19.90 लाख, बालसमुंद मुख्य मार्ग (भोईनाभाठा चौक) से भोईनाभाठा पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19.99 लाख शामिल है।

निधन

हरीश भाई मिठानी

गरियाबंद। नगर के वार्ड क्रमांक दो निवासी शिवसेना के वरिष्ठ नेता हरीश भाई मिठानी 58 वर्ष का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे नगर के प्रसिध्द हनुमान मंदिर के मठ प्रभारी राहुल मिठानी के पिता जी थे। उनके निधन पर गुजराती समाज, शिवसेना, नगर के वरिष्ठ नागरिको एवं परिजनो ने गहरा दुख वक्त किया है। मंगलवार शाम ही स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

गौठानों में विविध गतिविधियों का आयोजन आज

- ग्रामीण विकास,कृषि और उनके अनुषांगिक विभागों के स्टाल लगाए जाएंगे,
- योजनाओं की दी जाएगी जानकारी,

जांजगीर-चांपा। जिले के गांवों के गौठानों में 19 जून को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा, पशुपालन, मछलीपालन आदि विभागों के द्वारा गौठान में शिविर एवं समूह की महिलाओं द्वारा सामग्री का प्रदर्शन किया जाएगा। गांवों में रोका छेका की परंपरा को पुनः स्थापित करने पंच, सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्राम के नागरिक और चरवाहों की बैठक आयोजित की जाएगी। किसान क्रेडिट बनाने की कार्रवाई भी की जाएगी।जिले में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी के तहत बनाए जा रहे गौठानों का सुचारू संचालन किया जा रहा है। 19 जून को कलेक्टर श्री यशवंत कुमार के मार्ग निर्देशन में जिले के गौठानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं फील्ड के अमले को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

पशुओं के लिए गौठान में शिविर

जिला पंचायत सीईओ श्री तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि 19 जून को गौठानों में महिला समूहों द्वारा तैयार की जा रही कम्पोस्ट खाद का वितरण किसानों को किया जाएगा। इसके अलावा समूह के माध्यम से बनाई जा रही सामग्री का प्रदर्शन भी होगा। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मवेशियों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। पशुओं के लिए गोठानों में प्रर्याप्त चारे का संग्रहण करने अभियान चलाया जाएगा।

किसान क्रेडिट कार्ड शिविर

गौठान ग्राम में 19 जून को पशुपालन, मछलीपालन के लिए किसानों की सुविधा के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया जाएगा। पशु पालकों, किसानों को कृषि, पशुपालन, मछलीपालन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लाभान्वित किया जाएगा।

रोका छेका की परंपरा बरकरार रखने बैठक का आयोजन-

जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने बताया कि 19 जून को गोठानों में जनप्रतिनिधियों सहित सरपंच, पंच, पशुपालक ग्रामीण बैठक आयोजित की जाएगी।। बैठक में परंपरागत रोका-छेका की ब्यवस्था को बनाए रखने और अपने मवेशियों को गौठान में ही छोड़ने की अपील की जाएगी। इससे किसानों की फसलों को मवेशियों से चरने से बचाया जा सकेगा।

कोरोना के कहर के बीच करा दिया सायकल वितरण

- प्रत्येक छात्रा से 100-100 रुपये की गई अवैध उगाहि
- पालकों में मचा हड़कप

गंडई पंडरिया। वनांचल क्षेत्र ग्राम पैलीमेटा के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल लगभग 25 छात्राओ से सायकल वितरण के नाम में 100-100 रुपये की अवैध उगाही संस्था प्रमुख द्वारा लिये जाने की जानकारी प्रकाश में आया है। ज्ञात हो कि बुधवार 17 जून को छुईखदान बी ई ओ कार्यालय से लगभग 25 नग सायकल वाहन से पैलीमेटा स्कूल ले गए थे। जिस्का वितरण उसी दिन दो घंटे के अंदर बिना सेनेटाइज किये लगभग 21 बच्चों को वितरण करा दिया गया है। वही स्कूल प्रांगण में ही कवारेन्टीन सेंटर था। इस निःशुल्क सायकल वितरण योजना में अब पैसा देने के बाद वितरण पाने की योजना बन गया है।

वही इस संबंध में संस्था प्रमुख प्राचार्य ताम्रध्वज गेन्ड्रे ने बताया कि कल 21 छात्राओ को सायकल वितरण किया गया हैं।बाकी बचे को आज वितरण किया जाएगा छात्राओ से किसी भी प्रकार का शुल्क नही लिया गया है।

वही पैलीमेटा निवासी जिला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाल ने बताया कि पालको द्वारा शिकायत मिली है कि सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क साइकल वितरण किया जाना था परंतु प्रत्येक छात्राओं से 100 रुपये लिया जा रहा है जिसकी जानकारी बी ई ओ कोसरे छुईखदान को सेलफोन से दिया गया है व दोषियों पर उचित कार्यवही करने मांग किया गया है कार्यवाही नही होने पर लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग करूँगी।

जिले के सभी ग्रामों में होगी रोका-छेका की व्यवस्था लागू

गरियाबंद। खरीफफसल बुआई कार्य के पूर्व खुले में चराई कर रहें पशुओं के नियंत्रण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में ''रोका-छेका'' प्रथा प्रचलित है। जिसमें फसल बुआई को बढ़ावा देने तथा पशुओं के चरने से फसल को होने वाले हानि से बचाने के लिए पशुपालक तथा ग्रामवासियों द्वारा पशु को बांधकर रखने अथवा पहटिया की व्यवस्था इत्यादि कार्य किया जाता है। उक्त प्रयास से न सिर्फकृषक शीघ्र बुआई कार्य संपादित कर पाएंगे अपितु द्वितीय फसल लेने हेतु भी प्रेरित होंगे। गरियाबंद जिले के सभी जनपद पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामों में 19 जून तक रोका-छेका प्रथा अनुसार व्यवस्था सुनिश्चत करने ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें ग्राम के सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन पशुधन व्यवस्था के संबंध में निर्णय लेंगे। जिला पंचायत के सी.ई.ओ. विनय कुमार लंगेह द्वारा सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस आशय के जारी परिपत्र में कहा गया है कि 19 जून तक ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित होगी, जिसमें ''रोका-छेका'' प्रथा अनुरूप पशुओं को बांधकर रखने, पशुओं के नियंत्रण से फसल बचाव का निर्णय ग्राम सरपंच, पंच जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों द्वारा लिये जायेंगे। इस दौरान ''रोका-छेका'' प्रथा अंतर्गत गौठानों में पशुओं के प्रबंधन व रखरखाव की उचित व्यवस्था हेतु गौठान प्रबंधन समिति की बैठक भी आयोजित की जायेगी। बैठक में पहटिया/चरवाहें की व्यवस्था से पशुओं का गौठानों में व्यवस्थापन, खुले में विचरण कर रहें पशुओं का नियंत्रण व गौठानों का संधारण, गौठानों में पशु चिकित्सा तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, वर्षा के मौसम में गौठानों में पशुओं के सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध, वर्षा जल भराव की समस्या दूर करने के लिये गौठानों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा गौठान परिसर में पशुओं के बैठने हेतु कीचड़ आदि से मुक्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित किया जायेगा। गौठान में पर्याप्त चारा (पैरा आदि) की व्यवस्था, गौठानों में ग्रामीणजनों की समुचित भागीदारी रखरखाव हेतु जागरूकता, गौठानों से संबद्ध स्वसहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री का प्रदर्शन तथा स्थानीय स्तर पर पशुओं के रोका-छेका हेतु अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित किया जायेगा।

भाजपा ने मंडल छुरा कार्यकारिणी की घोषणा

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अनुमति एवं जिलाध्यक्ष राजेश साहू के सहमति से छुरा मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष कैलाश साहू, चिंताराम सिन्हा, श्रीमती नीरा बाई ध्रुव, श्रीमती कौशिल्या ठाकुर, महामंत्री रामलाल कुलदीप, शिवशंकर जायसवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश (रिंकू) सचदेव, मंत्री पीलाराम दीवान, टंकेश्वर सोरी, पीलेश्वर पटेल, श्रीमती शान्ति नागेश, श्रीमती अश्वनी दीवान होंगे। कार्यकारिणी सदस्य बहुर सिंग दीवान, राकेश शर्मा, चन्द्रभान साहू, थानेश्वर कंवर, बृजलाल ध्रुव, बालक राम मरकाम, कनस निषाद, इमरान अली, सुरेश निर्मलकर, वेदराम नंदे, युधिष्ठिर कुम्भकार, कृष्णा गुप्ता, जयदीप साहू, राधेश्याम कंवर, रामरतन साहू, थानसिंह निषाद, चमनलाल साहू, अजय दीक्षित, भगवानी राम नागेश, यशवंत यादव, भोलेशंकर जायसवाल, धर्मेंद्र चन्द्राकर, मनोज दुबे, श्रीमती पुष्पलता सिन्हा, भगवती दीवान, हेमलता ध्रुव, भारती सोनी, चित्ररेखा ध्रुव, देवमती साहू. राजकुमारी ध्रुव, मीना चन्द्राकर, रजनी लहरें, जागृति ठाकुर, धनेश्वरी ध्रुव होंगे। स्थाई आमांत्रित सदस्य बिन्द्रानवागढ विधायक डमरूधर पुजारी, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, श्याम लाल सोरी, जग्गूमल सचदेव, नप अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर, जप अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी माँझी, जिप सदस्य श्रीमती केशरी ध्रुव, श्रीमती देवसीर सिन्हा, श्रीमती बसंती कवर, चिरंजीव देवागंन, जनार्दन चन्द्राकर, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, तिहार सिंग ठाकुर आदि होंगे।

पालिका के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने लगाई मुहर

- ऐतिहासिक भीमा तालाब में अब से नहीं होगा मछली पालन

जांजगीर-चाम्पा । प्रदेश की भूपेश बघेल नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की मंशानुसार नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी को बचाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल द्वारा 28.02.2020 को लाये गये प्रस्ताव पर आज जिला कलेक्टर यशवंत कुमार ने मुहर लगाते हुए नगर के ऐतिहासिक भीमा तालाब में पूर्व से किये जा रहे मछली पालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए पूर्व में दी गयी 10 वर्षीय पट्टे को निरस्त करने का आदेश जारी किया है । नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल के हवाले से पार्षद विवेक सिंह सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर के आदेश पर अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल एवं परिषद ने आभार ज्ञापित किया है, इस संबंध में फरवरी में परिषद की बैठक में नगर के ऐतिहासिक भीमा तालाब को जन निस्तार कार्य हेतु मत्स्य पालन से मुक्त करने प्रस्ताव पारित किया गया था । ज्ञातव्य हो कि भीमा तालाब खसरा नंबर 2818 रकबा 7.729 हेक्टेयर का 6.5 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य पालिका प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है ।

केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर गरियाबंद जिला भाजपा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभा संपन्न

गरियाबंद। मंगलवार को जिला जनसंवाद कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभा संपन्न हुई। इसमें मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय थे। प्रदेश कार्यालय से वीसी के माध्यम से उन्होने सभा को संबोधित किया। जिला मुख्यालय गरियाबंद से इसमें महामुसंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व जिप अध्यक्ष डॉ श्वेता शर्मा, जिला अध्यक्ष राजेश साहू सहित जिले प्रमुख पदाधिकारी तथा प्रदेश कार्यालय में पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू व संदीश शर्मा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुदरानी, भूपेन्द्र सवन्नी वीसी से जुड़े थे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवाभावी नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के गरीबों के विकास और कल्याण के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। इस एक साल में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों ने केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का परिचय दिया है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिए गए दूरदर्शी रणनीतिक फैसलों और सही समय पर उठाए जनता कर्फ्यू व लॉकडाउन जैसे साहसिक फैसलों से देश सुरक्षित है।

ग्राम संडी मे दूध डेयरी के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर वर्मा

गंडई पंडरिया। छुईखदान जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत क्षेत्र सदस्य के प्रतिनिधि खम्हन प्रियंका ताम्रकार ने किसानो की समस्या को जिला प्रशासन के समक्ष रखा है। .सर्वप्रथम किसान समृद्धि योजना के माध्यम से स्वीकृत लाइन विस्तार एवं ट्रांसफार्मर कनेक्शन जिसकी डिमांड किसान पिछले वित्तीय वर्ष मे मार्च 2019 मे पटा चुके है उसका कनेक्शन नही किया जा रहा है। तत्काल यह कार्य प्राथमिकता से हमारे विकासखंड मे प्रारंभ कराने की बात रखा। छुईखदान वि. खं. मे प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ बहुत कम गांवो को मिला है, पुनः सर्वे कराकर योजना का लाभ मिलना चाहिए।रबि फसल चना गेंहु जो कि अतिवृष्टि के कारण पूरा बर्बाद हो गया है। उसका आर बी सी 6/4 तहत एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा के माध्यम से अभी तक लाभ नही मिला है इस विषय पर दमदारी के साथ बातो को रखा।.ग्राम दुल्लापुर मे आंगनबाडी केन्द्र नही है परंतु बिल्डिंग बन गया है, वहाँ 100 से अधिक बच्चे है। इस पर भी कलेक्टर महोदय से तत्काल स्वीकृति हेतु निवेदन किया है। .ग्राम संडी में डी.एम.एफ मद से अतिआश्यक पुलिया 8 लाख रू की स्वीकृति हेतु निवेदन किया है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष के साथ युवा मोर्चा महामंत्री प्रकाश जंघेल, भाजपा नेता ओमप्रकाश वर्मा, सरपंच संडी, कैलाश जंघेल, प्रकाश वर्मा महिला समुह के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस नेता ने वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की

नवप्रदेश संवाददाता

